सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 26
न्यूनतम : 10

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-185 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025

04 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

सरकार ने तीन एयरलाइंस को दी मंजूरी

■ शंख एयर, अल-हिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस के आने से बढ़ेगी प्रतियोगिता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने तीन नई एयरलाइंस को मंजूरी दे दी है। शंख एयर, अल-हिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस नाम से उड्डयन सेवाओं में एंट्री की मांग करने वाली इन कंपनियों के आने से जल्द भी भारत के नागर विमानन क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ सकती है। दरअसल, मौजूदा समय की बात करें तो भारत में मुख्यतः दो ही एयरलाइंस मुकाबले में हैं। इनमें से एक है इंडिगो, जिसके पास पहले ही भारत के 50 फीसदी उड़ान संचालन पर नियंत्रण है। वहीं, दूसरा नाम है एयर इंडिया का, जो कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ घरेलू बाजार में भी तेजी से जगह बना रही है।

इन दो बड़ी कंपनियों के अलावा स्पाइसजेट, अकासा, अलायंस एयर भारत के घरेलू बाजार में थोड़ी जगह रखते हैं। हालांकि, कुछ अभियानगत दिक्कतों के चलते मौजूदा समय में भारत की विमानन सेवाएं इंडिगो और एयर इंडिया पर ही निर्भर हैं। इसका एक असर हाल ही में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद देखा गया था, जब हजारों की संख्या में यात्री जहां-तहां फंस गए थे। ऐसे में सरकार अब घरेलू हवाई क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ाने की तैयारी कर चुकी है। इसी के चलते तीन एयरलाइन कंपनियों को मंजूरी भी दी गई है। अब नागर विमानन महानिदेशालय की तरफ से जरूरी निरीक्षण और मानकों की जांच किए जाने के बाद इन एयरलाइंस को जल्द ही भारत के आकाश में देखा जा सकता है।

जिन तीन कंपनियों को भारत के घरेलू बाजार में जल्द देखा जा सकता है, उनमें पहला नाम शंख एयर का है। शंख एयर को सितंबर 2024 में ही नागर विमानन मंत्रालय से संचालन की मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद डीजीसीए ने एयरलाइन को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) भी दे दिया था। बताया जा रहा है कि शंख एयर 2026 की पहली तिमाही में भारत के घरेलू बाजार में एंट्री कर सकता है।

शंख एयर की वेबसाइट के मुताबिक, इसकी स्थापना 2023 में श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने की थी। इस कंपनी का ध्येय वाक्य- वसुधैव कुटुम्बकम है। शंख एयर को मुख्यतः प्रदेश आधारित एयरलाइन के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। इसका केंद्र उप्र का लखनऊ और नोएडा होगा। इसके अलावा एयरलाइन लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर के लिए सस्ती दरों पर उड़ानें मुहैया कराने की योजना बना रही है। कंपनी ने अपनी विमानन सेवा के लिए बोइंग के अगली पीढ़ी के विमानों को रखने की बात कही है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा सके। यह एयरलाइन फुल सर्विस कैरियर के तौर काम करेगी। कंपनी अगले दो से तीन साल में 20-25 एयरक्राफ्ट का बेड़ा तैयार करेगी। शंख एयर के मालिक श्रवण कुमार विश्वकर्मा है, जो कि शंख एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं। इस कंपनी की स्थापना 2022 में हुई।

नागर विमानन मंत्रालय राममोहन नायडू ने अल-हिंद एयर को भी संचालन की मंजूरी दे दी है। अल-हिंद का केंद्र केरल होगा और यह कंपनी भी अगले साल की शुरुआत में संचालन शुरू कर सकती है। इस कंपनी का मालिकाना हक कोझिकोड आधारित अल-हिंद ग्रुप के पास है, जिसका सफर 1992 में अल-हिंद टूर एंड ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिए हुआ था। अल-हिंद एयर को पहले जून 2025 तक संचालन शुरू करना था, हालांकि नियामकों की ओर से देरी हुई है।

अल-हिंद ग्रुप के प्रमोटर मोहम्मद हारिस हैं, जो कि अल-हिंद ग्रुप के प्रमोटर हैं। इसकी शुरुआत 1992 में हुई थी और फिलहाल इस समूह का एयर टिकटिंग बिजनेस ही 600 करोड़ रुपये प्रति माह के करीब है। ग्रुप का टर्नओवर करीब 20 हजार करोड़ रुपये का है। अल-हिंद ग्रुप के प्रमोटर मो. हारिस के मुताबिक, एयरलाइन के पास पहले ही टूर एंड ट्रैवल्स कंपनी की वजह से यात्रियों को एक अच्छा आधार है, जिससे इसके सफल होने की संभावना ज्यादा है। हारिस का कहना है कि उनके समूह के टिकटिंग बिजनेस का 60 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों के लिए होता है। उनका समूह होटल और चार्टर बिजनेस से जुड़ा है, जिससे एयरलाइन का संचालन आसान होगा।

केंद्र सरकार की तरफ से जिस तीसरी कंपनी को संचालन की मंजूरी दी है, उसमें फ्लाईएक्सप्रेस शामिल है। इस एयरलाइन के पीछे हैदराबाद आधारित कोरियर एंड कार्गो सर्विस कंपनी फ्लाईएक्सप्रेस है। फ्लाईएक्सप्रेस कोरियर एंड कार्गो कंपनी की जानकारी सार्वजनिक नहीं है, इसके प्रमुख का नाम कोनकाती सुरेश बताया गया है। मौजूदा समय में इसके मालिक, कॉरपोरेट पृष्ठभूमि, विमानों के बेड़े और रूट्स की जानकारी मौजूद नहीं है। एयरलाइन की एक वेबसाइट है, जिस पर जल्द सेवा शुरू होने की बात कही गई है।

ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना नीति का मकसद

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कि एयर ट्रैवल की डिमांड में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए, ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना लगातार हमारी पॉलिसी का मकसद रहा है। उन्होंने यूडीएएन (उड़े देश का आम नागरिक) जैसी पहलों का जिक्र किया, जो रीजनल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर फोकस करती है और छोटी एयरलाइंस को उन रूट्स पर ऑपरेट करने में मदद करती है जहां सर्विस कम है। नए खिलाड़ियों की एंट्री सेक्टर में भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार की बड़ी कोशिश का हिस्सा है। फिलहाल, भारत में सिर्फ नौ शेड्यूल्ड डोमेस्टिक एयरलाइंस ऑपरेशनल हैं।

सरकार और विपक्ष में दिखी तल्खी

■ नेता प्रतिपक्ष को किया गया सदन से बाहर

लखनऊ। विधान परिषद में बुधवार को जबरदस्त गतिरोध पैदा हो गया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने एक पूरक प्रश्न पूछा तो सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें बैठने के लिए कहा। इस पर लाल बिहारी यादव ने पीठ पर लोकतंत्र की हत्या कर देने का आरोप मढ़ दिया। इस पर सभापति ने नेता प्रतिपक्ष को सदन से जाने के लिए कहा। काफी देर चली नोंकझोंक के बाद लाल बिहारी यादव ने पहले सभी सदस्यों के साथ वॉकआउट किया। सदन में दुबारा आने पर नेता प्रतिपक्ष ने सभापति के पुनः निर्देश पर सदन छोड़ा और खेद प्रकट किया। उसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

विधान परिषद में निर्दल समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल और आकाश अग्रवाल कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये यूपी बोर्ड के स्कूलों की मान्यता के नियमों में ढील देने की मांग कर रहे थे। इसी बीच लाल बिहारी यादव भी खड़े होकर सवाल पूछने लगे। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें टोका तो उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से उन्हें पूरक प्रश्न पूछने का अधिकार है।

अवकाश सूचना

सभी सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं एवं वितरक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि क्रिसमस के अवसर पर अवधनामा कार्यालय और प्रेस में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 दिसम्बर 2025 दिन शनिवार को उपलब्ध होगा।

बिना किसी घूस के दी गई नौकरी

■ विधानसभा में सीएम योगी बोले- ये पहले कभी नहीं हुआ

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले पौने 9 वर्षों में प्रदेश में विकास की रफ्तार, पहचान और सम्मान तीनों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आज उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। इसके पीछे मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और योजनाबद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर है। साथ ही दावा किया कि आज यूपी का युवा नौकरी पा रहा है। सदन में बताया गया कि प्रदेश में पौने 9 सालों में लगभग 9 लाख सरकारी नौकरियां बिना किसी घूसखोरी के दी गई हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

सीएम ने हाल ही में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि इतनी पारदर्शी और बड़े पैमाने की भर्ती पहले कभी नहीं हुई थी। साल 2017 से पहले पुलिस प्रशिक्षण की कुल क्षमता केवल 3,000 थी। बड़ी संख्या में भर्ती होने के बावजूद प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था। ट्रेनिंग अवधि को 9 महीने से घटाकर 6 महीने कर दिया गया था, जिससे गुणवत्ता प्रभावित हुई थी। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस बल के लिए अच्छी ट्रेनिंग बेहद जरूरी है, ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, सेवा के दौरान उतना ही खून कम बहेगा। सीएम योगी ने कहा कि हमने साल 2017 के बाद प्रशिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, ताकि पुलिस बल अधिक सक्षम और पेशेवर बन सके। हमने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और पुलिस भर्ती बोर्ड में तकनीकी और प्रशासनिक तंत्र को मजबूत किया गया है।

नकल माफियाओं पर एक्शन की बारी

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी मिलने को लेकर सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा आयोग में हाल ही में एक रिटायर्ड डीजीपी को नियुक्त किया गया है। उन्होंने जैसे माफियाओं की कमर तोड़ी है, वैसे ही नकल माफिया की कमर भी तोड़ी जाएगी। नकल माफिया की आदतें पिछली सरकारों में बिगड़ीं, लेकिन उन्हें सुधारना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। हमारा उद्देश्य प्रदेशवासियों की रक्षा और दुर्जनों को दंड देना है।

यूपी में गांव के लोगों को भी मिलेगा लोन

विधानसभा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी विधेयक, 2025 (घरौनी कानून) पारित हो गया। इस कानून के लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की भूमि पर बने घरों के मालिकों को लाभ मिलेगा। अब गांवों में घर बनाने या अन्य जरूरतों के लिए ग्रामीण अपने घरौनी दस्तावेज के आधार पर बैंकों से लोन ले सकेंगे। आबादी भूमि से जुड़े स्वामित्व रिकॉर्ड में संशोधन, नामांतरण और सुधार की प्रक्रिया भी पहले से अधिक आसान हो जाएगी।



सर्दी से बचाव हेतु शहर में निगम जलवा रहा 250 अलाव

जनप्रतिनिधियों/पार्षदों के माध्यम से बंटवाये जा रहे दो हजार कंबल

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सर्दी से बचाव के लिए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जहां महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब ढाई सौ अलाव जलाये जा रहे हैं वहीं स्थायी व अस्थाई चार रैन बसेरों में भी लोगों के रात्रि विश्राम के लिए व्यापक प्रबंध किये गए हैं। अब तक इन रैन बसेरों में 1280 लोग रात्रि विश्राम कर चुके है। इसके अलावा आर्थिक रुप से कमजोर व असहाय लोगों को दो हजार कंबल वितरण का कार्य भी शुरु कर दिया गया है।

सहायक नगरायुक्त (नगर निगम के अलाव व रैन बसेरा प्रभारी) जे पी यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा महानगर में अलाव हेतु करीब तीन हजार कुंतल सूखी लकड़ी की व्यवस्था की गयी है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाये गए तथा महानगर के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे, रेलवे स्टेशन, घंटाघर, रोडवेज बस अड्डा, गंगोह बस

अड्डा, कलक्ट्रेट तिराहा, हसनपुर चौक, नवाबगंज चौक, जिला चिकित्सालय, बेहट बस स्टैण्ड, मुसाफिरखाना, देहरादून रोड, जेल चुंगी, भारत माता चौक, नुमाईश कैंप सहित महानगर के करीब ढ़ाई सौ स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलाव जलने की लखनऊ स्तर से निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि निराश्रित, गरीब व असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए साढ़े तीन हजार कंबल की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है।

इनमें से प्रथम चरण में दो हजार कंबल का वितरण जनप्रतिनिधियों/पार्षदों के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक नगरायुक्त ने बताया कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये इसके लिए महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर पांच टीमें गठित की गयी हैं और दो ई-रिक्शाओं की व्यवस्था की गयी है ताकि सड़क पर रह रहे निराश्रित लोगों को रिक्शाओं में बैठाकर रैन बसेरों में लाया जा सके। अपर नगरायुक्त प्रथम पी के यादव को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनमंच परिसर के अलावा कमेला कॉलोनी के निकट स्थायी रैन बसेरो तथा रेलवे स्टेशन के निकट व जनमंच के पीछे अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की गयी है।

वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण लाल मिड्डा की धर्मपत्नी सुमन मिड्डा का निधन

शहर में शोक की लहर, प्रबुद्धजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण लाल मिड्डा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता कर्नल संजय मिड्डा की माताजी सुमन मिड्डा का गत् दिवस निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके बसंत विहार स्थित आवास पर पहुंचे।

शोक समाचार मिलते ही सहारनपुर के महापौर डॉ. अजय सिंह, व्यापारी नेता शीतल टंडन, सुदर्शन लाल मिड्डा, रमेश अरोड़ा, मुरली खन्ना, संजय ढींगरा, खैराती लाल अरोड़ा, हेमंत अरोड़ा, ललित पोपली, सत्येंद्र पाल सिंह सहित सैकड़ों व्यापारी, सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग कृष्ण लाल मिड्डा के निवास पर एकत्रित हुए और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए तीन दिवस तक प्रार्थना करने का संकल्प लिया तथा ईश्वर से परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सुमन मिड्डा एक धार्मिक, सरल प्रवृत्ति की महिला थीं, जिनका जीवन परिवार और समाज सेवा को समर्पित रहा। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। सभी ने प्रभु से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व

भारी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) मोहल्ला क़ाज़ी टोला में स्थित गुरुद्वारे से गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का शुभारंभ श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ बुधवार को किया गया।कीर्तन में कलाकारों द्वारा पारंपरिक करतबों प्रदर्शन किया गया।जुलूस की शक्ल में शुरू हुआ नगर कीर्तन शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया।

नगर कीर्तन देखने के लिए सड़कों तथा छतों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जहां-जहां से नगर कीर्तन पदयात्रा गुजरी वहां वहां लोगों द्वारा इस पर पुष्प वर्षा की गई। कीर्तन में कलाकारों द्वारा तलवारबाजी आदि का प्रदर्शन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा भी कार्यक्रम में बड़-चढ़कर हिस्सा लिया गया बच्चों के उत्साह को देखते हुए दर्शकों द्वारा उनकी खुब तारीफें की गई। नगर कीर्तन में बहुत बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।श्रद्धालुओं के खाने पीने की व्यवस्था लंगर के रूप में की गई थी।

महिला को घर में बंधक बनाकर लूट को अंजाम देने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने धर-दबोचा

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) महिला अधिकारी के साथ हुई लूट के मामले का पुलिस द्वारा अनावरण कर दिया गया है।पुलिस ने घटना के तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

विदित हो कि शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित रेगलिया कॉलोनी में बीते शनिवार को उस वक्त हुई थी जब महिला प्रीति मंदिर से लौट कर अपने घर पहुंचीं थीं। तभी कुछ बदमाशों द्वारा महिला को उनके ही घर में ही बंधक बनाकर लगभग 60 लाख रुपए की लूट कर ली गई थी। मंगलवार को पुलिस द्वारा घटना का खुलासा कर दिया गया। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर तीनों बदमाशों को थाना सिविल लाइन,एसओजी तथा स्वाट पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए प्रस्तावित जेलभूमि से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब इन्हें पकड़ने का प्रयास किया तब इन्होंने पुलिस को लक्ष्य बनाकर फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग करते हुए बदमाश जसविंदर उर्फ काके,संतोष यादव तथा दीपक गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस को इनके कब्जे से लूटी गई पिस्टल,मोबाइल फोन,लैपटॉप,नकदी तथा पीली एवं सफेद धातु के आभूषण बरामद हुए हैं।पुलिस इनके फरार साथी डेबिड उर्फ शोएब की तलाश कर रही है।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद को अपनाना जरूरी: आचार्य मनीष

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। हॉस्पिटल एंड इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिकल साइंस के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य आचार्य मनीष ने कहा कि आयुर्वेद से जुड़कर लोग अपनी जीवन शैली को परिवर्तित करके ज्यादा अच्छा स्वास्थ्य जीवन जी सकते हैं और आयुर्वेदिक से जटिल से जटिल रोग को दूर भगा सकते है। इस दौरान उन्होंने व्यापार मंडल के पारिवारिक कार्यक्रमों के टिकट का भी विमोचन किया। आचार्य मनीष आज यहां रेलवे रोड स्थित सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर कार्यालय व्यापार भवन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान आयुर्वेदाचार्य आचार्य मनीष ने व्यापार महोत्सव के अंतर्गत होने जा रहे ज्ञानवर्धक एवं रंगारंग पारिवारिक कार्यक्रम तोल मोल के बोल के टिकटों का विमोचन भी किया। सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा और वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र मोहन सिंह चावला ने व्यापारियों से आयुर्वेद और नेचुरोपैथी अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आज विदेशों में भी लोग आयुर्वेद को अपना रहे हैं और योग और आयुर्वेद मानव जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने व्यापार महोत्सव में सभी व्यापारियों से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस अवसर पर महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, यशपाल मैनी, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक छाबडा, राजीव मदान, संजय भसीन, राजपाल सिंह, रामराजीव सिंघल, राजीव मदान, पवन गोयल, दीपक खेडा, कुबेर नरूला, विनीत चौहान, सुदर्शन जुनेजा, मुकेश दत्ता, नीरज जैन, राकेश नारंग, गौतम शंकर सिंघल, हरजिन्दर सिंह, अनिल तुली, संजीव भारती, संजय जुनेजा, रवि पाहूजा आदि मौजूद रहे।

पांच आरोपियों के खिलाफ लगाया गैंगस्टर एक्ट, दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

फोटो 4-

सहारनपुर। थाना गंगोह पुलिस ने गिरोह बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों से लाखो रुपये हडपने जैसा जंघन्य अपराध करने वाले पांच अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की है। जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में आम जनता से धोखाधड़ी कर आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना गंगोह प्रभारी पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना गंगोह पर धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत गैंग लीडर बबलू शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम बीनपुर थाना गंगोह सहित उसके सह कर्मी आरोपी सुखपाल उर्फ अनिल पुत्र बीरबल, विनोद शर्मा पुत्र बीरबल, संदीप पुत्र पवन सिंह निवासीगण ग्राम बीनपुर थाना गंगोह तथा प्रवीण कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम मनोहरा थाना तीतरो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी गंगोह पीयूष दीक्षित ने बताया कि आरोपियों ने संगठित गिरोह बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आम जनता के व्यक्तियों से लाखों रुपये की ठगी कर आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित करने जैसे जघन्य अपराध कारित किए गए हैं। अभियुक्तों की आपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हुआ, जिसके दृष्टिगत उनके विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की गई है। जिनके के विरुद्ध थाना गंगोह पर पूर्व से भी विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं। थाना प्रभारी श्री दीक्षित ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विद्यार्थी तिराहे से आरोपी सुखपाल उर्फ अनिल पुत्र बीरबल व विनोद शर्मा पुत्र बीरबल निवासीगण ग्राम बीनपुर थाना गंगोह को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

फर्जी जमानत कराने वाले छह वांछित आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) थाना देवबन्द पुलिस ने न्यायालय को गुमराह कर फर्जी जमानत कराने वाले छह वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना देवबंद प्रभारी अमरपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 22 दिसम्बर को उपनिरीक्षक रविन्द्र कसाना थाना देवबन्द की तहरीर पर डकैती, लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, अवैध शस्त्र आदि के मामलो में आरोपियों द्वारा संगठित होकर जमानतें मात्र अपने निहित स्वार्थो की पूर्ति के उद्देश्य से कूटचरित दस्तावेजों एवं धोखाधड़ी कर षड़यन्त्र करके अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से तथा जमानतदारों द्वारा न्यायालय को गुमराह कर पूर्व में लगी जमानतों का न्यायालय में कोई उल्लेख न कर फर्जी तरीके से जमानत लेने के सम्बन्ध में थाना देवबन्द पर छह आरोपियों क खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। श्री शर्मा ने बतायाकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में फर्जी जमानत करने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में देवबंद थाना प्रभारी अमरपाल शर्मा, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह, मलखान सिंह, गोविंद शरण व प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फर्जी जमानत कराने वाले आरोपियों गोविन्द पुत्र सूरजभान, सतीश पुत्र सूरजभान, ऋषिपाल पुत्र टोनी निवासीगण ठेकरपुर थाना देवबंद, राकेश पुत्र छतरू निवासी मानकी थाना देवबंद, ओमप्रकाश पुत्र नोती सिंह निवासी तल्हेड़ी खुर्द थाना देवबन्द व अययूब पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला अब्दुलहक थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

व्यक्ति की गोली मारकर की गई थी हत्या, महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना नकुड़, स्वाट एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुये महिला समेत 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए है।

पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि विगत् 8 नवम्बर को वादी सुशील कुमार पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड़ की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफवादी के पिता धर्म सिंह पुत्र जग्गन सिंह की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री जैन ने बताया कि नकुड़

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने स्वाट व सर्विलांस टीम के सहयोग से हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पशु पैठ, बिजली घर के पास कस्बा गंगोह से आरोपी साबिर पुत्र नवाब निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड़ एवं अभियुक्ता वन्दना पत्नी प्रदीप कश्यप निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी साबिर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया।

पूछताछ में आरोपी साबिर ने बताया कि मृतक धर्म सिंह, वन्दना का आचरण ठीक न होने के कारण उसे गांव में रहने से मना करता था तथा उसकी काफी बदनामी कर रहा था। इसलिये उसने वन्दना के कहने पर अपने एक साथी के साथ मिलकर धर्म सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी और अपने साथी सहित फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

स्वैच्छिक आंदोलन से ही उपभोक्ता बनेगा सशक्त: बबीता

सहारनपुर। विश्व उपभोक्ता संगठन भारत द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जनक नगर स्थित एल मोन स्कूल में आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता बबीता झा ने कहा कि उपभोक्ता हितों के बेहतर संरक्षण के लिए प्रत्येक जिले में एक स्वैच्छिक आंदोलन तैयार हो, तभी आज का उपभोक्ता सशक्त बन पाएगा। इसके लिए विश्व उपभोक्ता संगठन भारत ने जो पहल की है वह सराहनीय है। विश्व उपभोक्ता संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर आलम ने कहा कि संपूर्ण भारत में सरकार द्वारा उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए प्रत्येक जनपद में जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम बनाया गया है, परंतु आज भी उपभोक्ता न्याय पाने के लिए इन फोरमों में जाने से कतराता है, जिसके लिए हमारा संगठन प्रयासरत है कि उपभोक्ता को जागरूक किया जाए ताकि उपभोक्ता कहीं भी किसी भी प्रकार की त्रुटि या सेवा में दोष की शिकायत कर सकें। कार्यक्रम में संगठन की राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर शाजिया नाज, प्रधानाचार्य डॉक्टर साधना बाहरी आदि ने भी अपने विचार रखें। गोष्ठी से पूर्व दिल्ली से आई सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता बबीता झा को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में अरशद जमाल, आरिफ खान, आदिल खान, अनुज गोयल, डॉ.यासमीन राव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

युवक से मोबाइल झपटकर फरार हो गये बाईक सवार

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत बाईक सवार पर सवार दो युवकों ने मोबाइल झपटने की घटना को अंजाम दे डाला और विरोध करने पर युवक से हाथापाई कर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार चूनाभट्टी से पूर्व बजाज स्कूल न्यू शारदा नगर के पास रात्रि लगभग 10.30 बजे रोहित सिसोदिया पुत्र स्वर्गीय राम सिंह सिसोदिया निवासी प्रकाश लोक ज़ब अपने काम से लौटकर घर जा रहा था, तभी पीछे से बाईक पर आये दो झपटमारो ने उससे न केवल मोबाईल छीन लिया बल्कि उसकी तलाशी भी लेने की कोशिश की। बताया जाता है कि रोहित ने उसका विरोध किया, तो झपट्टामारो ने उसके साथ हाथापाई भी की। पीडित युवक के शोर मचाने पर झपट्टामार बाईक पर भाग खडे हुए। रोहित ने थाना सादर बाज़ार पुलिस को प्रार्थना पत्र के माध्यम से घटना की जानकारी से अवगत कराते हुए अपने सेमसँग मोबाईल फोन की प्राप्ति के लिये कार्यवाही करने की अपेक्षा की है। उसने अपने मोबाईल का ई एम आई नंबर एवं बिल की कॉपी भी पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ओला इलेक्ट्रिक ने किया हाइपरसर्विस का विस्तार; एक ही दिन में सर्विस की गारंटी के साथ हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए, डेडिकेटेड हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है। इन सेंटर्स के माध्यम से योग्य ग्राहकों को एक ही दिन में, यानि उसी दिन सर्विस की गारंटी दी जाएगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के। इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा, जिसकी शुरुआत बेंगलुरु से हुई है। पहला हाइपरसर्विस सेंटर अब बेंगलुरु के इंदिरानगर में शुरू हो चुका है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ÷चल रहे सर्विस अपग्रेड के तहत हम सर्विस के पूरे अनुभव पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। ओला व्हीकल का मालिकाना अनुभव सिर्फ गाड़ी तक सीमित नहीं है, सर्विस भी उसका अहम् हिस्सा है और इसमें भी उतना ही इनोवेशन होना चाहिए, जितना प्रोडक्ट में होता है। हाइपरसर्विस सेंटर्स के माध्यम से हम एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। यहाँ ग्राहकों को एक ही दिन में सर्विस की गारंटी मिलेगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। इसका उद्देश्य तकनीक, बेहतर प्रक्रियाओं और बड़े स्तर पर काम करके ग्राहकों की परेशानी कम करना और हर ओला ग्राहक को तेज़, आसान और पूरी तरह पारदर्शी सर्विस देना है।÷हाइपरसर्विस सेंटर का उद्देश्य व्हीकल की सर्विस को आसान और तेज़ बनाना है। अब ग्राहक अपने व्हीकल की सर्विस एक ही दिन में करवा सकते हैं, वह भी बिना कोई अतिरिक्त पैसा दिए। पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिससे ग्राहकों को हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी।

हाइपरसर्विस सेंटर्स में ग्राहकों के लिए अलग से कस्टमर लाउंज, मुफ्त वाई-फाई और चेक-इन से लेकर व्हीकल की डिलीवरी तक के सर्विस के हर चरण की रियल-टाइम डिजिटल जानकारी उपलब्ध होगी। इससे सर्विस में तेजी, स्पष्ट समझ और भरोसा बना रहेगा।

फ्यूल संचालक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट न दे पेटौल, सभी फ्यूल पम्पो पर मौजूद हो सीसीटीवी कैमरेः डीएम

अवधनामा संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम मे जानकारी देते हुए बताया कि No Helmet No Fuel विषयक प्रदेशव्यापी विशेष अभियान पूर्व में दिनांक 01.09.2025 से 30.09.2025 तक सफलता पूर्वक संचालित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप हेलमेट उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्तमान में सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए उक्त अभियान पुनः 17 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाना है। इसका उद्देश्य दो पहिया चालकों/पिलियन द्वारा हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करना है। यह पहल मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129 (हेलमेट अनिवार्यता) एवं धारा 194-डी (उल्लंघन पर दण्ड) के अनुरूप है।

विधिसम्मत हैं तथा सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति (SCCORS) की भावना के अनुरूप जनहितकारी कदम है। अतः उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देशित किया हैं कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगे, जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फ्यूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगें कि उनके प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

भाकियू ने समस्या हेतु समाधान के लिए उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

नजीबाबाद। नजीबाबाद क्षेत्र के थाना नांगल के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि प्रतिनिधि मंडल ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को मिलकर समस्या रखी और ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई की किसान और वन विभाग मिलजुल नंबर में है किसानों ने गन्ने की फसल अपनी फरवरी मार्च में बोई थी , वन विभाग का सीमांकन सितंबर अक्टूबर में हुआ, इसलिए गन्ने की फसल किसानों को दी जाए ,गन्ने की फसल पर जो वन विभाग ने ट्रैक्टर चलाए हैं वह किसानों को दी जाए।

फसल के नुकसान का मुआवजा दिलवाया जाए। किसानों को उनके फर्द के हिसाब से राजस्व विभाग कृषि भूमि दिलवाई जाए। वन विभाग के नक्शे में और राजस्व विभाग के नक्शे में 45 डिग्री का अंतर है जो ठीक नहीं है। दोनों नक्शा का मिलान कर सीमांकन किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, पप्पू, अजीत सिंह ज्ञान सिंह ब्लॉक सचिव, रोहित, सत्यपाल सिंह, साजिद, संजीव, विजय सिंह, राजबाला, मुन्नी, वीरु, जावित्री, बंटी, आदि किसान मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की मौजूदगी में गोरखगिरि पर्वत पर गोरखगिरि पेंटिंग फेस्टिवल का किया गया आयोजन

स्कूलों के छात्र छात्राओं के अलावा शहर के अन्य लोगों ने भी पेंटिंग व वाटर कलर प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की मौजूदगी में शहर के गोरखगिरि पर्वत पर बुधवार को गोरखगिरि पेंटिंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जहां स्कूलों के छात्र छात्राओं के अलावा शहर के अन्य लोगों ने भी पेंटिंग व वाटर कलर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने गोरखगिरि की चट्टानों पर ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के अलावा चरखारी की ताल कोटी की भी शानदार पेंटिंग बनाई। प्रतिभागियों की बनाई गई पेंटिंग को जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर जाकर देखा और प्रतिभागियों की कला की सराहना भी की।

जिलाधिकारी के निर्देश पर पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले के 75 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। 65 प्रतिभागियों ने वाटर कलर पोस्टर और 10 प्रतिभागियों ने स्टोन पेंटिंग तैयार की। पेंटिंग तैयार करने के लिए कड़ाके की ठंड के बाद भी सुबह से प्रतिभागी पेंटिंग तैयार करने के लिए कला की सामग्री लेकर गोरखगिरि पहुंच गए, जहां पर शांतिपूर्ण माहौल में उन्होंने एक से एक अच्छी पत्थरों और पेपर पर पेंटिंग बनाई। पेंटिंग तैयार हो जाने के बाद मौके पर पहुंची जिलाधिकारी ने गोरखगिरि का भ्रमण कर पत्थरों पर उकेरी गई पेंटिंग को नजदीक से देखा और खुशी जताई।

फेस्टिवल की व्यवस्थाओं के लिए डीएम के निर्देश पर समिति का गठन किया गया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों को सौंपी थी। इसके अलावा समिति में जिला विद्यालय निरीक्षण, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विज्ञान कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी को शामिल किया गया था, जिन्होंने बुधवार को गोरखगिरि पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के चित्रकला के आर्टिस्ट को बेहतरीन मंच प्रदान करने एवं उनकी कला को निखारने के लिए समय समय पर इस तरह की ऐसी प्रतियोगिताओं की शुरुआत गोरखगिरि पर्वत से की गयी है और ऐसी ही प्रतियोगिताओं का आयोजन जिले में किया जाता रहेगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने पेंटिंग बना रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता दौश्रान मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव, पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त, सीएम फेलो अंशिमा श्रीवास्तव, प्रदुमन नायक आदि लोग उपस्थित रहे।

एसपी ने दिए थाना प्रभारियों को निर्देश, फरियादियों की समस्या गंभीरता से सुने

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी।जनसुनवाई के दौरान पुलिस प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

दिव्यांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस पर्व

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। क्रिसमस के पूर्व संध्या पर गोपपुर स्थित दिव्यांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में क्रिसमस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय एवं उत्सवपूर्ण बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति एवं भाईचारे के संदेश को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत क्रिसमस कैरोल,नृत्य एवं लघु नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मनोरंजन हेतु फूड स्टॉल एवं गेम स्टॉल का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

साथ ही सांता क्लॉज की उपस्थिति बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिन्होंने उपहार वितरित कर खुशियाँ बाँटीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निम्मी चतुर्वेदी ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विश्वकर्मा समाज के बंधुगण आज पूर्व राष्ट्रपति का पुण्यतिथी मनाएंगे

अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी। भारत के सातवें महामहिम राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा वंशी समाज से थे,लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी सत्ता और व्यवस्था ने इस ऐतिहासिक सत्य को जानबूझकर हाशिये पर डाल दिया है। यह केवल उपेक्षा नहीं, बल्कि विश्वकर्मा वंशी समाज के अस्तित्व और योगदान को मिटाने की साजिश है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के महानगर अध्यक्ष,विष्णु शर्मा विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिह की पुण्य तिथी पर विश्वकर्मा समाज के स्वजातीय बंधुगण बृहस्पतिवार को प्रातः 11 बजे चौकाघाट स्थित विश्वकर्मा पंचायती बाग मे श्रधाजंली सभा का आयोजन कर उनके जीवन दर्शन पर संगोष्ठी आयोजित कर चर्चा परिचर्चा किया जायेगा।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर निर्मम अत्याचार के खिलाफ विहिप का विरोध प्रदर्शन, यूनुस खान का पुतला फूंका

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। बांग्लादेश में इस्लामिक आतंकियों,कट्टरपंथियों के द्वारा वहां के अल्पसंख्यक हिन्दू जनमानस पर बर्बर अत्याचार और निर्दोष हिंदुओं की निर्ममता से हत्या किए जाने के खिलाफ भारत सहित पूरे विश्व के हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है। बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ हो रही आतंकी निर्ममता के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आज विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल,दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं नें बांग्लादेश सरकार के ख़िलाफ़ जोरदार विरोध-प्रदर्शन कर वहां के प्रधानमंत्री मो0 यूनुस खान का पुतला दहन किया।

शास्त्रीघाट,वरुणावृज से विहिप काशी विभाग के मंत्री कन्हैया सिंह के नेतृत्व में निकाला गया।इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता बांग्लादेश के खिलाफ उग्र नारे लगाते हुए वहां के पीएम मो0 यूनुस खान का पुतला दहन किया। इस दरमियान मंत्री कन्हैया सिंह ने कहा की बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियाँ निरंतर बढ़ती रही हैं और उनके निशाने पर हिंदुओं के मंदिर,व्यवसायिक प्रतिष्ठान, महिलाएं,शसकीय कर्मचारी, हिन्दू पत्रकारों हैं। उन्होंने बताया कि, लगातार हिंदुओं की निर्मम हत्या हो रही है। पिछले सप्ताह मेमन सिंह जिले के भालुका में एक ऐसी घटना हुई जिसमें पूरी दुनिया की मानवता को लज्जित कर दिया। इस अवसर पर यतींद्रानंद जी महाराज, कन्हैया सिंह,सत्य प्रकाश, विनय, विपुल कुमार पाठक,धीरेंद्र सिंह धीरु, उमेश, निखिल, देवेश, पवन, मनोज सिंह संदीप भारती सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पाठक एडवोकेट, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद,जिला काशी ने किया।

जेल प्रशासन की मिली भगत से बंदियों से गुंडा टैक्स की वसूली

अवधनामा संवाददाता

जेल के मुआयने पर उठे सवाल, जेल मंत्री का नंबर आउट ऑफ सर्विस

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जेलों में बंदियों से गुंडा टैक्स वसूलना आम बात हो गई है। सूत्रों से पता चला है कि अलीगढ़ जेल में आने वाले प्रत्येक कैदी से गुंडा टैक्स की वसूली की जाती है। यह वसूली का खेल कैदी के आने पर दूसरे दिन से ही शुरू हो जाता है।

गुंडा टैक्स इस प्रकार हैं बैरिक चार्ज 600 रुपए, मसकत मुक्त कराने का चार्ज 3400 रुपए यह शुल्क प्रदेश की सभी जेलों में अलग अलग नियत हैं। मथुरा जेल में यह शुल्क क्रम से 500 और 3800 रुपए हैं। इस गुंडा टैक्स की वसूली जेल प्रशासन के इशारे पर होती हैं। इतना ही नहीं जिले के आलाधिकारी पुलिस कप्तान, जिला जज, जिलाधिकारी जेलों का निरीक्षण करते हैं परंतु उनका जवाब होता हैं की सब ठीक है। प्रश्न यह उठता है कि जब जेल में जब सब ठीक है तो गुंडा टैक्स की वसूली क्यों? यही नहीं जेल के अंदर प्रतिबंध वस्तु जैसे गोल्ड मोहर, सिगरेट तथा नशीला पदार्थ भी मुंह मांगी कीमत पर मिलता है। इस संबंध में अलीगढ़ जेल प्रशासन के जेल अधीक्षक से हमारे प्रतिनिधी ने बात करनी चाही तो उनका फोन नहीं उठा। वही हैरानी की बात तो यह है कि प्रदेश के कारागार मंत्री का मोबाइल नंबर 9412372850 पर वार्ता की जानी चाही तो उनका नंबर ही आउट ऑफ सर्विस निकला। जब कारागार मंत्री का ही नंबर आउट ऑफ सर्विस है तो जेल प्रशासन के आलाधिकारियों के द्वारा फोन नहीं उठाना इस बात को जन्म देती हैं की यह गुंडा टैक्स की वसूली उनके है इशारे पर होती है।

पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी की जयंती से पूर्व कार्यक्रम का आयोजन

महान विभूतियों का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

अवधनामा संवाददाता

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी की जयंती से पूर्व एक कार्यक्रम का आयोजन कर महान विभूतियों का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के आचार्यो ने दोनो महापुरूषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की और इसके बाद छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम दौरान वक्ताओं ने मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके सिद्धांतों के तहत जीवन में आगे बढ़ने की बच्चों को प्रेरणा।

संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित मदन मोहन मावनीय कई संस्थाओं के संस्थापक तथा कई पत्रिकाओं के सम्पादक रहे। इस रूप में वे हिन्दू आदर्शों, सनातन धर्म तथा संस्कारों के पालन द्वारा राष्ट्र निर्माण की पहल की थी। कहा कि मालवीय जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी और हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करके उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में देश को बहुत बड़ा अंतार्राष्ट्रीय स्तर का एक संस्थान दिया। मदन मोहन मालवीय एक महान भारतीय शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, जिन्हें 'महामना' की उपाधि से सम्मानित किया गया था। कहा कि दोनो महापुरुषों का एक ही दिन 25 दिवसम्बर को जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि दोनो ही महान विभूतियों ने देश की उन्नति में विशेष योगदान दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है।

कार्यक्रम में आचार्य जयनारायण तिवारी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक भारतीय राजनेता, कवि और पत्रकार थे, जिन्होंने तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और एक दूरदर्शी नेता के रूप में देश को मजबूती प्रदान की।

पं0 मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयंती पर विशेष समागम का आयोजन

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो

पुष्प प्रदर्शनी के अलावा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयंती पर बीएचयू में आज 25 दिसंबर 2025 को ÷महामना परिवार प्रथम राष्ट्रीय समागम÷ आयोजित होगा।

महामना परिवार वर्ल्डवाइड व महामना सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में देशभर से महामना के मानस पुत्र-पुत्रियां शामिल होंगे।इस संदर्भ में अब तक 370 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। कार्यक्रम की खास बात 164 यूनिट रक्तदान का संकल्प है, जिसमें 115 लोगों ने सहमति दी है। दिनभर पुष्पांजलि,संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह होंगे। 26 दिसंबर को अतिथियों के लिए विशेष -काशी दर्शन,घाट वॉक,गंगा आरती और विश्वनाथ दर्शन का आयोजन किया जाएगा। वही इस उपलक्ष में बीएचयू परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें मुख्य रूप से पुष्प प्रदर्शनी जो 25 से 27 दिसंबर तक महामना भवन में आयोजित होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम,प्रतियोगिताएं,और फोटो प्रदर्शनियां शामिल हैं।

दस हजार की रिश्वत लेते राजस्व अमीन गिरफ्तार, पुजारी से मांगे 15 हजार रुपये

महोबा। महोबा में एंटी करप्शन टीम ने एक राजस्व अमीन को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले में बालाजी मंदिर के पुजारी से रिश्वत मांगने के आरोप में की गई। आरोपी अमीन कृष्णकांत साहू को पूछताछ के लिए शहर कोतवाली ले जाया गया।

यह मामला महोबा के पनवाड़ी ब्लॉक अंतर्गत नगारा घाट स्थित बालाजी मंदिर के पुजारी सुरेंद्रदास की शिकायत पर हुई। पुजारी ने बताया कि 2019 में उनकी पत्नी सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। जिसके लिए 7,20,000 का क्लेम स्वीकृत हुआ था। इसी क्लेम राशि को जारी करने के लिए अमीन कृष्णकांत साहू ने उनसे 15 हजार की रिश्वत मांगी थी। सुरेंद्र दास महाराज ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के आधार पर टीम ने योजना बनाई और बुधवार को अमीन को पनवाड़ी कस्बे में 10 हजार की तय रिश्वत लेने के लिए बुलाया। जैसे ही अमीन कृष्णकांत साहू ने 500-500 के 20 नोट अपने हाथ में लिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर रंगोली कार्यक्रम संपन्न हुआ

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

फर्रुखाबाद। बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र वाली रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सांसद मुकेश राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे। पार्टी मुख्यालय पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण एकत्रित हुए। अध्यापक नीलम सोमवंशी ने अटल जी के चित्र वाली रंगोली सजाई एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर रंगोली को सजाने का कार्य किया।

भाजपा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे उन्होंने पूरे राजनीतिक जीवन में मूल्यों और सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। भारतीय राजनीति के सबसे लोकप्रिय नेता थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूरे जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा पार्टी के निर्देश के अनुसार पूर्व संध्या पर दीपोत्सव एवं रंगोली का आयोजन हुआ 25 दिसंबर को जनपद के सभी बूथों पर अटल जी का चित्र लगाकर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन होगा फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं अटल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन सुना जाएगा। स्टेडियम में ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर भूदेव सिंह राजपूत कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री अभिषेक बाथम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रमला राठौर जिला महामंत्री डीएस राठौर आलू विपणन संघ सभापति विमल कटिहार जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत अभय कठेरिया महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता सक्सेना चित्रा अग्निहोत्री पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास पांडे आदि मौजूद रहे।

युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों में आक्रोश आधा घंटा फोरलेन किया जाम

अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर । सहजनवा थाना क्षेत्र के कुआवल खुर्द निवासी विशाल यादव पुत्र स्व श्रीप्रकाश यादव 27 वर्ष मंगलवार की रात्रि में 8 बजे फोन आने के बाद घर से निकला था। जिसकी बुधवार सुबह 7 बजे के करीब जोगियाकोल और कटाई टिकर सीवान में गेहूं के खेत में लाश मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से विशाल यादव मंगलवार की रात्रि में 8 बजे किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था। मां ने खाना खाने को कहा तो उसने कहा कि आकर खाते है। बुधवार को सुबह 7 बजे ग्रामीण गेहूं के खेत में उसका शव देखकर पुलिस को सूचना दिए। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि हत्यारों से युवक का गेहूं के खेत में जमकर लड़ाई हुई है। युवक का शव मिट्टी से सना हुआ था जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। जब युवक के जेब की तलाशी ली गई तो उसके पास से मोबाइल और बाइक का चाभी बरामद हुआ। मोबाइल से युवक की पहचान हुई। मृतक के पिता की करीब तीन माह पूर्व मौत हुई थी। वह मुंबई में मजदूरी करता था। दो भाई में बड़ा था। पुलिस द्वारा शव को तत्काल पोस्टमार्टम भेजने से ग्रामीण नाराज थे। और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाने पर जमा हो गए। और पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिखाते हुए फोरलेन आधा घंटा जाम कर दिया। इस दौरान गीडा, हरपुर बुदहट थाने की पुलिस थाने पर पहुंच गई। और ग्रामीण को समझाबुझा कर फोरलेन से हटाया। जानकारी मिलने पर एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र,सीओ गीडा कमलेश प्रताप सिंह,ने थाने पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने जाकर नमूने लिए।

आबकारी विभाग द्वारा दबिश देखकर 120 किलोग्राम लहन नष्ट कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई

अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद। आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़रुख़ाबाद जी पी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24/12/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ संदिग्ध ग्राम नेकपुर चौरासी में दबिश दी गई। मौके पर लगभग 120 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

खेत की सिंचाई करते समय ठंड लगने से किसान की मौत

अवधनामा संवाददाता, महोबा। रगौलिया बुजुर्ग गांव में खेत की सिंचाई करते समय एक किसान की अचनक ठंड लगने हालत खराब हो गई। परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजन रोने पीटने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के रगौलिया बुजुर्ग गांव करोडीलाल (60) मंगलवार की रात्रि अपने परिजनों के साथ खेत की सिंचाई कर रहा था। खेत में पानी लगाते समय उसे ठंड का अहसास हुआ और थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़े लगी, जिससे वह अचेत होकर गिर गया। पास खड़े परिजनों ने उसे उठाकर कंबल आदि डालकर आनन फानन में प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लाए, जहां डाक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद किसान की हालत और बिगड़ती चली गई और कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मृतक के भतीजे सुनील ने बताया कि उनके चाचा खेत में पानी लगा रहे थे और अत्यधिक ठंड के कारण ही उनकी तबीयत खराब हुई थी।

समाज की सांस्कृतिक स्मृति का संवाहक है कला : प्रो. सुरिंदर सिंह

गोरखपुर की सांस्कृतिक चेतना को क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी ने किया समृद्ध : डॉ मंगलेश

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति वि भाग उत्तर प्रदेश एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोरखपुर क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का समापन सत्र कला, संस्कृति और सृजनात्मक संवाद का एक अत्यंत गरिमामय अवसर रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरिंदर सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ चित्रकार एवं ललित कला एवं संगीत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भारत भूषण ने कलाकारों को शुभाशीष दिया ।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कला केवल सौंदर्य का साधन नहीं, बल्कि समाज की चेतना और सांस्कृतिक स्मृति का संवाहक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि कला, संस्कृति और रचनात्मकता के संरक्षण एवं संवर्धन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रो. सिंह ने गोरखपुर क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी को पूर्वांचल की कलात्मक प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां युवा कलाकारों को आत्मविश्वास देती हैं और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि आज के तकनीकी युग में जब भौतिकता और उपभोक्तावाद का प्रभाव बढ़ रहा है, तब कला मनुष्य को संवेदनशील बनाए रखने का कार्य करती है। चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक आर्ट और समकालीन कलाएं समाज के भीतर छिपे भावों, संघर्षों और आशाओं को अभिव्यक्त करती हैं। विश्वविद्यालय भविष्य में भी राज्य ललित कला अकादमी के साथ मिलकर ऐसे आयोजन करता रहेगा, जिससे कला और शिक्षा के बीच सेतु मजबूत हो।

विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी नगर की पहचान केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक गतिविधियों से बनती है। गोरखपुर ने हमेशा साहित्य, संगीत और कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया है और यह प्रदर्शनी उसी परंपरा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों को हर संभव सहयोग देगा, ताकि शहर की सांस्कृतिक चेतना और अधिक समृद्ध हो सके। डॉ. श्रीवास्तव ने कलाकारों की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलाकार समाज का दर्पण होता है। वह अपनी कृतियों के माध्यम से समाज की सच्चाइयों को सामने लाता है और लोगों को सोचने के लिए प्रेरित करता है।

वरिष्ठ चित्रकार डॉ. भारत भूषण ने कहा कि कला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि आंतरिक अनुभूति है। कलाकार जब सृजन करता है, तो वह अपने अनुभव, संवेदना और विचारों को रंगों एवं रेखाओं के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। समकालीन समय में कलाकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन वही चुनौतियां नए प्रयोगों और नवीन अभिव्यक्तियों का मार्ग भी खोलती हैं। परंपरा और आधुनिकता के संतुलन से ही सशक्त कला का जन्म होता है। युवा कलाकारों को चाहिए कि वे सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें। विशिष्ट अतिथि संगीत नाट्य अकादमी के पूर्व सदस्य डॉ शरद मणि त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी ने गोरखपुर की कला संस्कृति को समृद्ध करने का कार्य किया है।

नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं साहिबजादों का साहस व बलिदान : युधिष्ठिर सिंह

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर । सहजनवा वीर बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को सहजनवा में वीर शहीद बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान को नमन करते हुए भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी सहजनवा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर थाना चौराहे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी एवं आमजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि वीर साहिबजादों का अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान देश की नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रभक्ति, संस्कार और कर्तव्यबोध को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा मनोज सिंह द्वारा किया गया। सहसंयोजक के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिमन्यु मौर्य की सक्रिय सराहनीय भूमिका रही।

प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से चेयरमैन संजू सिंह, जिला महामंत्री आर.डी. सिंह, जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य, जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शुक्ल, राम उजागिर शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह, , सूर्यनाथ विश्वकर्मा, नागेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, विजय बहादुर सिंह, हिमांशु सिंह, राणा प्रताप सिंह,सहित अनेक लोग मौजूद थे।

1500 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डा. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर में सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र में हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उन्होंने आयोजन की शुरुआत की। इसके पश्चात मार्च पास्ट की सलामी ली व 1500 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हवा में गुब्बारे भी छोड़े गए। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें जिलेभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करती हैं। सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में यह आयोजन एक सशक्त कदम है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 25 दिसम्बर को होगा। समापन अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डा. राधामोहन दास अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करेंगे। मौके पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, कमलाशंकर पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय बादल राघवेंद्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, देवता पटेल, अशोक मिश्रा, अभिषेक सिंह, दिनेश वर्मा, कसान सिंह, इंद्रभान सिंह, विश्वनाथ सिंह, अनूप दुबे, डॉक्टर विवेक सिंह, पंकज द्विवेदी, सरवरे आलम, सुधीर पाण्डेय, नीरज शुक्ला मौजूद रहे।

सरयू तट पर इतिहास का अनावरण
क्वीन हो की प्रतिमा से अयोध्या-कोरिया के 2000 वर्ष पुराने रिश्ते और मजबूत

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) रामनगरी अयोध्या को वैश्विक सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को सरयू तट स्थित क्वीन हो मेमोरियल पार्क में अयोध्या की राजकुमारी एवं दक्षिण कोरिया की महारानी हो (क्वीन हो) की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमा का अनावरण किया।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह प्रतिमा भारत और कोरिया गणराज्य के बीच लगभग 2000 वर्ष पुराने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या की राजकुमारी रानी हो कोरिया के कांस्य वंश की जननी मानी जाती हैं और वहां आज भी उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त है।क्वीन हो मेमोरियल पार्क को दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में विकसित किया गया है। यहां स्थापित लगभग 12 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कोरिया के कारीगरों द्वारा किया गया है। यह पार्क अतीत और वर्तमान को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र बनकर उभरा है।

अयोध्या में 27 से होगा प्रदेश भर के महापौर का जमावड़ा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। निरंतर नवाचार में जुटे अयोध्या नगर निगम ने व्हाट्सएप के माध्यम से उपभोक्ताओं को गृह-जल एवं सीवर कर का बिल पहुंचाने एवं भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। तिलक हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार एवं पार्षदों की मौजूदगी में उन्होंने लैपटॉप पर बटन दबाकर इस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के माध्यम से शुरू की गई सेवा में सभी प्रकार की संपत्ति कर जमा करने की सुविधा उपभोक्ताओं को हासिल हो गई है। उन्हें रसीद भी व्हाट्सएप पर ही सुलभ करा दी जाएगी। इससे किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की आशंका नगण्य हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि आगामी 27 एवं 28 दिसंबर को प्रदेश भर के सभी 17 महापौर अयोध्या आएंगे। वह पंचशील होटल में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे अयोध्या में किए जा रहे पार्किंग, पार्कों के सुंदरीकरण, स्वच्छता, पेयजल समेत विभिन्न व्यवस्था के नवाचारों से परिचित होंगे और अपने नवाचारों से अयोध्या के पार्षद दल तथा अधिकारियों को परिचित कराएंगे।

नगर आयुक्त ने बताया कि बैंक ऑफ़ बरोदा के सहयोग से व्हाट्सएप के माध्यम से शुरू होने वाली कर वसूली की सुविधा से लोगों को काफी आसानी होगी और नगर निगम में मानव संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि नगर निगम की आमदनी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र को भी आमंत्रित किया गया है।

इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार के अलावा पूर्व उप सभापति जयनारायण सिंह रिंकू, पार्षद अनुज दास, अनिल सिंह, बृजेंद्र सिंह, दीप गुप्ता, चंदन सिंह, संतोष सिंह, विकास पाल, धर्मेंद्र मिश्र, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या आदि मौजूद थे।

महापौर सम्मेलन के लिए 12 सदस्यीय कमेटी का गठन

आगामी 27 दिसंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय महापौर सम्मेलन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें 12 पार्षद शामिल हैं। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि सदस्यों में पार्षद अनुज दास, विशाल पाल, संतोष सिंह, अनिल सिंह, विश्वजीत, विनय जायसवाल, मनीष यादव निखिल, राजकरन, अर्चना श्रीवास्तव, सुमन यादव, सलमान हैदर, बृजेंद्र सिंह शामिल हैं। सलमान हैदर को मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मिल्कीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसावां में चलाया गया सम्पूर्ण स्वास्थ्य संतृप्तता अभियान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बनियान के निर्देशन में मिल्कीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसावा में सम्पूर्ण स्वास्थ्य संतृप्ता अभियान (पायलट) चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की कुल 6 टीम बनाई गई थी। जिनको घर घर जाकर घर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्राप्त करनी थी साथ ही ग्राम पंचायत के दो स्थानों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट को डिप्लॉय किया गया था। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर उसकी जांच एवं दवाइयों की वितरित किया गया। आज परसावां ग्राम पंचायत में कुल 251 घरों का सर्वे किया गया जिसने 1175 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 37 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 16 की आभा आईडी बनाई गई। मोतियाबिंद के बाइपोलर से एवं 24 मोनोपलर 22 ग्रसित व्यक्ति मिले।153 लोगो की टी बी स्क्रीनिंग की गई, 356 की बी.पी.एवं शुगर की जांच, 48 महिलाओं की एच बी एवं एनसपी जांच, 12 बच्चों का टीकाकरण किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में खांडसा ब्लॉक एवं हैरिंगटनगंज ब्लॉक में भी यह अभियान चलाया जाएगा। मसौधा ब्लॉक एवं बीकापुर ब्लॉक से वहां के अधीक्षक एवं स्वास्थ्य टीम को बुलाया गया था कि वे अपने यहां इस तहर से इस अभियान को देख कर रूप रेखा बनाए, इस अभियान में डीआईओ पी सी भारती,डिप्टी सीएमओ डॉ दीपक पांडेय, डिप्टी सीएमओ डॉ वीपी त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश चौधरी, डॉ नीरज शर्मा, डॉ अरविंद सिंह, डी पी सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, सद्दाम, मनोज त्रिपाठी, विक्रांत वैश, सुशील वर्मा एवं जिले से अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सीएमओ की प्रेसवार्ताः 26 तक होगी कार्रवाई, निजी अस्पतालों पर लटकी सख्ती की तलवार

अर्थदंड, सील और एफआईआर तक की कार्रवाई संभव

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। ओवरडोज से मरीज की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अब सख्त रुख अपना लिया है। दर्शन नगर स्थित मंडलीय चिकित्सालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुशील कुमार बनियान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मामले की जांच अंतिम चरण में है और 26 तारीख तक हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्मला हॉस्पिटल और सोना हॉस्पिटल की रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है, जबकि मैक्स हॉस्पिटल से भी रिपोर्ट तलब की गई है।

सीएमओ ने बताया कि दोनों निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हुए हैं। तकनीकी कारणों के चलते तत्काल कार्रवाई नहीं हो सकी है, लेकिन जैसे ही इन्हें योजना से डिटैच किया जाएगा, विभागीय और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने साफ किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रेसवार्ता में सीएमओ ने कहा कि जांच में लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित अस्पतालों पर आर्थिक दंड लगाया जा सकता है, अस्पताल सील किए जा सकते हैं, एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है तथा पंजीकरण निरस्त या निलंबित करने तक की कार्रवाई संभव है। कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय होगी और दोनों अस्पतालों पर समान रूप से लागू की जाएगी।

सीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ही वैधानिक साक्ष्य माना जाएगा। यदि समय से पोस्टमार्टम कराया गया होता तो यह स्पष्ट हो जाता कि मरीज की मौत किसी आंतरिक बीमारी से हुई या फिर इंजेक्शन की ओवरडोज से। मैक्स हॉस्पिटल की रिपोर्ट मिलने के बाद वास्तविक स्थिति सामने आएगी। सीएमओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सोना हॉस्पिटल द्वारा सर्जरी और एनेस्थीसिया इंजेक्शन में ओवरडोज की खामियां सामने आई हैं। यह भी संदिग्ध है कि मरीज को लखनऊ रेफर करने की प्रक्रिया लिखित थी या सिर्फ फोन पर ही तय की गई। इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि निर्मला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कथित ओवरडोज से मरीज की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार ने दोनों अस्पतालों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी डॉक्टरों और स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने तथा अस्पताल सील करने की मांग की है। अब सीएमओ के 26 तक कार्रवाई के बयान के बाद पूरे मामले पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज (घुघली)। (अवधनामा संवाददाता) थाना घुघली पुलिस ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म एवं अपहरण के एक गंभीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर यादव उम्र लगभग 21 वर्ष, निवासी टेढ़वा टोला बनहवा, थाना घुघली, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया था और उसके साथ अपराध किया। पीड़िता की शिकायत पर थाना घुघली में मुकदमा अपराध संख्या 460/2025 के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।

घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। लगातार प्रयास और गुप्त सूचना के आधार पर घुघली पुलिस टीम ने 24 दिसंबर की सुबह लगभग 7:15 बजे सुखापट्टी मोड़ के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

सरकारी दर से अधिक पर यूरिया बिक्री का आरोप

मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र अंतर्गत एक सहकारी समिति में यूरिया खाद की बिक्री को लेकर किसानों ने अधिक कीमत वसूले जाने का वीडियो वायरल हुआ है। किसानों का कहना है कि समिति द्वारा 45 किलोग्राम यूरिया बैग निर्धारित मूल्य 266.50 के बजाय 280 या उससे अधिक में दिया जा रहा है। इसको लेकर किसानों ने विरोध जताते हुए संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

किसानों के अनुसार मौके पर मौजूद समिति कर्मियों से इस संबंध में बात करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों ने कृत्रिम कमी दिखाकर अधिक दाम वसूल जाने की आशंका भी जताई है।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) भिटौली थानाक्षेत्र में चौकी के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, प्लेटिना मोटरसाइकिल से कमलेश, निवासी रुद्रपुर, सब्जी बेचने के लिए भिटौली बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अपाचे मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। अपाचे बाइक पर मनीष, निवासी करमाहिया, सवार थे, जिन्हें हाथ में चोटें आई हैं।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

कड़ाके की ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए नगर पंचायत द्वारा

सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था

बीकापुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) कड़ाके की ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए नगर पंचायत द्वारा कस्बा बीकापुर सहित नगर क्षेत्र के 16 चिन्हित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। बुधवार शाम नगर पंचायत प्रतिनिधि गुड्डू राना एवं अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अस्पताल परिसर, ब्लॉक मोड़ बिलारी माफी, टाटा स्टैंड, भगौती नगर तिराहा, कोतवाली व तहसील गेट सहित अन्य स्थानों पर नियमित रूप से लकड़ी गिराने के निर्देश दिए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में अलाव की व्यवस्था से मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्य कर्मियों को राहत मिल रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था कमजोर नजर आई। इस संबंध में एसडीएम श्रेया ने बताया कि सभी राजस्व कर्मियों को चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाने के निर्देश दिए गए हैं और लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली पुलिस ने चार शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली नगर पुलिस ने चैन स्नैचिंग व छिनैती करने वाले चार आरोपियों को अवैध तमंचा, कारतूस, हथगोला, मोबाइल व नकदी बरामद कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह अपने हमराहीओ के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की कुछ लोग ओबरी जंगल के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे हुवे है। जिसके बाद टीम ओबरी जंगल पहुंचे वहाँ मौजूद अभियुक्त शुभम चौहान पुत्र विजय चौहान निवासी अमराई गांव थाना इन्दिरानगर जनपद लखनऊ, राहुल गौतम पुत्र केशवराम निवासी हरिदास खेड़ा थाना चिनहट जनपद लखनऊ, संदीप कुमार पुत्र शिवराम निवासी कल्याण पुरवा कालोनी थाना हरदी जनपद बहराइच, हाल पता- बीडीएस भट्ठा के पास हरिदास खेड़ा थाना चिनहट जनपद लखनऊ, मोहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मदजसीम निवासी गोयला मुल्लीपुरवा थाना चिनहट जनपद लखनऊ से करने लगे। पूछताछ के दौरान पुलिस को शक हुआ, तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध असलाह मिला। पकड़े गये अभियुक्तों ने बताया की उनका एक गिरोह है जो चैन स्नैचिंग/छिनैती, चोरी एवं मार पीट जैसी घटनाएं कारित करते है। अभियुक्तगण जनपद बाराबंकी में घटना कारित करने की फिराक में थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं एवं अभियुक्तगण द्वारा अन्य स्थानों/जनपदों में की गई घटनाओं के विषय में भी विस्तृत जानकारी की जा रही है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

सेंट जेवियर्स कॉलेज मे छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

अवधनामा संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार से विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में हैदरगढ़ तहसीलदार व समाजसेवियों का कालेज के प्रबंधक पंकज सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। हैदरगढ़ भिटरिया संपर्क मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज गढ़ी सतरही में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार हैदरगढ़ कविता ठाकुर और क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने शिरकत की। कार्यक्रम के उपरांत कॉलेज के प्रबंधक पंकज सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में नायब तहसीलदार ने दीप प्रज्वलित करते हुए उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए मॉडलों का निरीक्षण किया और कहा ऐसे कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाते हैं उन्होंने छात्रों को नहीं खोज करने और मौलिक कल्पनाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य एंड्रयू रमेश नायक ने बताया इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बौद्धिक कौशल और रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास करना है।

वीर बाल दिवस पर चार साहिबजादो के बलिदान दिवस मनाया गया

बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) वीर बाल दिवस से पूर्व बुधवार को श्री राम जानकी मंदिर में साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को याद कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पे सरदार चरनजीत सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए चार साहिबजादों का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा गुरु गोविंद सिंह के इन सपूतों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सिख गुरुओं का मान बढ़ाया है इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा, सरदार भूपेंदर सिंह, सरदार चरनजीत सिंह,कार्यक्रम संयोजक प्रमोद तिवारी,नवीन राठौर राजेश वर्मा, सरदार सतनाम सिंह खालसा, सरदार प्रेमपाल सिंह, सूरज सिंह, गुरदीप सिद्धू, सरदार रणबीर सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सरदार परमीत सिंह, सरदार सुरेंदर सिंह, नीता अवस्थी रविनन खजांची सहित बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद खेल स्पर्धा-2025 में बालिका वर्ग के परिणाम घोषित

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। जनपद में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल स्पर्धा-2025 का आयोजन 14 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, धनेवा-धनाई में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है, जिसे लेकर जिले भर के खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को आयोजित सम्मान में अतिथियों ने विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया, जबकि आयोजन समिति ने बताया कि गुरुवार को प्रतियोगिता का समापन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। खो-खो सीनियर में सिसवा प्रथम और सदर द्वितीय, खो-खो जूनियर में सदर प्रथम और पनियरा द्वितीय, वालीबॉल जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों में सिसवा प्रथम और सदर द्वितीय तथा कबड्डी जूनियर में सदर विजेता व फरेंदा उपविजेता रही, जबकि कबड्डी सीनियर में सदर प्रथम और सिसवा द्वितीय रही। कुश्ती में 57 किग्रा में विजय कुमार भारती प्रथम और आजाद यादव द्वितीय, 65 किग्रा में नीरज पासवान प्रथम और शिवा कुमार द्वितीय, 74 किग्रा में राजन यादव प्रथम और सुजीत यादव द्वितीय तथा 86 किग्रा में निखिल यादव प्रथम और अनुपम यादव द्वितीय रहे।

एथलेटिक्स जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में अंशिका पटेल प्रथम, 200 मीटर में लक्ष्मी, 400 मीटर में निरमा, 800 मीटर में उमा साहनी, लंबी कूद में राधा, चक्र क्षेपण में अंजू और गोला क्षेपण में कृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में आस्था यादव, 200 मीटर में कविता वर्मा, 400 मीटर में करीना, 800 मीटर में गोल्डी राव, 3000 मीटर में करीना साहनी, लंबी कूद में प्रीत मणि पटेल, चक्र क्षेपण में हर्षिता तथा गोला क्षेपण में निधि गुप्ता विजेता रहीं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आयोजन समिति के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।

गुरु श्री गोरक्षनाथ सेंट्रल एकेडमी में तुलसी पूजन पर्व का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज(घुघली)। जनपद के घुघली क्षेत्र के तिलकनिया स्थित गुरु श्री गोरक्षनाथ सेंट्रल एकेडमी में तुलसी पूजन पर्व एक दिन पूर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने खान-पान सहित विभिन्न रचनात्मक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय रायपुर बंजरिया, नौरंगिया के छात्रों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।डॉ. राजेश सिंह ने तुलसी के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्रों से भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमित घोष, अवधेश जायसवाल, ज्ञानेंद्र पाठक, व्यास तिवारी, अमित मद्धेशिया, चतुर्भुजा सिंह, सेतभान सिंह, डॉ. के. एस. मिश्रा, शैलेश दुबे, पुरुषोत्तम दुबे, सर्वेश सिंह, शैलेन्द्र जायसवाल, गंगा सागर गुप्त सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खुशियों का पैगाम देता है क्रिसमसः डॉ. विकास यादव

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। क्रिसमस ट्री को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाकर सेंटा का स्वागत किया। सेंटा ने इस अवसर पर आकर बच्चो को उपहार और चॉकलेट आदि बांटे। सेंटा का अवतरण होते ही बच्चो ने तालियाँ बजाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों के द्वारा बनाये गए विविध प्रकार के क्रिसमस आधारित मॉडल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन के विशेष आकर्षण रहे। बच्चों ने कैंडल जलाकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों में अन्वी शैली, आरू, आश्वी, दक्षित, शोभित, सारांश, लक्ष्य, आद्विक, प्रज्ञा, यशस्व, सिद्धान्त, हेनरी, आरव, शरद, सोनाक्षी, आरूष, आयुष अमन, अभिनव, मो० एनस, अंशिका, अभिनव, हिमांशु दर्शित, अथर्व आदि थे। विद्यालय प्रबन्धक डॉ० विकास यादव ने बच्चों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी और उनके मॉडल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह त्यौहार हम सबको खुशियों का पैगाम देता है। यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भावना एवं शान्ति का प्रतीक है तथा समाज में फैली वैमनस्यता को दूर करने का अच्छा माध्यम है। बच्चो के प्रिय सेंटा उपहार के रूप में प्रेम बांटने का संदेश देते है। सेंटा जैसे संतो का अनुकरण करके ही दुखित, पीड़ित जन की पीड़ा को दूर कर सर्वत्र प्रसन्नता और खुशहाली का वातावरण बनाया जा सकता है। जिसकी सीख हमें इस पर्व से मिलती है, यह पर्व आन्तरिक बुराइयों को त्याग कर सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, दीन दुखियों की सेवा संसार का सबसे बड़ा धर्म है। प्रभु ईसा, ईसाई धर्म के संस्थापक के जन्मदिवस के अवसर पर ईसाइयों द्वारा इस उत्सव को मनाया जाता है। लोगों का ऐसा मानना है कि मानव जाति की रक्षा के लिये प्रभु ईसा को धरती पर भेजा गया है यह त्योहार सभी के मन और हृदयों को पवित्रता के भाव से ओत प्रोत करता है और नयी ऊर्जा के माध्यम से हमें प्रेरित करता है कि अनेक कठिनाइयों का सामना करने पर भी हमें सम्मार्ग का त्याग नहीं करना चाहिए तथा दूसरों के लिए भी पवित्रता का मार्ग प्रशस्त करने का यथासंभव प्रयास करना चाहिए।

निर्वाचन से संबंधित विशेष पुनरीक्षण कार्य में लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें ।जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि फील्ड स्तर पर कार्यरत बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। घर-घर जाकर सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृतक मतदाताओं के नाम हटाने तथा स्थानांतरित मतदाताओं के विवरण में संशोधन जैसे कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग करें और किसी भी समस्या या बाधा की जानकारी तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को दें।

बैठक में यह भी कहा गया कि एसआईआर कार्य के दौरान आम जनता को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मतदाता विवरण की जांच कर आवश्यक सुधार करा सकें। इसके लिए प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने पर विशेष बल दिया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने एसआईआर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

संदिग्ध हालात में युवक का तालाब में मिला शव, इलाके में मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता, गोंडा। घर से सब्जी लेने निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शिवदयाल (30 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिवदयाल दो दिन पूर्व घर से सब्जी लेने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब युवक का कोई सुराग नहीं मिला तो अगले दिन थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसी बीच मंगलवार को कड़रू के पास स्थित एक तालाब में ग्रामीणों ने युवक का शव उतराता देखा। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पाकर परसपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाकर कब्जे में लिया। शव की हालत देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार व हिंसा के विरोध में हिंदू संगठन आक्रोशित

- प्रदर्शन करते हुए जिहादी आतंकवाद का किया पुतला दहन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। बांग्लादेश में हिंदू समाज पर लगातार हो रहे अत्याचार, हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में बुधवार को सिद्धार्थनगर में हिंदू संगठनों का आक्रोश फूट पड़ा। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।

आक्रोश प्रदर्शन की शुरुआत जिला मुख्यालय स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर से हुई। हाथों में भगवा ध्वज लिए कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिद्धार्थ तिराहे तक पहुंचे, जहां जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन के दौरान ÷हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, ÷बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करो जैसे नारे गूंजते रहे। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय ने कहा बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और हिंसा न केवल मानवता के खिलाफ हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत पर भी हमला हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। हम इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला मंत्री शिवाजी, उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, महिला उपाध्यक्ष शर्मिला अग्रहरि, सुरक्षा प्रमुख अजय सिंह, गौरक्षा प्रमुख राकेश मिश्र, धर्म प्रसार प्रमुख आशीष सिंह, सह मंत्री जय प्रकाश गुप्ता, प्रसार प्रमुख संदीप मद्धेशिया, विभाग संयोजक अजय प्रताप, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मनसा, कनक श्रीवास्तवा, मालती, संगीता, जिला संयोजक सुरेश, मिलन प्रमुख शारदा पाण्डेय, सह संयोजक सौरभ, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख मोहित, बर्डपुर नगर अध्यक्ष अर्जुन मद्धेशिया, शोहरतगढ़ अध्यक्ष सचमुच त्रिपाठी, संयोजक हरिश्चंद्र, सह संयोजक अरुण आदि लोग शामिल हुए।

भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा की साफ-सफाई कर किया माल्यार्पण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी की ÷जन्म शताब्दी समारोह÷ के निमित्त भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं, इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित सिद्धार्थ चौक पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भगवान गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्र, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, नगर महामंत्री अनुराग आदि उपस्थित रहें।

अटल जी की जयंती पर पर होगा कवि सम्मेलन एवं गोष्ठी: भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 25 दिसंबर को अटल जी के जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के हवाले से जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय ने बताया 25 दिसंबर को अटल जी की जयंती के अवसर पर सुबह 11 बजे से पार्टी कार्यालय पर कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर किया चश्मा वितरण

सिद्धार्थनगर। डाक्टर श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल नई दिल्ली के सौजन्य से बीआरसी नौगढ़ में बाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर चिन्हित बच्चों को निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए।

प्रोजेक्ट प्रकाश के अन्तर्गत आयोजित शिविर में समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत चिन्हित एवं अध्ययनरत श्यामसुंदर, उजाला, विपिन, शकुंतला, सौरभ आदि लो विजन बच्चों को चश्मे प्रदान करने के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा में शारीरिक अक्षमताएं बाधा नहीं बन पाएंगी। सरकार द्वारा सभी बच्चों की शिक्षा के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में राकेश चौधरी, चित्ररेखा मिश्रा, सुषमा पांडेय, खुर्शीद आलम, अवधेश कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

पेंशन के बहाने युवती को फंसाया,शादी का झांसा देकर शारीरिक व आर्थिक शोषण का आरोप

- जिला कोषागार का बाबू निकला ठग, 7 लाख हड़पकर दूसरी से रचा ली शादी

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। गोंडा के जिला कोषागार में तैनात एक बाबू द्वारा भरोसे और पद का दुरुपयोग कर युवती के साथ धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और लाखों रुपये ठगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पेंशन से जुड़ा काम दिलाने का झांसा देकर उससे नजदीकियां बढ़ाई, शादी का वादा किया और फिर लंबे समय तक उसका शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार, आरोपी बाबू आशीष सिंह ने खुद को सरकारी कर्मचारी बताते हुए भरोसे में लिया। शादी का झांसा देकर न सिर्फ शारीरिक संबंध बनाए, बल्कि अलग-अलग बहानों से उससे करीब 7 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। जब युवती ने शादी की बात को लेकर दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा और अंततः दूसरी युवती से शादी कर ली।

इस धोखाधड़ी से आहत पीड़िता ने कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाबू आशीष सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, यौन शोषण और विश्वासघात समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली नगर पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले से जुड़े लेन-देन, कॉल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पड़ताल कर रही है कि आरोपी ने अपने सरकारी पद का इस्तेमाल कर पहले भी इस तरह की हरकतें तो नहीं की। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी दफ्तरों में बैठे कुछ भ्रष्ट और चरित्रहीन कर्मचारियों की पोल खोल दी है, जो पद और भरोसे की आड़ में मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। बांग्लादेश में निर्दोष अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हो रही हत्याओं के विरोध में रोडवेज चौराहा पर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनुस और आतंकवाद का पुतला फूंका है।

विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे अंगद वर्मा और प्रमोद कुमार हिन्दू ने कहा बांग्लादेश में निर्दोष हिंदुओं की लगातार हो रही हत्या की घटना काफी चिंताजनक है। इसकी जितनी भी निन्दा किया जाय वह कम है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इन घटनाओं के विरोध में सख्त कदम उठाना चाहिए। नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए जिससे फिर इस तरह की घटनाएं न होने पाए। इसके बाद बांग्लादेश सरकार और आतंकवाद विरोधी नारा लगाते हुए पुतला फूंका । पुतला फूंकने वालों में प्रमोद कुमार हिंदू अंगद वर्मा शुभम वर्मा ,राकेश वर्मा ,प्रियांशु पटवा, किशन अग्रहरि सहित तमाम लोग शामिल थे।

श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए दर्शक

- कथा के दौरान प्रस्तुत की गई सुंदर-सुंदर झांकियां

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के चौखड़ा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक प्रेम शरण शास्त्री ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया गया।कथा वाचक ने बताया कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए।मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए,जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई,और कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया।

गोपी उद्धव संवाद,श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई।भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आनंद लिया। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य को कभी भी अपने अंदर अहंकार नहीं लाना चाहिए अहंकार सर्वनाश करता है लोगों को भगवान का प्रार्थना करना चाहिए भगवान अपने भक्तों की मनोकामना को अवश्य पूरा करते हैं।

इस दौरान मुख्य यजमान कंचना सिंह, अनिल कुमार सिंह, गोपाल सिंह, हरि सिंह ,अरुण कुमार सिंह ,मनोज कुमार सिंह, संजीव सिंह, राजन दुबे, शिव मुकुंद सिंह,रामेंद्र सिंह, उमेश सिंह,शिवराम सिंह, पप्पू सिंह, कुलदीप दुबे, बबलू सिंह, अखंड पाल, पप्पू सिंह, छोटे सिंह, मंगल मोदनवाल, भारत यादव, विक्रम त्रिपाठी,रामानंद यादव, भारद्वाज त्रिपाठी, इंद्रप्रकाश सिंह,खन्नू सिंह, बंसी सिंह,सुनील सिंह, सोनू सिंह, आशु सिंह,विकास, कुंवर सिंह, वैभव सिंह,, जनता गुप्ता,सोनू, अभय सिंह,अमरेश सिंह ठाकुर प्रसाद मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

नेपाल में खप रहा भारत का डुप्लीकेट सामान, नामी ब्रांड की साख पर खतरा

अवधनामा संवाददाता

- दिल्ली से बड़े पैमाने पर पूर्वांचल में आ रहा है डूप्लीकेट सामान और यहां के धंधेबाज उन सामानों को बगैर कागजात के रहे हैं बेच

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। भारत में नामी कंपनियों के डुप्लीकेट उत्पाद नेपाल के बाजारों में धड़ल्ले से खपाए जा रहे हैं। साबुन, शैम्पू, क्रीम, फेसवॉश, तेल समेत रोजमर्रा के उपयोग का नकली सामान भारत से सीमा पार नेपाल पहुंच रहा है, जहां इन्हें असली बताकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार से न सिर्फ भारतीय ब्रांड की साख पर बट्टा लग रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं की सेहत के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली और लखनऊ जैसे महानगरों से डुप्लीकेट माल पहले पूर्वांचल के सीमावर्ती जिलों तक लाया जाता है। इसके बाद प्राइवेट वाहनों और अन्य साधनों से इसे नेपाल भेज दिया जाता है। तस्करी को छिपाने के लिए फर्जी बिल और कागजात का सहारा लिया जा रहा है। नकली सामान की पैकिंग इतनी हूबहू होती है कि आम ग्राहक असली और डुप्लीकेट में फर्क नहीं कर पाता। नेपाल के बाजारों में भारतीय ब्रांड के नाम से बिक रहे इन उत्पादों पर न तो गुणवत्ता की कोई गारंटी है और न ही स्वास्थ्य मानकों का पालन।

सीमा पर कस्टम और अन्य एजेंसियों की निगरानी के बावजूद डुप्लीकेट सामान की तस्करी थम नहीं रही है। जानकारों का कहना है कि इस गोरखधंधे में बड़े कारोबारी शामिल हैं, जो दिल्ली और लखनऊ से सीधे ऑर्डर पर माल भेजते हैं।सूत्रों का दावा है कि शोहरतगढ़ क्षेत्र में कुछ व्यापारियों के पास अवैध गोदाम हैं, जहां महानगरों से डुप्लीकेट सामान मंगाया जाता है। यहीं से खुनुवा, कोटिया बाजार, बजहा, पकडिहवा जैसे नेपाल से सटे बॉर्डरों के जरिए कैरियरों द्वारा सामान नेपाल पहुंचाया जाता है।

हाटा नगर पालिका में अनियमितताओं की शिकायत, डीएम ने गठित की जांच कमेटी

अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर नगर पालिका परिषद हाटा में कराए जा रहे कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत के दृष्टिगत जांच समिति का गठन किया गया है। यह शिकायत उमेश कुमार सिंह पुत्र मदन सिंह, वार्ड संख्या-23, नगर पालिका परिषद हाटा, जनपद कुशीनगर द्वारा 03 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के माध्यम से की गई थी, जिसमें नगर पालिका परिषद हाटा के कार्यों से संबंधित कुल 11 बिंदुओं पर अनियमितता का उल्लेख किया गया है।

उक्त शिकायत के परीक्षण एवं तथ्यों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा एक चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) को अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड हाटा एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (निर्माण) को सदस्य नामित किया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर आज कार्यक्रम का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जियाभारी में आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता श्याम जयसवाल मौजूद रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रहरि ने जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष मनायें जाने के साथ ही बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जियाभारी में लिट्टी चोखा का आयोजन किया गया है। जिसमें बढ़नी मंडल, कठेला मंडल शोहरतगढ़ मंडल, चिल्हिया मंडल, पकड़ी मंडल के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता पत्रकार बंधु सहित क्षेत्र वासी 25 दिसंबर 2025 दिन बृहस्पतिवार समय दोपहर दिन में 12 बजे आप सभी सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम आयोजक ओम प्रकाश मिश्रा (पूर्व प्रचारक आरएसएस)व कार्यक्रम स्थल ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ गांधीजी (पूर्व प्रचारक आरएसएस) के प्रांगण में ग्राम पंचायत जियाभारी में सम्पन्न होगा।

जिला इकाई का चुनाव नगर पालिका बांसी के मैरेज हाल में हुआ संपन्न

बांसी सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा सिद्धार्थनगर के जिला इकाई का चुनाव बुधवार को नगर पालिका बांसी के मैरेज हाल में संपन्न हुआ। जिसमें रणजीत कुमार गौतम अध्यक्ष और मंत्री पद पर विजय कुमार कर पाठक चुने गए।।चुनाव अधिकारी राघवेंद्र तिवारी के देखरेख में नामांकन की प्रक्रिया सुबह 10 से 11 तक चली जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी का नामांकन हुआ जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष, संप्रेक्षक और संगठन मंत्री पर एक-एक पर्चा दाखिला हुआ 11 से 12 बजे तक पर्चा वापसी का समय था जिसमें सतवंत चौधरी एवं मनोज कुमार ने जिला अध्यक्ष पद से अपना पर्चा वापस ले लिया। जिससे जिला अध्यक्ष पद पर रणजीत कुमार गौतम निर्विरोध निर्वाचित हो गए और मंत्री पद पर विजय कुमार कर पाठक, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र प्रसाद , संप्रेक्षक पद पर रामदयाल, संगठन मंत्री पद पर हिदेश कुमार राव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

30 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मौलाना आजाद पी.जी.कालेज कादिराबाद बायताल सिद्धार्थनगर में जिला सेवायोजन कार्यालय, सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में आगामी 30 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एखलाक हुसैन ने बताया कि मेला में निजी क्षेत्र की प्राईवेट कम्पनियों 600 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेगी । इस मेला में 18 से 40 वर्ष एंव छात्र/छात्राओं की आयु सीमा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, परास्नातक / तकनीकी शिक्षा प्राप्त उत्तीर्ण होना चाहिये । रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देकर रोजगार प्राप्त कर सकते है ।

स्व अटल बिहारी जयंती पर विशेष अभियान जारी

अवधनामा संवाददाता

टांडा अम्बेडकरनगर। आज भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती/जन्म शताब्दी के अवसर पर नगर पालिका परिषद टांडा अध्यक्ष शबाना नाज, उपजिलाधिकारी (न्यायिक)/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी नीरज गौतम के निर्देश पर नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 कश्मीरिया वार्ड नंबर 14 हयातगंज उत्तरी टांडा में मार्गो गलियों नालियों की विशेष सफाई अभियान चला कर सफाई का कार्य किया गया वार्ड में कीटनाशक एंटीलार्वा दवाओं का छिड़काव किया गया।

खाली पड़ी भूमियों की सफाई कर कूड़ा हटवाया गया वार्ड में स्वच्छता कार्यो में सहयोग हेतु नागरिकों को जनजागृक किया गया प्रतिदिन नगर क्षेत्र अंतर्गत अन्य वार्डो में सफाई अभियान चला कर सफाई कराई जा रही है और फॉगिंग कर कार्य किया गया जिसमे नगर पालिका परिषद टांडा के कर अधीक्षक/ नोडल सफाई व्यवस्थाके नेतृत्व में आशीष कुमार चौहान अवर अभियंता जलकल मोहम्मद अहमद, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद सुहेल, महेंद्र कुमार, परवेज अहमद शकील अहमद सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जलालपुर में अटल जयंती पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

जलालपुर, अंबेडकरनगर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 25 दिसंबर को नगर के रामलीला मैदान, जलालपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सहचर सेवा समिति के तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त कवि एवं कवयित्रियां शिरकत करेंगे। सम्मेलन में डॉ. सर्वेश अस्थाना (लखनऊ), डॉ. हरिओम पवार (मेरठ), अमन अक्षर (इंदौर), विकास बौखल (बाराबंकी), अभय निर्भीक (अंबेडकर नगर), शशि श्रेया (लखनऊ), धीरेंद्र पांडे 'क्षणिक' (अंबेडकर नगर) सहित अन्य कविगण अपनी रचनाओं के माध्यम से देश, समाज और अटल बिहारी वाजपेई के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालेंगे।

शिवलिंग के पास गोबर फेंकने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। जैतपुर थाना क्षेत्र स्थित शिवपाल में शिवलिंग के पास गोबर फेंकने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

शिवपाल गांव निवासी ओम प्रकाश चौबे द्वारा पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर के मुताबिक गत सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे सगे पट्टीदार आर्यन तथा विजय प्रकाश चौबे जो आपस में पिता पुत्र हैं, के द्वारा शिवलिंग के बगल गोबर फेंका जाता है। गोबर फेंकने से मना करने पर दोनों बाप बेटे मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी लेकर दौड़ा लिए। पीड़ित जान बचाकर घर में भागा। घटना दरवाजे पर लगी सीसीटीवी फुटेज में कैद है। उक्त घटना के बाद से पीड़ित बेहद डरा एवं सहमा हुआ है। क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जेब खर्च को बचा कर छात्रों ने जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल

अवधनामा संवाददाता

- जीएन हेरिटेज स्कूल के बच्चों ने वितरित किया गया गर्म कपड़ा

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के टड़वा स्थित जीएन हेरिटेज के छात्रों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा व अन्य स्थानों पर पहुंच कर जरूरतमंदों में कंबल व गर्म कपड़े वितरित किया।

स्कूल की स्वस्तिका श्रीवास्तव , कनक अग्रहरि, शीतल यादव , शगुन, राकेश, मधु , कंचन यादव, जोया , इज्ना फातिमा, मोहम्मद कैफ, उदय, सूफियान चौधरी ने घर से मिलने वाली जेब खर्च को बचा कर जरूरतमंदों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल वितरण की योजना बनाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्राहम डेनिस , विकास पांडेय व हुमेरा चौधरी से दिशा निर्देश लेकर बुधवार को सीएचसी बेंवा में मरीजों के अलावा टंडवा व डुमरियागंज के ईट भट्ठे पर काम करने वाले परिवारों में कंबल वितरित किया। स्कूल के डायरेक्टर अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों का यह कार्यप्रणाली उनकी सेवा भाव को प्रदर्शित करता है। स्कूल के बच्चे विभिन्न सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़ कर भाग लेते हैं।

यूनुस की भूमिका ही संदेहास्पद

भारत ने बांग्लादेश को 2024 और 2025 में 120-120 करोड़ रुपए के पैकेज दो बार दिए। 'लाइन ऑफ क्रेडिट' में 25 फीसदी कर्ज ब्याज की बेहद आसान दरों पर दिया। भारत बांग्लादेश को 60 फीसदी प्याज, 78 फीसदी मसालों, 65 फीसदी चावल, 19 फीसदी रासायनिक उत्पादों और करीब 20 फीसदी बिजली की आपूर्तियां करता है। ढाका का कपड़ा उद्योग भारत की कृपा पर ही चलता है। बांग्लादेश में मेडिकल वीसा की मांग सबसे अधिक भारत के लिए है। वहां के लोगों के अनुभव हैं कि भारत में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं हैं। यदि भारत मौजूदा हालात के मद्देनजर इन आपूर्तियों को रोक दे, तो क्या बांग्लादेश जिंदा रह सकता है? क्या बांग्लादेश में खाद्य संकट पैदा नहीं होगा और वह अंधेरे में डूब नहीं जाएगा? बांग्लादेश के साथ भारत नदियों का पानी और अन्य संसाधन भी साझा करता रहा है। दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों का आत्मसमर्पण एक अर्द्धसत्य है। बांग्लादेश की मुक्ति और आजादी की उस लड़ाई में भारत को भी अपने 3864 जांबाज सैनिकों और अफसरों की शहादतें देनी पड़ी थीं। उस दौर में करीब 10 लाख बहन-बेटियों-माताओं के साथ बलात्कार किए गए थे। हत्याओं का कोई निश्चित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप में प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस का एक कुरूप यथार्थ सामने आया है कि उन्होंने 2016 में 3 लाख डॉलर (करीब 2.5 करोड़ रुपए) 'हिलेरी क्लिंटन फाउंडेशन' को दान दिए थे। यूनुस को अमरीका की कृपा से ही नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके 'गरीब, ग्रामीण बैंक' की दुनिया में खूब चर्चा हुई थी, लेकिन बाद में सच बेनकाब हुए कि गरीब, मछुआरों, किसानों का पैसा लूट कर किसको चढ़ावा दिया जा रहा था? यूनुस को जेल भी जाना पड़ा। तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप की नाराजगी भी यूनुस को झेलनी पड़ी थी। ट्रंप आज भी अमरीकी राष्ट्रपति हैं, लिहाजा हिलेरी-यूनुस की कथित भ्रष्ट मिलीभगत, सांठगांठ और लेन-देन की जांच कराई जा रही है। यूनुस अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में बांग्लादेश में गद्दीनशीं किए गए।

बाइडेन भी क्लिंटन की डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति थे। बहरहाल आज क्लिंटन परिवार अमरीकी राजनीति और प्रशासन में अप्रासंगिक है, लिहाजा अमरीका के स्तर पर आज कोई भी यूनुस का पैरोकार नहीं है। यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार 8 अगस्त, 2024 से जारी है, जबकि बांग्लादेश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। न जाने क्यों बांग्लादेश में किसी भी बौद्धिक और राष्ट्रवादी नागरिक ने इस व्यवस्था को अदालत में चुनौती नहीं दी है? संविधान में सिर्फ यह व्यवस्था है कि कार्यवाहक सरकार को तीन महीने की अवधि में चुनाव निश्चित रूप से कराने हैं, ताकि एक जनादेशी और लोकतांत्रिक सरकार देश का नेतृत्व संभाल सके। आज बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा, सांप्रदायिकता, हत्याओं का दौर है, तो यूनुस ही उसके लिए 'खलनायक' हैं, क्योंकि वह कट्टरपंथी जमात को उकसा रहे हैं। सजायाफ्ता आतंकियों को जेल से रिहा कराया है। सडकों पर भारत-विरोधी, हिंदू-विरोधी जो भीड़ नजर आ रही है, यूनुस उसे नियंत्रित ही नहीं करना चाहते। वह चुनाव को आगे खिसकाने के मंसूबों पर काम कर रहे हैं। यूनुस ने अपने कार्यकाल में, खासकर 1.30 करोड़ अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए, ऐसे अराजक और हत्यारे हालात बना दिए हैं कि हिंदू खौफ और दहशत में जीने को अभिशप्त हैं। जिस निर्ममता, बर्बरता के साथ हिंदुओं की हत्याएं की गई हैं, भारत के विरोध में हमलावर दुष्प्रचार जारी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार को बांग्लादेश की आपूर्तियों में तुरंत कटौती करनी चाहिए और अंतरिम सरकार को निर्णायक चेतावनी जारी करनी चाहिए। देश की मोदी सरकार को अविलंब हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि बांग्लादेश में इंसाफ और इनसान दोनों ही जल रहे हैं। यूनुस एक साल में दो बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर चुके हैं। वह पाकिस्तान के 'फौजी तानाशाह' मुनीर के मोहरा बने हैं। जिन्होंने छात्र आंदोलन के जरिए प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट किया था, उनके अग्रणी नौजवान नेताओं की अचानक हत्याएं की जा रही हैं। ये हालात भारत ही नहीं, समूचे लोकतांत्रिक विश्व के हित में नहीं हैं। बार-बार खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा तथा ज्यादतियां हो रही हैं। इस हिंसा को तत्काल रोकना होगा। तभी बांग्लादेश की समस्या का हल होगा।

विनोद शुक्ला जी का ना होना साहित्य आकाश में गहरा शून्य

संजीव ठाकुर

हिंदी साहित्य के उत्तर-आधुनिक विमर्श में विनोद कुमार शुक्ल का अवसान केवल एक रचनाकार का न रह जाना नहीं है, बल्कि उस साहित्यिक नैतिकता का मौन हो जाना है जिसमें भाषा सत्ता, प्रदर्शन और वैचारिक आक्रामकता से मुक्त होकर मनुष्य के सबसे साधारण अनुभवों के साथ खड़ी होती है। 1937 में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल का जीवन किसी असाधारण घटनाक्रम या साहित्यिक आंदोलन की आक्रामकता से नहीं, बल्कि साधारण जीवन, सीमित आवश्यकताओं और आंतरिक सजगता से निर्मित हुआ, और यही साधारणता उनके लेखन की असाधारण शक्ति बनी। उन्होंने साहित्य को न तो वैचारिक घोषणाओं का माध्यम बनाया और न ही शिल्पगत चमत्कार का, बल्कि उसे जीवन की उन परतों के समीप रखा जिन्हें प्रायः साहित्य से बाहर मान लिया जाता है—दैनंदिन श्रम, असफल आकांक्षाएँ, मध्यवर्गीय विवशताएँ, संबंधों की चुप्पी और मनुष्य की अदृश्य गरिमा। उनकी भाषा संरचनात्मक रूप से अत्यंत सरल, किंतु अर्थ की दृष्टि से बहुस्तरीय है; वह पाठक को किसी निष्कर्ष तक नहीं ले जाती, बल्कि उसे अनुभूति के एक नैतिक क्षेत्र में प्रवेश करने देती है, जहाँ अर्थ धीरे-धीरे स्वयं खुलता है। 'नौकर की कमीज़' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' जैसे उपन्यास हिंदी उपन्यास परंपरा में इस दृष्टि से विशिष्ट हैं कि वहाँ कथानक गौण हो जाता है और जीवन की आंतरिक लय प्रधान हो उठती है; ये उपन्यास मध्यवर्गीय अस्तित्व के ऐसे दस्तावेज़ हैं जहाँ असफलता, प्रतीक्षा और असमाप्त सपने भी मानवीय गरिमा के अंग बन जाते हैं। उनकी कविताएँ—विशेषतः 'सब कुछ होना बचे रहना', 'लगभग जयहिंद' और 'कविता से लंबी कविता'—भाषा को न्यूनतम तक ले जाकर संवेदना को अधिकतम करती हैं; यहाँ कविता विचार नहीं थोपती, बल्कि उपस्थिति दर्ज कराती है, और पाठक को जीवन के प्रति अधिक सजग बनाती है। यह संयोग नहीं है कि इतने शांत, विनम्र और अंतर्मुखी लेखक को साहित्यिक संस्थानों ने भी अत्यंत सम्मान के साथ स्वीकार किया; उन्हें 'नौकर की कमीज़' के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया, जो उनके लेखन की वैचारिक मौलिकता और कलात्मक गहराई की औपचारिक स्वीकृति थी, वहीं हिंदी साहित्य में समग्र योगदान के लिए उन्हें शिखर सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से अलंकृत किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय साहित्य की मुख्यधारा में उनकी मौन, धीमी और मानवीय भाषा कितनी केंद्रीय है। इसके अतिरिक्त उन्हें अनेक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सम्मानों से भी नवाज़ा गया, किंतु उल्लेखनीय यह है कि पुरस्कार कभी उनके लेखन का उद्देश्य नहीं बने; वे उनके साहित्य के पीछे नहीं चले, बल्कि साहित्य के पीछे-पीछे स्वयं आकर खड़े हो गए। विनोद कुमार शुक्ल का लेखन प्रत्यक्ष राजनीतिक प्रतिरोध का उद्घोष नहीं करता, फिर भी उसमें निहित मानवीय पक्षधरता, बाजार-केंद्रित भाषा से दूरी और सत्ता-विमुख दृष्टि अपने आप में गहरा नैतिक प्रतिरोध रचती है; उनका साहित्य यह प्रश्न करता है कि जब भाषा से करुणा और संवेदना हटा दी जाती है, तब मनुष्य किस रूप में शेष रह जाता है। आज जब साहित्य तीव्रता, तात्कालिकता और वैचारिक ध्रुवीकरण के दबाव में है, विनोद कुमार शुक्ल की रचनाएँ एक वैकल्पिक साहित्यिक चेतना की तरह हमारे सामने उपस्थित हैं—शांत, धीमी और गहरी—और यही कारण है कि उनका न रहना केवल एक रिक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसा मौन है जो देर तक सुनाई देता है और हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम अब भी उतनी मानवीय, उतनी सजग और उतनी विनम्र भाषा में लिख और पढ़ पा रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

अरावली के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से 100 मीटर ऊंचाई जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है।

अरावली की चिन्ता: नारे से आगे, अस्तित्व की लड़ाई

ललित गर्ग

अरावली पर्वत शृंखला की नई परिभाषा को लेकर उठा विवाद अब जन-आन्दोलन का रूप ले रहा है। इसी के अन्तर्गत अरावली बचाओ की चिन्ता-यह केवल भावनात्मक आह्वान नहीं, बल्कि भारत के पर्यावरणीय भविष्य की जीवनरेखा है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पर्वतमाला पृथ्वी की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यह पर्वत केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि जल, जंगल, जैव-विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन के लिए एक प्राकृतिक कवच है। आज जब खनन, शहरीकरण और विकास की आड़ में इस पर्वतमाला को टुकड़ों में बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मनुष्य जाति के अस्तित्व का बन गया है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली को लेकर सरकारों की चिन्ता व्यर्थ न जाये, कोई सकारात्मक रंग लाए। पहाड़ी इलाकों के खनन, उपेक्षा एवं लोभवृत्ति पर विचार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली के बड़े हिस्से का खनन ही नहीं हुआ, आमजन एवं प्रकृति-पर्यावरण रक्षा का यह कवच ध्वस्त भी हुआ है।

अरावली की आयु भूगर्भीय दृष्टि से करोड़ों वर्षों में आंकी जाती है। यह हिमालय से भी पुरानी है। यही कारण है कि अरावली का स्वरूप अपेक्षाकृत निचला और क्षरित दिखाई देता है, किंतु इसका महत्व कहीं अधिक गहरा है। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के बड़े हिस्सों में वर्षा जल का संचयन, भूजल रिचार्ज और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण अरावली के कारण ही संभव है। थार मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकने में अरावली की भूमिका किसी अदृश्य दीवार की तरह है। आज के समय में पर्यावरणीय संकट बहुआयामी हो चुका है-जल संकट, वायु प्रदूषण, जैव-विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित शहरी विस्तार। इन सभी चुनौतियों का एक साझा समाधान अरावली जैसी प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण है। दुर्भाग्यवश, खनन और निर्माण गतिविधियों ने इस पर्वतमाला को गहरे घाव दिए हैं। पत्थर, संगमरमर और अन्य खनिजों के लिए की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने न केवल पहाड़ों को खोखला किया है, बल्कि आसपास के गांवों, नदियों और जंगलों को भी संकट में डाल दिया है। लगातार संकट से घिर रही अरावली को बचाने के लिये एक याचिका 1985 से न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाये। अब भी खनन जारी रहा तो उससे होने वाले लाभ से कई गुणा

ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर अरावली के संरक्षण को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से 100 मीटर ऊंचाई जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह तर्क न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से कमजोर है, बल्कि पर्यावरणीय समझ के भी विपरीत है। खनन की वजह से अरावली की छलनी हो चुकी है।

पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण अल्पकालिक आर्थिक लाभ को दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुरक्षा से ऊपर रखता है। राजस्थान सरकार की कुछ पहलें संरक्षण की दिशा में सराहनीय कही जा सकती हैं, जैसे वन क्षेत्रों की अधिसूचना, अवैध खनन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय स्वीकृतियों की सख्ती। किंतु इन प्रयासों के समानांतर ऐसी नीतिगत ढील भी दिखाई देती है, जो खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि नियंत्रित खनन से विकास संभव है। परंतु अनुभव बताता है कि ÷नियंत्रित÷ शब्द व्यवहार में अक्सर अर्थहीन हो जाता है। भले ही वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि सिर्फ 277 वर्ग किमी में ही खनन की अनुमति है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई परिभाषा से खनन बढ़ेगा नहीं, बल्कि अवैध खनन रूकेगा।

विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना एक पुरानी भूल है। सच्चा विकास वही है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर हो। अरावली का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। जिन क्षेत्रों में अरावली को नुकसान पहुंचा है, वहां जल स्तर गिरा है, तापमान बढ़ा है और जैव-विविधता घट गई है। दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा और जल संकट में अरावली के क्षरण की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अरावली में वन्यजीव लगभग खत्म होने को है। खनन के विकल्प पर विचार करना होगा। खनन मुख्यत पत्थर के लिये होता है और पत्थरों से सुन्दर घर बनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है, इस परम्परा पर नये सिरे से चिन्तन करने की अपेक्षा है। घर या इमारत बनाने के दूसरे संसाधन पर सोचना होगा। जिनसे मकान तो बहुत बन जायेंगे, पर कटने वाले पहाड़ फिर कभी खड़े नहीं होंगे। पर्यावरण एवं प्रकृति रक्षक ये पहाड़ कहां से लायेंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के साथ-ही-साथ उत्तराखण्ड में भी जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चिन्ता का इजहार किया है। लेकिन अदालतों के साथ सरकारों को भी पर्यावरण, प्रकृति, पहाड़, पहाड़ी जंगलों एवं वन्यजीवों पर कड़ा रुख अपनाना होगा और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखना होगा।

तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो विश्व के अनेक देशों ने अपनी प्राचीन पर्वतमालाओं और प्राकृतिक संरचनाओं को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया है। यूरोप में आल्प्स, अमेरिका में रॉकी पर्वत और चीन में पीली नदी के बेसिन क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों में खनन और निर्माण पर कठोर नियंत्रण है, क्योंकि वहां यह समझ विकसित हो चुकी है कि प्रकृति की कीमत पर आर्थिक समृद्धि टिकाऊ नहीं होती।

कोहरे से होने वाले हादसे रोकने के हों गंभीर प्रयास

16 दिसंबर को पंजाब में घने कोहरे के चलते बरनाला व तपा मंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। विडंबना है कि जब हमने चांद व मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं?

रोहित माहेश्वरी

उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यमुना एक्सप्रेसवे पर 16 दिसंबर को मथुरा के पास कोहरे के कारण सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 बसें और 3 कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इस हादसे से ठीक दो दिन पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ। विजिबिलिटी कम होने के कारण यूपी-हरियाणा में एक के बाद एक कई हादसे हुए, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इन सभी हादसे की वजह कम विजिबिलिटी बताई जा रही है।

घने कोहरे के मौसम में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बन जाती है। खासकर उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, होने वाले कुल सड़क हादसों में करीब 9 फीसदी सड़क हादसे धुंध की वजह से होते हैं। धुंध की वजह से होने वाले सड़क हादसों में मौतों से दोगुनी संख्या घायलों की होती है। रिपोर्ट की मानें तो करीब कई हजार से ज्यादा लोग घायल हो जाते हैं। पिछले साल संसद में सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया है कि साल 2019 में कोहरे कि वजह से 35,602 सड़क दुर्घटनाएं हुई, वहीं साल 2020 में 26,541 दुर्घटनाएं दर्ज की गई, साल 2021 में 28,934 दुर्घटनाएं घटी, तो साल 2022 में कोहरा 34,262 सड़क दुर्घटनाओं की वजह बना। 16 दिसंबर को पंजाब में घने कोहरे के चलते बरनाला व तपा मंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। विडंबना है कि जब हमने चांद व मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं?

बीते 14 दिसंबर कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है। आखिर हर साल

जाड़े के दिनों में धुंध या कोहरे की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफ से क्यों नहीं की जाती?

निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं। मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से जगह-जगह खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल-ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं। जिसके चलते अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

पिछले माह राजस्थान के फलोदी के निकट एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने से दस महिलाओं व चार बच्चों समेत पंद्रह लोगों की मौत हुई थी। इस घटना पर स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी दिखाई। कोर्ट ने लगातार हादसों की वजह बन रहे इन अवैध होटलों-ढाबों पर नियंत्रण हेतु पूरे देश के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बतायी। उत्तर प्रदेश सरकार ने बढ़ते कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी जनपदों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश हाल ही में मथुरा के पास एक्सप्रेस-वे पर हुई एक भीषण दुर्घटना के बाद आए हैं। सड़क हादसों में कमी लगाने के लिए पुलिस और एनएचएआइ की संयुक्त टीम अब खासतौर पर कोहरे के समय रात को लाउडस्पीकर के जरिए वाहन धीरे चलाने के लिए चालकों को जागरूक करेगी और साथ ही वाहन की गति, चालक के वाहन चलाते समय शराब पीने की जांच आदि भी करेगी। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण पिछले एक सप्ताह में दिन के समय ही 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा चुके हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने टोल प्लाजा के नजदीक विशेष पिकेट लगाई है। यहां ड्राइवरों को कुछ देर के लिए रोका जा रहा है, जहां पुलिसकर्मी उनका मुंह धुलवा रहे हैं, ताकि नींद पूरी तरह टूट जाए। पिकेट पर ड्राइवरों को मुंह धुलवाने के बाद गर्मागर्म चाय और बिस्कुट भी दिए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ड्राइवरों को तरोताजा कर आगे की यात्रा के लिए सतर्क बनाना है। जानकारों के अनुसार कोहरे के मौसम में सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन बेहद जरूरी होता है। कोहरे में वाहन चलाते समय तेज न चलाएं, ओवरटेक करने से बचें, बीच सड़क पर वाहन न चलाएं अचानक वाहन न रोके। जहां भी सड़क पर वाहन रोके सड़क के बिल्कुल किनारे संभव हो तो सड़क से नीचे उतार लगाए। इंडिकेटर लाइट्स जला कर रखे। पारदर्शिता न हो तो वाहन न चलाएं, वाहन को खड़ी कर दें। दृश्यता कम होने के कारण वाहन के पीछे लगा रिफ्लेक्टर एवं पट्टी दिखाई नहीं देती, जिसके कारण दुर्घटना घटित हो जाती है। निर्माण कार्य वाले स्थानों पर रिफ्लेक्टिव बैरिकेड्स, चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त लाइटिंग होनी चाहिए। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे भारी वाहनों को खड़ा करना पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन में कमी को भी बताया गया।

खुद ही मिट जायेंगे गांधी को मिटाने वाले

याद कीजिये 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फ़ोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी खूब फ़ोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है।

तनवीर जाफ़री

महात्मा गाँधी के नाम से नफ़रत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत - गारंटी फ़ॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अथवा संक्षेप में वीबीजी राम जी कर दिया। हालांकि पहले यह ख़बरें थीं कि इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोज़गार योजना का नाम दिया जायेगा परन्तु आख़िरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गाँधी का नाम हटा ही दिया। ग़ौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा की गयी थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोज़गार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मज़बूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं, क़ानूनों, मार्गों, शहरों, स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है।

भाजपा, गांधी का सम्मान करती है,सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुये नज़र आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गाँधी का हत्यारा कौन था, उसकी विचारधारा क्या थी? आज उस विचारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो ख़ास तौर पर जिसतरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया, यहाँ तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया, गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया गया, उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किये गये यह सब इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि वर्तमान सत्ता के साये तले महात्मा गाँधी के प्रति नफ़रत ख़ूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेज़ों के तलवे चाटे थे, उनके रहमो-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया, यहाँ तक

कि ख़ुद अंग्रेज़ भी झुककर सम्मान देते हैं?

यह पहला मौक़ा नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिये 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फ़ोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी ख़ूब फ़ोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि गांधी एक चतुर बनिया था। उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए चतुर बनिया शब्द का इस्तेमाल कर गाँधी का अपमान करने का आरोप लगाया था। उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आज़ादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है,जैसा अंग्रेज़ों ने किया था।

31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा ज़िले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था । बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊँचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है। इस प्रतिमा को स्थापित करके भाजपा ने एक तीर से कई शिकार खेलने की कोशिश की। उनमें एक कोशिश यह साबित करना भी थी कि गुजरात का सबसे ऊँचा व्यक्तित्व गांधी का नहीं बल्कि सरदार पटेल का है। दूसरी यह कि नेहरू के मुक़ाबले में वह पटेल को बड़ा दिखाना चाहती थी। परन्तु अपने उन प्रयासों में वह न तो गाँधी को छोटा कर सकी न ही नेहरू-पटेल के कथित मतभेदों को हवा दे सकी। हाँ पटेल की प्रतिमा लगाने से यह ज़रूर साबित हो गया कि संघ - भाजपा के पास अपना कोई भी नेता ऐसा नहीं था जिसकी इतनी ऊँची प्रतिमा बनवाई जा सकती। और यह भी कि गांधी-नेहरू को पटेल से छोटा दिखाने की छटपटाहट में वह यह भी भूल गयी कि स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने ही 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के तुरंत बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगा दिया था। यह बैन 4 फ़रवरी, 1948 को तब लगाया गया था जब यह चिंता थी कि संघ की गतिविधियों ने सांप्रदायिकता फैलाई है जिससे हिंसा को बढ़ावा मिला है। पटेल ने फ़रवरी 1948 में नेहरू को लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि संघ के सदस्यों ने गांधी की मौत का जश्न मनाया। सर्वविदित है कि गांधी की हत्या हिंदू महासभा से जुड़े आर एस एस के ही पूर्व सदस्य नाथूराम गोडसे ने की थी, जिसके बाद सरकार ने उन संगठनों के ख़िलाफ़ तुरंत कार्रवाई की जिन्हें नफ़रत फैलाने वाला माना जाता था। पटेल नेसंघ को अस्थिर करने वाला संगठन माना, और इसकी विचारधारा को साम्प्रदायिक बताया। बहरहाल दुनिया भर से दिल्ली पहुँचने वाले राष्ट्राध्यक्षों व राष्ट्र प्रमुखों के दिल्ली आगमन पर राजघाट पहुंचकर उन्हें नमन करना या विश्व शांति व बंधुत्व के लिये दुनिया भर में बुलाये जाने वाले मार्च व प्रदर्शनों में गाँधी के चित्रों व उनके सद्भावनापूर्ण विचारों को सर्वोपरि रखना या फिर दुनिया के अनेक देशों में प्रमुख स्थलों पर गाँधी की आदमक़द प्रतिमाओं को सम्मान दिया जाना इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि महात्मा गाँधी का नाम किसी योजना से हटाने, उनका नाम शौचालयों पर लिखने या नालों के किनारे उनकी फ़ोटो लगाकर उनका अपमान करने जैसे छिछोरे प्रयासों से न तो गांधी का क़द घटने वाला है न ही उनका नाम मिटने वाला है।

स्थानीय निकायों की व्यवस्थायें दुरुस्त करायें : मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

■ खराब कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवही करें

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने स्थानीय निकायों के कार्यो की समीक्षा करते हुए मण्डल के तीनों जनपदों के प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय को निर्देश दिया कि अपने अपने जनपदों की समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का निरीक्षण करें तथा निकायों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करायें। उन्होंने कहा कि निकायों में खराब कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही भी करें। बैठक में अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन ने गत दिवस मण्डल के अन्तर्गत कतिपय नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में किये गये निरीक्षण के सम्बन्ध में अवगत कराया कि उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान निकायों में स्थित कई सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी शौचालयों में सफाई व्यवस्था अत्यन्त दयनीय पाई गयी, पानी, बाल्टी, मग आदि की भी व्यवस्था भी नहीं थी।

इसके अलावा जितने प्याऊ का निरीक्षण किया गया उसमें अधिकांश की टोटियॉ खराब थीं, फर्श पर काई और मिट्टी की परतें जमी हुई पाई गयी थीं, टैंकों की सफाई भी कहीं नहीं पायी गयी। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति सभी निकायों में होना संभावित है, इसलिए सभी प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय अपने अपने जनपद के अन्तर्गत सभी निकायों का स्वयं निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करायें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों द्वारा निकायों में भ्रमण नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी ईओ को सख्त निर्देश दिया कि समय से कार्यालय में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं को सुनें तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ सद्व्यवहार करते हुए समस्याओं का निराकरण करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि नियमित रूप से निकायों का भ्रमण कर स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी लें तथा तद्नुसार कार्यवाही करें।

महामानव थे अटल बिहारी वाजपेई : भूपेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के पूर्व भाजपा देवरिया के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भुजौली कालोनी स्थित अटल पार्क में एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाया। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अटल जी के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पार्क की साफ-सफाई के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ बनाया। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा, यह स्वच्छता अभियान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों को याद करते हुए, हम स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं। अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और जन जागरूकता अभियान भी शामिल थे।

हिंदू समुदाय को निशाना बनाना इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध

अवधनामा संवाददाता

■ इस्लाम शांति, न्याय, करुणा और मानव गरिमा के सम्मान पर आधारित धर्म है

लखनऊ। ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन अपने सेक्रेटरी जनरल सैयद बाकर अशरफ किछौछवी के नेतृत्व में, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कुछ तत्वों द्वारा की जा रही हिंसा, धमकी और उत्पीड़न की घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इस प्रकार के कृत्य अत्यंत निंदनीय हैं और इस्लाम की सच्ची, नैतिक तथा सार्वभौमिक शिक्षाओं का घोर उल्लंघन हैं।

इस्लाम शांति, न्याय, करुणा और मानव गरिमा के सम्मान पर आधारित धर्म है। पवित्र क़ुरआन और पैग़म्बर मुहम्मद की शिक्षाएँ स्पष्ट रूप से निर्दोष लोगों के विरुद्ध—उनके धर्म या आस्था की परवाह किए बिना—अत्याचार, अन्याय और हिंसा को निषिद्ध करती हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना, उपासना स्थलों पर हमले करना या भय और असुरक्षा का वातावरण बनाना न केवल अन-इस्लामी है, बल्कि मानवीय मूल्यों और नैतिकता के भी विरुद्ध है।

इस विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के सेक्रेटरी जनरल सैयद बाबर अशरफ़ किछौछवी ने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप की सदियों पुरानी सूफ़ी परंपरा ने हमेशा अंतरधार्मिक सौहार्द, शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा दिया है। इस धरती के संतों और विद्वानों ने सिखाया कि मानवता की सेवा ही सर्वोच्च इबादत है और किसी भी इंसान को नुकसान पहुँचाना ईश्वरीय अमानत से विश्वासघात है। इस्लाम के नाम पर की जाने वाली अतिवादी गतिविधियाँ न केवल निर्दोष लोगों के जीवन को खतरे में डालती हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इस्लाम की छवि को भी नुकसान पहुँचाती हैं और नफ़रत व विभाजन फैलाने वाली ताक़तों को मज़बूत करती हैं।

चौधरी चरण सिंह ने किसानों को उनका मालिकाना हक दिलाया

आजमगढ़। किसानों के मसीहा रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय लोकदल जिलाअध्यक्ष महमूद खां के नेतृत्व में शहर के कलेक्ट्रेक्ट स्थित रिक्शा स्टैंड पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में बतौर अतिथि पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर व अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान प्रभावित होकर अकमल आजमी ने पार्टी की सदस्यता लेते ही जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी साहब एक किसान हितैषी थे। उनके शासन काल में किसान को कभी भी खाद या पानी की किल्लत नही हुई, उन्होने किसानों को उनका मालिकाना हक दिलाया। प्रदेश सचिव धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि चौधरी साहब कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहानों से होकर गुजरता है। इस दौरान प्रदेश कार्य सचिव सदस्य पतिराम यादव, मण्डल अध्यक्ष राममिलन चौहान, कलाम, मोतीन आदि उपस्थित रहे।

सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण जल्द करें

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक कर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त उधोग प्रभात यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान भी दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण तीन दिन के भीतर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत जनपद का लक्ष्य 1700 प्रकरणों का था, जिसके सापेक्ष अब तक केवल 967 प्रकरण स्वीकृत हो सके हैं।

एसडीएम ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

उरई (जालौन)। उप जिलाधिकारी न वीडिओ के साथ कदौरा ब्लाक के दो ग्रामों की गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा।

डीएम राजेश कुमार पांडे के निर्देश पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह वीडिओ कदौरा संदीप मिश्रा के साथ ग्राम मटरा स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशालाओं की छाया तथा सर्दी से बचने के लिए अलाव तथा हरा चारा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौजूद संचालक को सख्त निर्देश दिए की सरकार के निर्देशन अनुसार गायों को भरण पोषण करने में किसी भी कोताही न बरती जाए। उन्होंने ग्राम कुरहना आलमगीर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर बंद गायों के लिए सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया तथा गायों के पीने वाले पानी की गुणवत्ता को परखा। पानी में गंदगी पाए जाने पर मौजूद संचालक को जमकर फटकार लगाई।

बुलडोजर से सहमे व्यापारियों ने बंद किए प्रतिष्ठान, अफसरों से लगाते रहे गुहार

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। बुलडोजर की दहाड़ जहां सत्ता की शान बन रही हैं वहीं आम जनता इससे भयभीत है। महानगर में अब बस अड्डे के सामने रेलवे भूमि पर बनी दुकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। रेलवे द्वारा दुकानों पर लाल क्रास का निशान बनाने से व्यापारी सहम गए हैं। बुधवार को व्यापारियों ने रेलवे की कार्रवाई के खिलाफ अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और प्रशासन व रेल अफसरों से गुहार लगाते दिखाई दिए।

दरअसल, बस अड्डे के सामने रेलवे की भूमि पर करीब 165 दुकानें वर्षो से बनी हुईं हैं। करीब बीस साल से रेलवे द्वारा इन दुकानों को ध्वस्त करने की कोशिश जारी है। रोजगार को बचाने और रेलवे की कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों ने अदालत में याचिका दायर कर रखी है। मामला अदालत में विचाराधीन होने के कारण ही रेलवे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं कर पाया है। बताया जाता है कि बीतों दिन फिर रेलवे द्वारा सभी दुकानों पर लाल क्रास बना दिया गया। रेलवे की तरफ से कहा गया है कि अदालत ने व्यापारियों का केस खारिज कर दिया है इसलिए अब ध्वस्तीकरण किया जाएगा। व्यापारी टिल्लू अरोरा का कहना है कि 165 दुकानों का केस अभी विचाराधीन है और रेलवे द्वारा ध्वस्तीकरण की कोशिश असंवैधानिक है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों और कामगारों के परिवार मिलाकर करीब 25 हजार लोगों की रोजी-रोटी इन दुकानों से चलती है जिसे रेलवे द्वारा उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। व्यापारियों ने बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट से मिलकर अपना पक्ष रखा और दुकानों का ध्वस्तीकरण रोकने की गुहार लगाई है। व्यापारियों ने बताया कि यह भूमि एनईआर के आधीन थी और उन्होंने ही यहां किराया लेकर व्यापार शुरू कराया था। इसके बाद यह भूमि नार्दन रेलवे के आधीन आ गई। नार्दन रेलवे द्वारा किराया नहीं लिया जा रहा है। रेलवे के संपदा अधिकारी ने एक दिन में डेढ़ सौ बेदखली आदेश पारित कर दिया था।

संक्षिप्त समाचार

9537 बच्चों को पिलाई गयी पोलियो की दवा

जालौन, उरई (अवधनामा संवाददाता)। 0 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान 14 दिसम्बर से शुरू किया गया था, जिसमे दो चरणो मे9537 लाभार्थियो को पोलियो की दवा पिलाई गयी।उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ के चिकत्सा अधीक्षक डा कपिल गुप्ता ने दी। 14 दिसंबर से शुरु हुये अभियान मे पहले दिन नगर के अलग-अलग विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में 35 जगह पर पोलियो बूथ स्थापित किये गये थे जिसमे 5127 बच्चों को दवा पिलाई गई। जबकि 21 टीमों के द्वारा घर-घर में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 5 दिनों तक अभियान चलाया गया। अभियान में आशा बहू, एएनएम एवं आंगनवाड़ी वर्कर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी एवं एनजीओ वर्कर द्वारा कार्य किया गया।

91 प्रगतिशील किसान सम्मानित

जालौन, उरई (अवधनामा संवाददाता)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में जनपद में

श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय उरई स्थित जमुना पैलेस में कृषि विभाग के तत्वावधान में भव्य किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के प्रगतिशील किसानों सहित खेती-किसानी से जुड़े सैकड़ों किसानों ने सहभागिता की। किसान मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देकर कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करना रहा।

23 पेटी अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

भाटपार रानी, देवरिया (अवधनामा संवाददाता)। खामपार पुलिस ने एक चारपहिया कार में लादकर बिहार ले जाते समय कुल 23 पेटी अवैध देशी व अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ भाटपार रानी अंशुमान श्रीवास्तव व थानाध्यक्ष खामपार प्रदीप अस्थाना ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के नवादा मोड़ के पास से एक चार पहिया मारुति सुजुकी कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बिहार ले जाते समय कुल 23 पेटी अवैध देशी व अंग्रेजी शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कुल 23 पेटी अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

लार, देवरिया (अवधनामा संवाददाता)। समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) लार में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों को शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों व लक्ष्यों के प्रति उन्मुख करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह ने कहा कि लार ब्लॉक के कई विद्यालयों में विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ब्लॉक के सभी विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे, जिससे शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं और बेहतर होंगी।

घर पर बम से हमले से आक्रोशित किन्नरों ने चहनिया चौराहा किया जाम

अवधनामा संवाददाता

■ कई थाने की पुलिस तैनात

चन्दौली। बलुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत चहनिया चौराहे पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब किन्नर समाज के लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि किन्नर समाज के लोग दो दिन पूर्व उनके एक साथी के घर पर हुए कथित बम हमले को लेकर आक्रोशित हैं और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शन कर रहे किन्नरों का कहना है कि दो दिन पहले तीन लोगों द्वारा मोहर गंज खुशबू किन्नर के घर पर बम से हमला किया गया था। इस घटना से पूरे किन्नर समाज में भय और आक्रोश का माहौल है। उनका आरोप है कि घटना के बाद दोषियों को गिरफ्तार किया गया लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, उनके घर पर बुलडोजर चलवाया जाय। जिससे नाराज होकर वे सड़क पर उतरने को मजबूर हुए हैं।

जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीएम सकलडीहा कुंदन राज कपूर सीओ स्नेहा तिवारी सहित कई थाने की भारी पुलिस फोर्स पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाने-बुझाने की कोशिश की। इस दौरान किन्नर समाज के लोगों ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि जिस व्यक्ति या जिन लोगों ने बम से हमला किया है, उनके घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाए और उन्हें कड़ी सजा मिले।

प्रशासनिक अधिकारियों ने किन्नर समाज को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद किन्नर समाज के लोगों ने धीरे-धीरे जाम समाप्त किया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका। फिलहाल इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और मामले की जांच जारी है।

युवा कांग्रेसी चलाएंगे सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन

देवरिया। भाजपा सरकार में युवा वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है, नौजवान नौकरी के लिए दर दर भटक रहा है।इस सरकार ने नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन यह घोषणा केवल हवा हवाई बन कर रह गया। उक्त बातें देवरिया विधानसभा क्षेत्र के खरोह चौराहे पर युवा कांग्रेस के कार्यो की संगठनात्मक समीक्षा और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी पर चर्चा करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप ठकुराई ने कहा।उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे। इस सरकार ने शिक्षा की फीस इतनी महंगी कर दिया है कि गरीब व मध्यम वर्ग के छात्र शिक्षा से वंचित हो रहा है। बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही है लेकिन भाजपा को इससे कुछ लेना देना नही है।

महान समाज सुधारक थे पेरियार रामासामी नायकर : चंद्रभूषण

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। अंधश्रद्धा एवं पाखंडवाद के प्रबल विरोधी ई व्ही पेरियार रामासामी नायकर ने देश के शोषित -पीड़ित समाज को सामाजिक परिवर्तन हेतु जागरूक कर एक अंधश्रद्धा विहीन समाज निर्माण का पथ प्रशस्त किया,उक्त बातें पेरियार साहब के स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पेरियार रामासामी नायकर देश के महान समाज सुधारक थे जिनकी विचारधारा का नूतन स्वरूप अखिलेश यादव का पीडीए आंदोलन है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पेरियार साहब ने देश के वंचित समाज को प्रतिनिधित्व दिलाने हेतु आजादी से पूर्व ही कांग्रेस के अधिवेशनों में प्रस्ताव रखा लेकिन कांग्रेस के यथास्थितिवादी नेताओं ने पेरियार के प्रस्ताव को न केवल अस्वीकार किया बल्कि उन्हें अपमानित कर अधिवेशन से बाहर कर दिया। पेरियार इस देश के तनहीन, मनहीन, धनहीन जमातों के नायक थे जिनके सामाजिक न्याय आंदोलन को आज समाजवादी पार्टी पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। उक्त अवसर पर पेरियार साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख सपाईयों में रामप्यारे यादव, व्यास यादव, इंद्रासन यादव, सुरेश नारायण सिंह आदि के नाम प्रमुख हैं।

जिला जज एवं सीओ संभल ने बच्चों को बांटे स्मार्ट गेम्स

अवधनामा संवाददाता

संभल। एंजेल्स पब्लिक स्कूल, संभल ने हमेशा से ही उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों से सबका ध्यान आकर्षित किया है। इसी शानदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रतिष्ठित टॉय कंपनी स्मार्टिविटी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के गर्वित शर्मा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और मानसिक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर प्रैक्टिकल और इंटरैक्टिव लर्निंग प्रदान करना था।इस खास मौके पर स्मार्टिविटी लैब्स ने स्कूल के बच्चों को स्टीम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) आधारित शैक्षिक खेल किट्स वितरित किए। ये किट्स सिर्फ खिलौने नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक पूरा लर्निंग एडवेंचर हैं। बच्चे खुद इन वुडन किट्स को असेंबल करते हैं, जैसे ग्लोब एक्सप्लोरर, पिनबॉल मशीन, ह्यूमन बॉडी मॉडल,माइक्रोस्कोप आदि से खेल-खेल में विज्ञान के जटिल कॉन्सेप्ट्स को समझते हैं। ये खेल सोचने-समझने की क्षमता, समस्या समाधान, क्रिएटिविटी और मोटर स्किल्स को जबरदस्त बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज एटा अहम उल्ला खान और सीओ संभल आलोक भाटी ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

देवरिया। समाजवादी पार्टी के तत्वधान में पडरी गजराज स्थित मैरेज हाल मे समाजवादी पार्टी सलेमपुर के बीएलएगण का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए एसआईआर कार्यो के प्रभारी ओपी यादव ने कहा की आप सबकी जिम्मेदारी बहुत हि बडी जिम्मेदारी है आप हि के दम पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने सत्ता परिवर्तन का शंखनाद किया है। यदि 2027 मे हम चुक गये तो सच मानीए भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र व संविधान का समूल नाश कर देगी आपको अपने बूथों पर डटकर एसआईआर कार्यो को करना होगा तभी लोकतंत्र की रक्षा होगी व हम सभी के चेहरे पर रौनक आएगी। कार्यक्रम को सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, पूर्व विधायक सुरेश यादव, स्वामीनाथ यादव, मनबोध प्रसाद,धर्मेन्द्र सोलंकी, कमलेश पांडेय, इस्लाम अंसारी, प्रोसेसर एचडी भारती, रंजना भारती, सुनीता, प्रमोद, प्रभाभारती, विमलेश पाल धनगर, मालवीय प्रसाद निर्मल, हरेराम आर्या, प्रमोद, पवनसहित सैकडों लोगों ने संबोधित किया।

किसान हित व भ्रष्टाचार के खिलाफ जीवन भर लड़ते रहे चौधरी चरण सिंह : इकबाल

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी की बैठक में महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी ने कहा है कि चौधरी चरण सिंह हमेशा किसान हितों और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करते रहे। इस मौके पर किसानों के मसीहा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

शिविर कार्यालय पर हुई बैठक में इकबाल अंसारी ने कहा कि महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह ने अपने जीवन काल में हमेशा किसानों की बात की। उन्होंने कृषकों के हित को सर्वोपरि माना। भारत को गांवों का देश करार देते हुए ग्रामीण व्यवस्था को बेहतर बनाने की जद्दोजहद करते रहे। राजनीतिक हितों से इतर किसानों के लिए सबको साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह का मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्म हुआ था। आगरा विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई करके गाजियाबाद से वकालत की शुरूआत की थी। महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े और नमक सत्याग्रह में भाग लिया तथा जेल भी गए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किसानों और ग्रामीण समाज की समस्याओं को समझा। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधारों के प्रमुख सूत्रधार रहे और जोत अधिनियम 1960 जैसे कानूनों के जरिए किसानों को जमीन पर अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत वर्ष 2024 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के विचार और संघर्ष आज भी प्रासंगित हैं। बैठक का संचालन दाऊद ने किया। नसीम पाशा, सलीम वारसी, शुएब हसन खा, अकरम अंसारी, नजीर अंसारी, आसिफ अंसारी, अरबाज खा, हसन सलमानी, सुभान अंसारी, हाजी रशीद अंसारी, गजेंद्र सिंह यादव, डॉ सोमवीर सिंह यादव, शमशाद अंसारी, तरूण गुप्ता, नितिन कुमार, लालू परवेज, अहमद आदि शामिल रहे।

सेंट अल हनीफ एजुकेशनल सेंटर में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। सेमरा स्थित सेंट अल हनीफ एजुकेशनल सेंटर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष हाजी वसीम अहमद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, रिले रेस, स्किपिंग रेस आदि प्रमुख रहीं। साथ ही खो-खो, कबड्डी एवं वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले भी आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। समस्त कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या सारिका सिंह के सक्षम मार्गदर्शन में तथा खेल प्रभारी समारू यादव के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

देश में शान्ति के लिए यीशू के बताए मार्ग पर चलें: अमित यादव

- केक काटकर मनाया प्रभू यीशू का जन्मदिन, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस डे

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। प्रेम स्नेह व परोपकार का संदेश देने वाले प्रभू यीशू के जन्मदिन हम सभी आज मना रहे हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम सभी समाज में प्रेमस्नेह का वातावरण बनाएं। इस त्यौहार का असल मकसद आपस में भाईचारा स्थापित करना और किसी के साथ धर्म, जाति या रंग को लेकर भेदभाव न करना है। यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। बुधवार को जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में क्रिसमस का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांता क्लास की पोशाक पहनकर जिंगल बेल्स पर नृत्य किया और जब सांता क्लॉज ने मंच पर प्रवेश किया तब बच्चों ने तालियों के साथ स्वागत किया। दूसरी ओर क्रिसमस कैरल सॉन्ग, जिंगल बेल जिंगल बेल जिंगल ऑल द वे तथा वी विश यू अ मैरी क्रिसमस एंड ए हैप्पी न्यू ईअर आदि गीतों के साथ समाँ बाँध दिया। इसके साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सांता क्लॉज के भेष में नन्नें मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर प्रभू यीशू का जन्मदिवस मनाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि देश व समाज में शान्ति के लिए प्रभू यीशू के बताए मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने समाज को प्रेमस्नेह व परोपकार करने का संदेश दिया है। सांता क्लॉज की दूसरों को खुशियाँ बाँटने की आदत हमें अपने जीवन में भी अपनानी चाहिए और हमें भी दूसरों के दुख-सुख में साथ देना चाहिए। छात्रों ने सांता क्लॉज बनकर नन्ने मुन्ने बच्चों को टॉफ़ियाँ वितरित कीं। इस मौके पर ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, सरनाम सिंह, विकास कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, आशीष कुमार, दुर्गेश कुमार, रंजीत कुमार, अमन एजाज सिद्दीकी, यादव, सचिन कुमार, रागिनी, प्रेमा राजपूत, मुस्कान इदरीसी, इशा नाज, फ़राह खान, सौम्या, श्रुति, अल्का दुबे, आरती राजपूत, सीमा राजपूत, दीपिका तिवारी, स्वाती अवस्थी, सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

नीतीश कुमार द्वारा महिला के अपमान को लेकर समाजवादियों ने दिया ज्ञापन

मथुरा। समाजवादी पार्टी महिला सभा के तत्वावधान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सार्वजनिक मंच पर बेटी के हिजाब हटाने और इस कृत्य के समर्थन में यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा बेटी को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन मार्च करते हुए बर्खास्त करने और मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष बबिता यादव के नेतृत्व में समाजवादियों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सपा की प्रदेश सचिव डॉ. शबनम कुरैशी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस अश्लील हरकत को लेकर कहा कि यह अपमान केवल डॉ.नुसरत जहां का ही नहीं देश की हर नारी शक्ति का अपमान है चाहे वह किसी भी धर्म की को हिजाब हो या दुपट्टा या साड़ी सबका सम्मान होना चाहिए। और महिला सभा की जिलाध्यक्ष बबीता यादव ने कहा की ऐसे बयान महिलाओं के प्रति दूषित मानसिकता को दर्शाता है किसी भी महिला के घूंघट और नकाब को हाथ लगाना सभ्य समाज की सोच हो ही नहीं सकती इसकी जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है।

ऐसे आयोजनों से छिपी प्रतिभाओं मे निखार आता है : जुनैद सिददीकी

- दंगल समापन पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने मिलवाया पहलवानों का हाथ

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझपुरवा के पायका मैदान मे चल रहे दस दिवसीय दंगल प्रतियोगिता मे अंतिम दिवस पर देश के मशहूर पहलवानों ने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। जम्मू कश्मीर से आए पूर्व बीएसएफ के जवान जावेद गनी ने उत्तराखंड के कुंभकर्ण पहलवान को पटकनी देकर कुश्ती जीत ली। भयंकर दांव पेंच मे हुई इस कुश्ती से दर्शकों मे गजब का उत्साह देखने को मिला। बुधवार को दंगल मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के पुत्र जुनैद सिद्दीकी ने जम्मू कश्मीर से आए पहलवान जावेद गनी व उत्तराखंड के कुंभकर्ण पहलवान के बीच हाथ मिलवाया। आयोजकों ने मुख्य अतिथि जुनैद सिद्दीकी का फूल माला व पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जुनैद सिद्दीकी ने कहा कि विभिन्न खेलों के माध्यम से बच्चों और युवाओं मे नई-नई जानकारी के साथ आपसी प्रतिस्पर्धा जागृत होती है तथा नए-नए विचारों का आदान-प्रदान होता है इसी प्रकार से दंगलों के माध्यम से युवाओं की कुश्ती से पहलवानों के अंदर प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ नए-नए दांव पेंच देखने तथा सीखने का मौका मिलता है। दंगल रेफ़री जलालाबाद निवासी सादिक पहलवान ने दोनों पहलवानों के बीच कुश्ती करवाई। अंतिम दिन दंगल कमेटी ने छोटी बड़ी बारह कुश्तियां करवाई। नेपाल के महावीर थापा पहलवान ने राजस्थान के लाला पहलवान को पटकनी दी, अयोध्या के काशीदास बाबा ने राजस्थान के बादशाह पहलवान को पटकनी देकर कुश्ती अपने नाम कर ली। जम्मू कश्मीर के गुलाम मोहम्मद ने उत्तराखंड के काला पहलवान को हराकर कुश्ती जीत ली। इस दौरान पूर्व प्रधान वकील अहमद सिद्दीकी, पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी, रालोद जिला अध्यक्ष जावेद हुसैन, गुड्डू बंबईया, परवेज फौजी सहित हजारों की संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

ललितपुर की बेटी रिया ने रचा इतिहास

ललितपुर। ललितपुर की बेटी रिया जैन बड़कुल ने जिले का रौशन किया है। उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में सर्वोच्च अंक हासिल करके विश्वविद्यालय में टॉप किया है। बीते रोज उसे दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। जनपद के इतिहास में यह पहली उपलब्धि है कि जब किसी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एलएलएम जैसी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया हो। रिया जैन बड़कुल शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निशांत व स्वाति बड़कुल की पुत्री हैं। शुरुआत में रिया का मन नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डाक्टर बनने का था। इसी बीच अचानक उसे वकालत के क्षेत्र में रूचि होने लगी और उसने मात्र तीन महीने की तैयारी में ही क्लेट में क्वालीफ़ाई कर लिया। नागपुर एनएलयू से एलएलबी पास करने के बाद उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में प्रवेश किया और यहाँ अथक परिश्रम की दम पर सर्वोच्च अंक हासिल किए।

क्रिसमस पर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाए गिरजाघर

मथुरा। क्रिसमस पर्व पर गिरिजा घरों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। बुधवार को शिक्षण संस्थाओं में क्रिसमस पर्व की धूम रही। शैमरोस लिटिल चैंप्स स्कूल राधा सिटी में क्रिसमस मनाया गया। मैनेजर सुनील कुमार एवं समस्त स्टाफ बच्चों को बधाई दी। बच्चों ने उत्साह से क्रिसमस ट्री बनाए और सजाए। सेंटा ने बच्चों को उपहार वितरित किये। इसका आयोजन नगर के सभी गिरजाघरों 25 दिसंबर को होगा। ईसाई समुदाय के लोगों ने अपने अपने घरों में क्रिसमस ट्री घरों में लगाएं हैं, इस दिन अपने अपने संबंधियों, मित्रों को गिफ्ट देंगे। बुधवार की देर रात्रि में ईसाई समाज के लोग परिवार सहित कृष्णापुरी।

छात्रवृत्ति फार्म न भेजने वाली 90 शिक्षण संस्थाओं को भेजे नोटिस

मथुरा। दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित न करने वाले शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद मथुरा में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत अनेक छात्र छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं, किन्तु कुछ शिक्षण संस्थानों द्वारा उक्त आवेदनों को समय से अग्रसारित नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित संस्थानों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, व्हाट्सएप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से बार-बार निर्देशित किया गया, परन्तु इसके उपरान्त भी संस्थानों द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। परिणामस्वरूप पात्र छात्र, छात्राओं की छात्रवृत्ति प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए छात्रहित में निम्नलिखित शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा रही है। यदि निर्धारित समयावधि में छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित नहीं किए जाते हैं, तो सम्बन्धित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार प्रशासनिक, दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसके लिए संबंधित संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी।

उ. प्र. उद्योग व्यापार मंडल ने संस्थापक सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन के स्थापना दिवस पर संस्थापक सदस्य पंडित श्याम बिहारी मिश्रा एवं लाल विशंभर दयाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने दोनों महान विभूतियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सुशील दुबे प्रदेश संयुक्त महामंत्री ने कहा कि पंडित श्याम बिहारी मिश्रा एवं लाल विशंभर दयाल अग्रवाल ने व्यापारियों के हितों की रक्षा और संगठन को सशक्त बनाने के लिए आजीवन कार्य किया। संजीव गुप्ता संजू जिला संयुक्त महामंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को एक मजबूत पहचान मिली और व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सका। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों रामकुमार पाठक, विजय दुबे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुराग गुप्ता नगर अध्यक्ष, नगर महामंत्री कमलेश राजपूत, राकेश कौशल ने उनके बताए मार्ग पर चलने और व्यापारियों की एकता व अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इसके बाद प्रशांत चौरसिया को नगर महामंत्री किराना एसोसिएशन की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर टिंकू बॉथम, यतीश प्रजापति, कंचन गुप्ता, बबलू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, आनंद यादव, कयूम खान, सूरज खान, ब्रजेश कौशल, सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संस्थापक सदस्यों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी प्रेरणा से संगठन आगे बढ़ता रहेगा।

स्वामी श्रद्धानंद सच्चे देशभक्त संन्यासी थे

ललितपुर (तेरईफाटक)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण विभाग तालबेहट द्वारा ग्राम तेर ईफाटक में स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता व स्वामी श्रद्धानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य संत त्यागी जी महाराज ने की तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झांसी विभाग के प्रचार प्रमुख मनोज कुमार तिवारी टाटा भइया रहे। मुख्य वक्ता ने स्वामी श्रद्धानंद जी के विषय में अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी जी सच्चे देशभक्त संन्यासी थे। स्वामी जी शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के सन्यासी थे जिन्होंने अपना जीवन स्वदेशी शिक्षा, स्वराज्य और वैदिक धर्म के प्रचार के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूज्य त्यागी जी महाराज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना की।

कारोबारियों ने महानगर की व्यवस्था को लेकर एडीजी के सामने रखे कुछ सुझाव

- पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ का सम्मान किया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ का सम्मान किया। प्रतिनिधि मंडल ने अपनी ओर से सुझाव रखे कि धार्मिक आयोजनों एवं वीआईपी ड्यूटी के लिये अलग से हो फोर्स की व्यवस्था की जाए। जिससे सुचारू व्यवस्था पर कोई प्रभाव न हो। ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसे गजट कर लागू करने की स्थाई व्यवस्था की जाए। शाम के समय बाजारों में नियमित गश्त की व्यवस्था भी की जा सकती है। मंडी चौराहा के समीप बनाई गई अस्थाई चौकी स्थाई किया जाए। इस तरह के कई सुझाव नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ के समक्ष रखे। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि मथुरा धार्मिक नगरी होने के कारण यहां वीआईपी मूवमेंट अधिक होने तथा धार्मिक आयोजनों की अधिकता को देखते हुए इनके लिये अलग से फोर्स की व्यवस्था हो जिसमें दैनिक कार्य प्रभावित न हों. साथ ही ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसे स्थाई रूप से लागू किया जाये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री ने सोंख रोड पर बनी अस्थाई चौकी पर पुलिस कर्मी की स्थाई व्यवस्था करने की मांग के साथ साथ इस क्षेत्र में लगने वाले जाम की तरफ ध्यान आकर्षित किया। वरिष्ठ मंत्री विकास जिंदल ने शाम के समय पैदल गश्त की मांग रखी। अपर पुलिस महानिदेशक कुलश्रेष्ठ ने सहमति व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि हेड क्वार्टर को लिखकर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग रखी जाये तथा ट्रैफिक प्लान तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। इससे पूर्व संगठन पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अपर महानिदेशक का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री अजय गोयल, रामचंद्र खत्री, गुरमुखदास, विकास जिंदल, विनोद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

हिंदू धर्म में घर वापसी का मार्ग श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन से खोला

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। भारतीय संस्कृति का पोषक एवं जनपद का सबसे प्राचीन विद्यालय दयानंद एंग्लो वैदिक डी.ए.वी.इण्टर.कॉलेज के सभागार में आर्य समाज के प्रमुख संत, राष्ट्रवादी चिंतक तथा प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद का 99 वां बलिदान दिवस मनाया गया। उद्बोधन देते हुए विद्यालय के प्रबंधक एवं आर्य उप प्रतिनिधि सभा गाजीपुर के जिला प्रधान आदित्य प्रकाश आर्य ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद बीसवीं सदी के चमत्कारी व प्रेरक व्यक्तित्व थे। वह देश और धर्म पर सर्वस्व अर्पित करने वाले बलिदानी पुरुष थे। उन्होंने 1902 में वैदिक शिक्षा के प्रसार के लिए गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। अपने समय के वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता थे। वह दिल्ली के बेताज बादशाह थे। देश -धर्म की सेवा के लिए उन्होंने अपनी सारी संपत्ति दान कर दी। अंग्रेजों के काला कानून रोलेट एक्ट जिसे बिना वकील, बिना दलील वाला एक्ट कहा जाता था। उसके विरोध में 1919 में उन्होंने एक जुलूस निकाला। जिसे अंग्रेजों के संगीन भी नहीं रोक पाए। मुस्लिम समुदाय के आग्रह पर उन्होंने जमा मस्जिद में उद्बोधन दिया था। उन्होंने स्वर्ण मंदिर में भी संबोधन किया था। सांप्रदायिक सौहार्द के वे अग्रणी नेता थे। 23 दिसंबर 1926 के दिन ही दिल्ली में उनके निवास पर बीमारी की अवस्था में एक मतान्ध मुसलमान अब्दुल रशीद ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। डां. संतोष कुमार तिवारी ने कहा की स्वामी श्रद्धानंद आर्य समाज के महान संत और राष्ट्रभक्त सन्यासियों में अग्रणी थे।उनका जीवन शिक्षा, स्वाधीनता तथा वैदिक धर्म के प्रचार- प्रसार के लिए समर्पित था। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने उन्हें दलितों का सबसे बड़ा मसीहा कहा है। महात्मा गांधी उन्हें अपने बड़े भाई की तरह मानते थे। उन्होंने भारत को लोक अदालतों का विचार दिया। इस अवसर पर छात्रों को स्वामी श्रद्धानंद पर आधारित फिल्म आवाहन भी दिखाई गई। इसके पश्चात स्वामी श्रद्धानंद के जीवन से संबंधित एक सामान्य -ज्ञान प्रतियोगिता भी हुई।

लिटिल चैंप्स में वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता

पीलीभीत। लिटिल चैंप्स स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्ले ग्रुप (PG) के नन्हे-मुन्ने बच्चों के नृत्य से हुई, जिनकी मासूम प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद प्री-नर्सरी (PNC) एवं नर्सरी (NC) के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने मंच पर रंग बिखेर दिए। इसके पश्चात प्रस्तुत कव्वाली डांस और रेट्रो डांस की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों से खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम को और अधिक रोमांचक बनाते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ब्रीथिंलेस डांस ने अपनी तेज़ गति, ऊर्जा और तालमेल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद कक्षा 1 के विद्यार्थियों का नृत्य, कक्षा 4 एवं 5 के बालकों द्वारा जोशीला समूह नृत्य तथा कक्षा 5 की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने कार्यक्रम को एक नई ऊँचाई प्रदान की।

कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों एवं उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लकी ड्रॉ के साथ कार्यक्रम का समापन अत्यंत आनंदमय वातावरण में हुआ।

के आर में परीक्षाएं संपन्न

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। किशोरी रमण महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के निर्णय अनुसार सभी परीक्षाएं आज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई। आज अंतिम दिवस स्किल डेवलपमेंट स्वर विषय की परीक्षा केंद्र अधीक्षक प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ परीक्षा अधीक्षक प्रोफेसर देवेंद्र कुमार , असिस्टेंट चीफ प्रॉक्टर डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं समिति के सदस्यों के निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से प्रेक्टिकल तथा लिखित परीक्षा में भाग लिया।नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को वोकेशनल विषय में भाग लेना अनिवार्य है जिसके लिए महाविद्यालय स्तर पर किसी स्किल पार्टनर के साथ समझौता ज्ञापन करना अनिवार्य होता है। इसी नियम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम फीस पर महाविद्यालय किसी स्किल पार्टनर के साथ समझौता ज्ञापन कर वोकेशनल विषय का संचालन करते हैं। अन्य महाविद्यालयों की तरह किशोरी रमण महाविद्यालय, मथुरा में भी वोकेशनल ट्रेनिंग का कार्यक्रम नियमित रूप से चलता है। प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम महाविद्यालय की समिति की देखरेख में चलता है। शासन की तरफ से हफ्ते में इसके लिए एक दिन निर्धारित है किंतु किशोरी रमन महाविद्यालय में इसकी कक्षाएं सभी दिन नियमित चलती हैं। परीक्षा समाप्ति के उपरांत विद्यार्थियों से हुई बातचीत में बताया गया की परीक्षा बहुत ही अच्छी तरह से संपन्न हुई हैं।

वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 संरचनात्मक कमियों को दूर करता है: शिवराज

भारत के राष्ट्रपति ने विकसित भारत- रोज़गार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को मंजूरी दी है। यह कानून वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करता है और सशक्तिकरण, विभिन्न योजनाओं के आपसी समन्वय और व्यापक वितरण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करता है, ताकि ग्रामीण भारत मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर बन सके।

सुधारों की गलत व्याख्या वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू होते ही कुछ लोगों ने ऐसी बातें कही हैं, जो गहराई से देखने पर सही नहीं ठहरतीं। कहा जा रहा है कि रोजगार गारंटी कमजोर कर दी गई है, विकेंद्रीकरण और मांग-आधारित अधिकारों को बिना परामर्श के कमज़ोर किया गया है और यह सुधार असल में राजकोषीय खर्च घटाने का तरीका है, जिसे ढांचे में बदलाव के रूप में पेश किया जा रहा है। लेकिन ये सभी दावे इस कानून के असली उद्देश्य और प्रावधानों को ठीक से न समझ पाने के कारण किए जा रहे हैं। इस गलतफहमी का मूल कारण एक गहरी वैचारिक त्रुटि है- यह मान लेना कि कल्याण और विकास एक दूसरे के विरोधी विरोधी विकल्प हैं। नया ढांचा इसके बिल्कुल उलट सोच पर आधारित है कल्याण, जो कि वैधानिक आजीविका गारंटी को मजबूत करने पर केंद्रित है, और विकास, जो कि टिकाऊ बुनियादी ढांचे के

निर्माण और उत्पादकता वृद्धि पर केंद्रित है, परस्पर एक दूसरे को मजबूत करते हैं। आय सहायता, संपत्ति सृजन, कृषि स्थिरता और लंबे समय की ग्रामीण उत्पादकता को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक साथ चलने वाली प्रक्रिया माना गया है। यह केवल कोरी कल्पना नहीं है, बल्कि कानूनी संरचना में ही शामिल सोच है। यह कहना कि कानूनी रोजगार अधिकार कमजोर कर दिया गया है, सही नहीं है। इस कानून में रोजगार गारंटी का वैधानिक और न्यायिक अधिकार बरकरार रखते हुए उसे और मजबूत किया गया है। अधिकार घटाने के बजाय इसे 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। पहले जो प्रक्रियागत शर्तें बेरोजगारी भत्ता मिलने में रुकावट बन जाती थीं, उन्हें हटा दिया गया है और समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया

गया है। यह सुधार लंबे समय से मौजूद उस अंतर को दूर करने का प्रयास है, जो काग़ज़ पर किए गए वादे और लोगों के धरातल के अनुभव के बीच था। यह भी कहा जा रहा है कि मांग-आधारित रोजगार छोड़कर ऊपर से थोपे गए योजनागत मॉडल को लागू कर दिया गया है। यह भी एक गलत धारणा है। काम की मांग पहले की तरह ग्रामीण मजदूरों से ही आती है।

फर्क यह है कि अब काम तभी शुरू नहीं किया जाएगा जब मजबूरी या संकट बढ़ जाए, बल्कि पहले से ही भागीदारी आधारित ग्राम-स्तरीय योजना बनाकर तैयारी कर ली जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब मजदूर काम मांगें, तो उनके लिए तुरंत काम उपलब्ध हो, और प्रशासनिक तैयारी न होने के कारण उन्हें मना न किया जाए। इस तरह योजना बनाना मांग को दबाता नहीं, बल्कि उसे सही रूप से लागू करता है।

केंद्रीकरण का आरोप इस कानून की पूरी संरचना को नज़रअंदाज़ करता है। ग्राम पंचायतें पहले की तरह ही योजना बनाने और लागू करने की प्रमुख संस्था बनी रहती हैं और ग्राम सभाओं के पास स्थानीय योजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार यथावत है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब विकेंद्रीकरण बिना व्यवस्था के या कभी-कभार होने वाली प्रक्रिया नहीं रहेगा, बल्कि एक नियमित, व्यवस्थित और सहभागी प्रणाली के रूप में होगा। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं को ब्लॉक, ज़िला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जाएगा ताकि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर तालमेल, समन्वय और पारदर्शिता हो सके – न कि स्थानीय प्राथमिकताओं को दबाने के लिए। केंद्रित किया गया है सिर्फ व्यवस्था और सामंजस्य को, निर्णय लेने का अधिकार स्थानीय ही रहेगा। इस तरह यह कानून बिखराव को ठीक करता है, विकेंद्रीकरण को कमज़ोर नहीं करता। यह आरोप भी सही नहीं है कि इस सुधार को बिना किसी परामर्श के लागू कर दिया गया। इस विधेयक से पहले राज्य सरकारों के साथ व्यापक विचार-विमर्श, तकनीकी कार्यशालाएँ और विभिन्न हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चाएँ की गईं। गांव-स्तरीय योजना संरचना, विभिन्न योजनाओं के बीच समन्वय की व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस सिस्टम जैसे प्रमुख प्रावधान राज्यों से मिले सुझावों और वर्षों के अनुभव से सीखे गए सबक के आधार पर तैयार किए गए हैं।

आवंटन में वृद्धि, समानता यह धारणा भी तथ्यों से मेल नहीं खाती कि पिछले दशक में रोजगार गारंटी को लगातार कमजोर किया गया। बजट आवंटन 2013-14 के 33,000 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 2,86,000 करोड़ हो गया। 2013-14 तक कुल 1,660 करोड़ मानव-दिवस के बदले अब तक 3,210 करोड़ मानव-दिवस का सृजन हुआ। केंद्र से जारी धनराशि 2.13 लाख करोड़ से बढ़कर 8.53 लाख करोड़ हो गई और पूरे हुए कार्य 153 लाख से बढ़कर 862 लाख तक पहुँच गए। महिलाओं की भागीदारी 48 प्रतिशत से बढ़कर 56.73 प्रतिशत हो गई। अब 99 प्रतिशत से अधिक फंड ट्रांसफर आदेश समय पर जारी होते हैं और लगभग 99 प्रतिशत सक्रिय श्रमिक आधार पेमेंट ब्रिज से जुड़े हैं। ये सभी रुझान उपेक्षा नहीं, बल्कि निरंतर प्रतिबद्धता और बेहतर प्रदर्शन को दिखाते हैं।लेकिन समय के साथ यह भी साफ हो गया कि पुराने ढांचे में खुद कुछ बुनियादी कमजोरियां थीं- जैसे बीच- बीच में ही काम मिलना, बेरोजगारी भत्ता लागू कराने की कमजोर व्यवस्था, बिखरे हुए और असंगठित तरीके से संपत्ति/संसाधन निर्माण, और दोहराव व फर्जी प्रविष्टियों की गुंजाइश। ये कमजोरियां सूखे के समय, बड़े पैमाने पर पलायन के दौर में और कोविड-19 जैसी आपदा के दौरान जमीन पर साफ दिखाई दीं। नए कानून के तहत की गई वित्तीय व्यवस्था को भी गलत तरीके से सरकारी जिम्मेदारी छोड़ने के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। सच यह है कि केंद्र सरकार का योगदान बढ़ रहा है। केंद्र का हिस्सा 86,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 2,95,000 करोड़ तक हो रहा है, जो ग्रामीण रोजगार के प्रति मजबूत और बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। 60:40 की फंडिंग व्यवस्था वैसे ही है जैसी अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं में वर्षों से लागू है, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 90:10 का अलग अनुपात रखा गया है।

सपा ने सदैव गरीबों, मजदूरों की मदद की है-छोटे ठाकुर

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने समर्थकों के साथ ईट-भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों एवं उनके बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए, जिससे ठंड से जूझ रहे गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली। बुधवार क्षेत्र कें ग्राम बनियानी स्थित आश्रम ईट भट्ठा के मजदूरों एवं बच्चों को कंबल, शॉल, जैकेट, टोपी आदि गर्म कपडे वितरित करनें के उपरान्त वरिष्ठ सपा नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने कहा कि शीतलहर के समय सबसे अधिक परेशानी मजदूर वर्ग और गरीब परिवारों को होती है। ऐसे में जरूरतमंदों की मदद करना समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनकी हर संभव मदद करती रहेगी। गर्म कपड़े मिलने पर भट्ठा मजदूरों और बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यो से जरूरतमंदों को सहारा मिलता है और समाज में आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। वहीं भटटा मजदूरों ने इस मानवीय पहल के लिए सपा नेता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रणधीर ठाकुर, शादाब खान, मयंक दीक्षित मौजूद रहे।

सांसद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

बरेली। बरेली में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा 2025-26 में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। कबड्डी प्रतियोगिता के सब-जूनियर बालक वर्ग में बिथरी चैनपुर विजेता और बरेली कैंट उपविजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग में भोजीपुरा विजेता और बरेली सिटी उपविजेता रहा। सीनियर बालक वर्ग में मीरगंज प्रथम और आंवला द्वितीय, सब-जूनियर बालिका में शेखूपुर प्रथम व बिथरी चैनपुर दूसरे स्थान पर रहा। इसके साथ ही जूनियर बालिका वर्ग में बिथरी चैनपुर प्रथम और आंवला द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर बालिका वर्ग में आंवला विजेता और मीरगंज उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में भोजीपुरा के अफजल और सीनियर बालक वर्ग में मीरगंज के सुमित को उनके सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन के लिए सराहा गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सब-जूनियर बालक वर्ग में बिथरी चैनपुर विजेता, बरेली सिटी उपविजेता, जूनियर बालक वर्ग में बिथरी चैनपुर विजेता फरीदपुर उपविजेता रहीं। वहीं सब-जूनियर बालिका में शेखूपुर (विजेता), बरेली कैंट (उपविजेता) और जूनियर बालिका में बरेली सिटी विजेता व बरेली कैंट उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग 40 से 44 किलो में बरेली कैंट की दीपिका, 44 से 48 में बिथरी की अबीरा अजीम, 48 से 52 में नवाबगंज की प्रियंका, 52 से 57 में फरीदपुर की अविका और 57 से 63 में नवाबगंज की नीलम विजेता रहीं। इसके साथ ही सीनियर बालिका 40 से 48 में फरीदपुर की रिमी चौधरी, 48 से 52 में नवाबगंज की आसिया, 52 से 57 में मीरगंज की दीक्षा और 57 से 63 में फरीदपुर की फैसा अख्तर विजेता रहीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि की ओर से विजेता खिलाड़ियों को मेडल और पुरस्कार प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

जूडो सब जूनियर बालक वर्ग 30 से 35 किलो में भोजीपुरा के सूर्यांश, 25 से 32 में फरीदपुर के दिनेश, 35 से 40 में फरीदपुर के सूर्य पाठक, 40 से 45 में फरीदपुर के प्रतीक यादव और 45 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में फरीदपुर के विकास प्रथम स्थान पर रहे।

जूनियर बालक वर्ग 50 से 55 में फरीदपुर के मोहित, 55 से 60 में बरेली के अभय सिंह, 60 से 65 में फरीदपुर के अंकित पाल और 65 से 70 किलो में फरीदपुर के रामकरन प्रथम रहे। सीनियर बालक वर्ग में 55 से 60 में फरीदपुर के दीक्षांत, 60 से 66 में दिग्विजय, 66 से 73 में लक्ष्मी कांत और 73 से 81 में बरेली कैंट के प्रशांत बाबू विजेता रहे। बालिका वर्ग सब जूनियर में 23 से 28 किलों ग्राम में भोजीपुरा की अंजलि, 28 से 32 में फरीदपुर की निधि, 32 से 36 में भोजीपुरा की अनामिका, 36 से 40 में फरीदपुर की नित्या और 40 से 44 में अंशिका प्रथम स्थान पर रहीं।

कार दुर्घटना में घायल हुईं स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की बहन मारिया

मियामी। अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिलाने वाले स्टार फुटबॉलर लियोन मेसी की बहन मारिया कार दुर्घटना का शिकार हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अभी खतरे से बाहर हैं। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की बहन मारिया सोल मेसी मियामी में एक गंभीर कार दुर्घटना में घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दुर्घटना के चलते जनवरी की शुरुआत में होने वाली उनकी शादी स्थगित करनी पड़ी है। खबरों के अनुसार, 32 वर्षीय मारिया को इस दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, जलने के निशान और एड़ी व कलाई में फ्रैक्चर सहित कई चोटें आई हैं। अर्जेंटीना के एक टीवी पत्रकार ने अमेरिका के टीवी कार्यक्रम एलएएम पर बताया कि मेसी की मां सेलिया कुकिटिनी ने पुष्टि की है कि मारिया सोल अब खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें लंबे समय तक रिहैब की आवश्यकता होगी। पत्रकार ने परिवार के हवाले से कहा, वह ठीक है, खतरे से बाहर है, लेकिन उनकी शादी तीन जनवरी को रोसारियो में होनी थी और उसे स्थगित करना पड़ेगा। उसे चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है और रीढ़ की हड्डी में भी चोट लगी है। उसने रोसारियो में अपना रिहैब शुरू कर दिया है। खबरों के मुताबिक, यह हादसा मियामी में हुआ जब मारिया सोल अपनी गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठी और कार एक दीवार से टकरा गई। पत्रकार ने बताया कि कुकिटिनी ने उन्हें बताया कि टक्कर से कुछ ही पल पहले उनकी बेटी बेहोश हो गई थी। हालांकि कुछ अर्जेंटीनाई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि वह एक पिक-अप ट्रक चला रही थी, वहीं यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि जलने के निशान मोटरसाइकिल से गिरने के कारण हो सकते हैं, हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मारिया सोल की शादी तीन जनवरी को उनके गृहनगर रोसारियो में इंटर मियामी सीएफ की अंडर-19 कोचिंग टीम के सदस्य जूलिन तुली अरेलानो से होने वाली थी। अब यह शादी उनके पूरी तरह से स्वस्थ होने तक स्थगित कर दी गई है।

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल, रुहेलखंड विश्वविद्यालय की टीम चयनित

बरेली। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय की टीम का चयन हो गया है। ट्रायल में महिला खिलाड़ियों ने कौशल दिखाकर टीम में अपनी जगह बनाई।

बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को बरेली कॉलेज के खेल मैदान में किया गया। इस दौरान अन्य महाविद्यालयों की पूरी टीम उपलब्ध न होने के कारण, विश्वविद्यालय की टीम का चयन सीधे ट्रायल के माध्यम से किया गया। ट्रायल का शुभारंभ बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। चयन

> बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को बरेली कॉलेज के खेल मैदान में किया गया।

प्रक्रिया में बरेली कॉलेज समेत जीएफ कॉलेज (शाहजहांपुर), आर्य महिला कॉलेज (शाहजहांपुर), साहू राम स्वरूप महिला कॉलेज (बरेली), एसएस कॉलेज (शाहजहांपुर) और विश्वविद्यालय परिसर की महिला खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। आयोजन सचिव विवेक डागर ने बताया कि

चयनित खिलाड़ी आगामी नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन प्रक्रिया के दौरान विशेषज्ञ के रूप में माजिद हुसैन और पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. प्रीति वर्मा मौजूद रहीं। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद काशिफ नईम, धर्मेंद्र शर्मा, प्रो. इंदीवर सिंह चौहान और डॉ. नरेंद्र पाल मलिक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बरेली कॉलेज में इन दिनों निर्माण कार्य तेजी पर हैं। महिला छात्रावास के प्रांगण में टाइलीकरण का कार्य शेष रह गया है। यहां 20 कमरों और चार बाथरूम का कार्य पूरा हो चुका है। छात्रावास के बाहर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है जबकि पहले इस स्थान पर ओपन जिम बनाने की तैयारी थी। वहीं, बैरन हॉल में प्रवेश सेल के तहत मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसे अगली प्रवेश प्रक्रिया तक पूरा किया जा सकता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि छात्रावास को संभवतः जनवरी में शुरू कराया जा सकता है।

रमिता-हिमांशु का शानदार प्रदर्शन, मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

भोपाल। रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

हरियाणा की रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने मंगलवार को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आर्य बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस जीत के साथ ही ढिल्लों का दबदबा कायम रहा, जिन्होंने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 634.5 का राष्ट्रीय और जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 की जीत के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

फिल्म बॉर्डर 2 के लिए अहान शेट्टी ने जमकर बहाया पसीना

मुंबई। भारतीय सेना का शौर्य दर्शाती फिल्म बॉर्डर 2 के टीजर के बाद से ही सोशल मीडिया पर अहान शेट्टी को लेकर खूब चर्चा हैं। फिल्म के लिए अहान ने जमकर पसीना बहाया है। उनके लुक की भी जमकर तारीफ की जा रही है। फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है और इसके रिलीज के बाद से ही अहान शेट्टी चर्चा के केंद्र में हैं। फिल्म के टीजर से यह साफ है कि यह फिल्म सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक नए दौर के एक्शन हीरो की दस्तक है। इसमें अहान शेट्टी की मौजूदगी पहली ही झलक में असर डालती है। फिल्म के टीजर में उनकी लंबी कद-काठी, भारी आवाज और स्क्रीन पर ठहराव से वो दर्शकों को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं, हालांकि ये सिर्फ लुक्स का नतीजा नहीं है। बॉर्डर 2 के लिए अहान ने महीनों तक सख्त अनुशासन में खुद को ढाला। उन्होंने फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, खेलों के जरिए स्टैमिना बढ़ाया और आधुनिक रिकवरी तकनीकों को अपनाया। फिल्म में सैनिक का किरदार निभाने के लिए अहान ने कड़ी ट्रेनिंग का सहारा लिया है। फिल्म में अपने किरदार पर बात करते हुए टीजर लॉन्च के दौरान अहान ने कहा, सेना की वर्दी पहनना सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उनके लिए 'बॉर्डर 2' किसी करियर माइलस्टोन से ज्यादा, उन असली सैनिकों को सलाम है जो देश के लिए यह वर्दी पहनते हैं। अहान की फिल्म के टीजर में दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने न सिर्फ दर्शकों का ध्यान खींचा है, बल्कि यह साफ कर दिया है कि बॉलीवुड की एक्शन थ्रिलर के नए सुपरस्टार अब आ चुके हैं। फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल 23 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म में अहान के अलावा सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन भी नजर आएंगे।

अस्पताल में गोला से मिलकर भावुक हुईं भारती सिंह

मुंबई। कॉमेडी की दुनिया में अपनी शानदार टाइमिंग और चुटीले अंदाज के लिए मशहूर भारती सिंह इन दिनों जिंदगी के एक बेहद खास दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में दूसरी बार मां बनीं भारती ने अस्पताल से एक वीडियो साझा कर अपने फैंस को अपनी सेहत और नवजात बेटे के बारे में जानकारी दी। लेकिन इस वीडियो में सबसे ज्यादा जिसने लोगों का दिल छू लिया, वह था उनका इमोशनल पल, जब उनके बड़े बेटे लक्ष ने मासूमियत से मां का हाल पूछा। भारती सिंह ने अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए अस्पताल से अपने जज्बात साझा किए। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उठकर चलने का पहला अनुभव उनके लिए कितना खास और चुनौतीपूर्ण था। भारती ने इस पल की तुलना इंसान के पहली बार चांद पर कदम रखने जैसी ऐतिहासिक उपलब्धि से की और कहा कि यह उनके जीवन का एक यादगार लम्हा है।

रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल के डेथ सर्टिफिकेट में हुआ खुलासा, बार-बार चाकू से हमले के चलते गई जान

मुंबई। हॉलीवुड फिल्ममेकर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल मौत मामले में अब डेथ सर्टिफिकेट में इस बात की पुष्टि हो गई है कि दोनों की हत्या धारदार हथियार की वजह से हुई है। हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में पिछले कई दिनों से फिल्ममेकर रॉब रेनर और उनकी पत्नी की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल रेनर की मौत को लेकर अब आधिकारिक दस्तावेज सामने आ चुके हैं, जिनमें उनकी मौत की वजह का खुलासा हुआ है। इस केस में क्या कुछ सामने आया है, चलिए जानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लॉस एंजेलिस स्थित उनके घर में रॉब और मिशेल पर धारदार हथियार से कई बार हमला किया गया था। डेथ सर्टिफिकेट में साफ तौर पर लिखा गया है कि दोनों की मौत बार-बार किसी धारदार हथियार से चोट लगने की वजह से हुई है यानी तेज धारदार हथियार से हुए घावों के कारण दोनों ने जान गवाई है। यह हमला इतना घातक था कि दोनों ने कुछ ही मिनटों में दम तोड़ दिया। बताया गया है कि सबसे पहले रॉब रेनर को करीब 3:45 बजे मृत पाया गया, जबकि एक मिनट बाद 3:46 बजे मिशेल रेनर को मृत घोषित किया गया। दस्तावेजों में मिशेल को विधवा बताया गया है, जो इस घटना की भयावहता को और गहरा करता है। दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है और शवों का दाह संस्कार भी हो चुका है।

सैयारा की कामयाबी के बाद अहान पांडे के परिवार ने चुकाई कीमत एक्टर की मां ने किया खुलासा

मुंबई। इस साल की शुरुआत में मोहित सूरी की फिल्म सैयारा रिलीज हुई। रिलीज के बाद यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई। सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हुई। थिएटरों में युवा फैंस क्लाइमेक्स के दौरान रोते और चीयर करते दिखे। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया।

सैयारा की सफलता ने अहान पांडे को घर-घर में मशहूर कर दिया। जहां दर्शकों ने अहान को एक उभरता हुआ सितारा के तौर पर देखा, वहीं उनके परिवार ने एक हफ्ते के अंदर अपनी शांत, रोजमर्रा की जिंदगी में कई बदलाव देखे। अहान पांडे की मां डीन पांडे उन शुरुआती दिनों को याद करती हैं।

डीन पांडे ने द नोड के साथ बातचीत में बताया रिलीज के एक हफ्ते के अंदर ही, जहां भी वह जाती थीं, लोग उन्हें घेर लेते थे। घर के बाहर हर दिन पैपराजी होते थे। डीन पांडे ने बताया आजकल शांति मिलना मुश्किल हो गई है। फैंस और फोटोग्राफर अक्सर गेट के बाहर इंतजार करते रहते हैं, उम्मीद करते हैं कि नए कलाकार की एक झलक मिल जाए। अहान पांडे की मां ने आगे बताया परिवार को हर महीने हजारों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें हाथ से बनी ड्रॉइंग से लेकर महंगे तोहफे तक होते हैं। हर चिट्ठी इमोशनल होती है। अहान अपने फैंस को अपनी आर्मी कहता है। कुछ चिट्ठियों में लोग बताते हैं कि उसने कैसे उनकी जिंदगी बदल दी है। कई चिट्ठियां बहुत प्यारी और मासूम होती हैं। छोटी लड़कियां उसे शादी करने या उसकी गर्लफ्रेंड बनने के बारे में लिखती हैं। मुझे यह बहुत प्यारा लगता है। जब मैं औरतों को उसके लिए दीवाना होते देखती हूं तो मैं भावुक हो जाती हूं। मुझे गर्व महसूस होता है। यह बहुत प्यारा एहसास है कि आपके बेटे को इतना प्यार मिल रहा है। डीन पांडे ने आगे बताया कुछ महीने पहले, हमें खून से लिखा हुआ एक लेटर मिला था। हमने जवाब में उन्हें ऐसा न करने के लिए कहा। यह नुकसानदायक है। वह कभी नहीं चाहेंगे कि उनके फैंस ऐसा करें। अहान पांडे ने फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अली अब्बास जफर की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में अहान के साथ शरवरी वाघ और बॉबी देओल नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी।

भारत नहीं इस देश में रिलीज होगी एनिमल, 1000 करोड़ क्लब में शामिल होने की जगी उम्मीद

मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को रिलीज के वक्त जबरदस्त कामयाबी मिली थी। अब यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म एनिमल ने 2023 में रिलीज के वक्त बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दो साल बाद अब यह फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बार यह फिल्म भारत में नहीं बल्कि जापान में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एलान किया कि रणबीर कपूर स्टारर यह फिल्म फरवरी 2026 में जापान में रिलीज होगी। एनिमल के निर्माताओं में से एक भद्रकाली पिक्चर्स ने बुधवार को एक्स पर एनिमल का पोस्टर शेयर किया और लिखा सबसे ज्यादा चर्चित, जिस पर खूब बहस हुई। जिस सिनेमाई अनुभव को भुलाया नहीं जा सकेगा। वह अब जापान में आ रहा है। एनिमल 13 फरवरी 2026 को जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म एनिमल सबसे पहले दिसंबर 2023 में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बड़ी हिट रही थी। भारत में इसने 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

वर्ल्डवाइड इसने 915 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। उम्मीद की जा रही है कि जापान में रिलीज होने के बाद यह फिल्म 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

यह फिल्म अपने ज्यादा हिंसा और महिलाओं के प्रति गलत रवैये की वजह से विवादों में रही। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने इसका बचाव करते हुए कहा कि यह सब क्रिएटिव आजादी का हिस्सा था।

साउथ के दर्शकों के लिए खास होगा धुरंधर का दूसरा भाग, मेकर्स ने की यह खास तैयारी



मुंबई। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म धुरंधर इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। रिलीज के कई दिनों के बाद भी बड़ी संख्या में दर्शक इसे देखने सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। फिल्म की कामयाबी के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल धुरंधर 2 की रिलीज का एलान किया है। इस फिल्म को लेकर मेकर्स ने एक और बड़ी अपडेट दी है। उनके मुताबिक ईद के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म हिंदी के अलावा साउथ की भाषाओं में रिलीज होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धुरंधर 2 इस साल ईद के मौके पर 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म हिंदी के अलावा साउथ की सभी भाषाओं में रिलीज होगी, जिसमें तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम जैसी भाषाएं शामिल हैं। मेकर्स का यह फैसला साउथ के दर्शकों के लिए एक बड़ा तोहफा माना जा रहा है।

आपको बता दें कि धुरंधर में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं और इसमें अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन भी हैं। यह फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक फेम आदित्य धर के निर्देशन में बनी है। इसमें एक भारतीय जासूस के बारे में दिखाया गया है, जो पाकिस्तान के ल्यारी में जाता है। फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है।

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। तब से अब तक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसने अब तक 589.50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और अब 600 करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है।

सलमान खान के साथ नजर आए एमएस धोनी और एपी ढिल्लों

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही है। इस फोटो में उनके साथ सिंगर एपी ढिल्लों और पूर्व क्रिकेटर एमएस धोनी भी नजर आ रहे हैं।

बॉलीवुड, क्रिकेट और म्यूजिक- तीनों दुनियाओं के दिग्गज जब एक ही फ्रेम में नजर आ जाएं, तो फैंस का एक्साइटेड होना लाजमी है। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब हाल ही में एक थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें सलमान खान, महेंद्र सिंह धोनी और मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की है और इसे उनके जीजा अतुल अग्निहोत्री ने शेयर किया है।

यह खास तस्वीर सलमान खान के 60वें जन्मदिन से पहले शेयर की गई, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी। फोटो में तीनों सितारे पूरी तरह कीचड़ से सने हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर मुस्कान और

बॉन्डिंग साफ झलक रही है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर एक ऑल-टेरेन व्हीकल राइड के बाद की है, जिसमें तीनों ने फार्महाउस में जमकर मस्ती करने के बाद एक साथ पोज दिया। तस्वीर में सलमान खान दाईं ओर खड़े नजर आते हैं, जबकि बाईं ओर भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी दिखाई देते हैं। बीच में पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के सुपरस्टार एपी ढिल्लों हैं। पनवेल स्थित सलमान खान का फार्महाउस लंबे समय से उनके करीबी दोस्तों और परिवार के लिए सुकून भरी जगह रहा है। यहां अक्सर निजी गेट-टुगेदर, बर्थडे सेलिब्रेशन और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हालांकि, इस बार की खासियत यह रही कि इस फ्रेम में सिनेमा, खेल और म्यूजिक- तीनों फील्ड के बड़े नाम एक साथ नजर आए।

अतुल अग्निहोत्री द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया। कई यूजर्स ने इन तीनों दिग्गजों को देखने के बाद कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, सलमान खान और एमएस धोनी एक साथ- ये फ्रेम ही इतिहास है। वहीं दूसरे फैन ने कहा, कीचड़ में भी भाईजान, माही और एपी ढिल्लों सुपरस्टार ही लग रहे हैं।

असम में हाथियों की मौत के बाद एक्शन में रेलवे

हादसे

असम में राजधानी एक्सप्रेस हादसे के बाद भारतीय रेलवे अलर्ट मोड में आ गया है।

नई दिल्ली। असम में राजधानी एक्सप्रेस हादसे के बाद भारतीय रेलवे अलर्ट मोड में आ गया है। ट्रैक पर बार-बार हो रही वन्यजीवों की मौतों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने सुरक्षा इंतजामों को तकनीक के सहारे मजबूत करने जा रहा है।

असम में राजधानी एक्सप्रेस हादसे के बाद भारतीय रेलवे अलर्ट मोड में आ गया है। ट्रैक पर बार-बार हो रही वन्यजीवों की मौतों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने सुरक्षा इंतजामों को तकनीक के सहारे मजबूत करने जा रहा है। रेलवे ने तय किया है कि हाथी, शेर और बाघ जैसे बड़े जानवरों की मौजूदगी पहले ही पहचानने के लिए ट्रैक पर एआई आधारित सिस्टम लगाया जाएगा। इसका उद्देश्य समय रहते ट्रेन को रोकना और जानवरों के साथ-साथ यात्रियों की जान बचाना है।

कुछ दिनों पहले असम के होजाई जिले में सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट स्में आने से सात हाथियों की जान चली गई। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब हाथियों का एक झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेन का इंजन और पांच कोच पटरी से उतर गए। एक हाथी गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि बाकी की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, ट्रेन में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं आई, लेकिन इस घटना ने रेलवे और वन विभाग दोनों को गहरी चिंता में डाल दिया। रेलवे के अनुसार, ट्रैक पर अब एआई आधारित इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम लगाया जा रहा है, जो डिस्ट्रिब्यूटेड एकॉस्टिक सिस्टम तकनीक पर काम करता है। यह सिस्टम ट्रैक के आसपास होने वाली हलचल और कंपन को पकड़कर समय रहते यह संकेत देता है कि कोई बड़ा जानवर नज़दीक आ रहा है।

फिलहाल यह तकनीक नॉर्थ ईस्ट फंटियर रेलवे के 141 किलोमीटर लंबे हिस्से में लगाई गई है, जहां हाथियों के ट्रेन से टकराने की घटनाएं ज्यादा सामने आई हैं। शुरुआती नतीजे सकारात्मक मिलने के बाद रेलवे ने इसे देशभर में लागू करने का फैसला किया है और इसके लिए 981 किलोमीटर नए ट्रैक पर सिस्टम लगाने के टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इस एआई सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ट्रैक के पास हाथियों या अन्य बड़े जानवरों की गतिविधि सामने आते ही लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को तुरंत अलर्ट भेज दिया जाता है।

ट्रेन चालक को करीब आधा किलोमीटर पहले ही चेतावनी मिल जाती है, जिससे समय रहते गति कम की जा सकती है या ट्रेन रोकी जा सकती है। रेलवे का कहना है कि यह तकनीक वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। असम हादसे के बाद रेलवे ने साफ किया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरूपसिंग नाइक का निधन

मुंबई। महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सुरूपसिंग नाइक का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दशकों तक नवापुर सीट का प्रतिनिधित्व किया। महाराष्ट्र की राजनीति से बुधवार को एक दुखद खबर सामने आई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मंत्री सुरूपसिंग नाइक का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। कांग्रेस पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए इसे पार्टी और राज्य के लिए बड़ी क्षति बताया है। सुरूपसिंग नाइक महाराष्ट्र के सबसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने लंबे समय तक राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और जनसेवा को हमेशा प्राथमिकता दी। सुरूपसिंग नाइक के निधन से कांग्रेस पार्टी, उनके समर्थकों और नवापुर क्षेत्र में शोक की लहर है। पार्टी नेताओं ने उन्हें एक अनुभवी, सरल स्वभाव और जमीनी नेता बताया, जिन्होंने हमेशा जनता की आवाज को प्राथमिकता दी।

भाजपा का राज्य सरकार पर हमला लगाया मूर्तियों की तस्करी का आरोप

तिरुवनंतपुरम। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सबरीमाला मंदिर में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे अपवित्रता का गंभीर कृत्य बताया और सीबीआई जांच की मांग की है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि मंदिर से सोना चोरी और मूर्तियों की तस्करी में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क शामिल है।

केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे अपवित्रता का एक गंभीर कृत्य करार देते हुए कहा कि यह सोने की चोरी से कहीं अधिक है। उन्होंने मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, एक अयप्पा भक्त के तौर पर, इन घटनाओं से उन्हें गहरा दुख और पीड़ा हुई है। उन्होंने दावा किया कि नई जांच से पता चलता है कि भगवान अयप्पा मंदिर में लूटपाट सिर्फ रिपोर्ट किए गए 4.5 किलो सोने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया, जांच से अब पता चलता है कि एलडीएफ के नियुक्त देवस्वोम बोर्ड के तहत सबरीमाला से चार पंचधातु की मूर्तियां निकालकर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क को बेच दी गईं।

भाजपा नेता के मुताबिक, 2015 में यूडीएफ शासन के दौरान बदली गई पवित्र पठिनट्टम पड़ी (18 सीढ़ियों) के कुछ हिस्सों के साथ भी बाद में छेड़छाड़ की गई और उन्हें लूट लिया गया। इन खुलासों को बेहद परेशान करने वाला बताते हुए चंद्रशेखर ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ दोनों को शामिल करते हुए एक बड़ी राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया।उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा, कुछ लोगों को गिरफ्तार करना काफी नहीं है। यह एक बड़ी राजनीतिक साजिश है - जो कांग्रेस-यूडीएफ के तहत शुरू हुई और सीपीएम-एलडीएफ के तहत पूरी हुई। चंद्रशेखर ने कहा कि ये भगवान अयप्पा और दुनिया भर के लाखों भक्तों के साथ विश्वासघात है।

नेता ने जोर देकर कहा कि सच्चाई का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) पर्याप्त नहीं होगा और उन्होंने सीबीआई जांच की अपनी मांग दोहराया। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर इस मुद्दे को मामूली गलती बताकर कम आंकने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया, और कहा कि पार्टी अयप्पा भक्तों को न्याय दिलाने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

20 साल बाद साथ आए उद्धव-राज

नई दिल्ली। इस वक्त ठाकरे परिवार के कितने सदस्य ऐसे हैं जो राजनीति में संक्रिय हैं? कितने सदस्य राजनीति से इतर काम कर रहे हैं? बाला साहेब के राजनीति में आने से पहले परिवार की क्या पहचान थी? आइये जानते हैं...

महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के मुखिया उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव के लिए साथ आने का एलान कर दिया है। इस गठबंधन के एलान के साथ ही अब दो भाइयों के सियासी तौर पर जुड़ने का रास्ता साफ हो गया। वह भी उसी महाराष्ट्र की सियासत के लिए, जिसकी महत्वाकांक्षाओं को लेकर राज ठाकरे 20 साल पहले अपने चाचा बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को छोड़कर अलग हो गए थे। इसके चलते न सिर्फ दो भाइयों की सियासत पूरी तरह अलग हुई, बल्कि दोनों के परिवारों में भी दूरी हो गई।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ठाकरे परिवार के कितने सदस्य ऐसे हैं जो राजनीति में संक्रिय हैं? कितने सदस्य राजनीति से इतर सक्रिय हैं? ठाकरे परिवार का महाराष्ट्र की राजनीति में इतिहास कितना पुराना है? बाला साहेब के राजनीति में आने से पहले परिवार की क्या पहचान थी? आइये जानते हैं सबसे पहले बात उन स्मिता ठाकरे की जिनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात सुर्खियों में हैं। स्मिता ठाकरे उद्धव ठाकरे के बड़े भाई जयदेव ठाकरे की दूसरी पत्नी रही हैं। स्मिता समाजसेवी और फिल्म निर्माता हैं। वह राहुल प्रोडक्शंस और मुक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष और संस्थापक हैं। उनकी संस्था महिला सुरक्षा, एचआईवी/एड्स जागरूकता और शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। स्मिता बॉलीवुड की पार्टियों में भी अक्सर नजर आती हैं। स्मिता और जयदेव के दो बेटे राहुल और एश्वर्य हैं। हालांकि स्मिता और जयदेव का 2004 में तलाक हो चुका है।

नांदेड़ में एनसीपी नेता का दिनदहाड़े अपहरण विधायक प्रतापराव पर लगा साजिश का आरोप

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एनसीपी के वरिष्ठ नेता जीवन घोगरे का अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद नेता ने एनसीपी के विधायक प्रताप पाटिल चिखलीकर पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक वरिष्ठ एनसीपी नेता के अपहरण और उनके साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना का मुख्य कारण 2 करोड़ रुपये का वित्तीय विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़ित की पहचान जीवन घोगरे के रूप में हुई है। वो नांदेड़ नगर निगम में विपक्ष के पूर्व नेता रह चुके हैं। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर की है जब घोगरे अपनी इनोवा कार से ज्ञानेश्वर नगर इलाके से गुजर रहे थे। तभी एक स्कॉर्पियो में सवार हमलावरों ने उन्हें रोका, उनकी गाड़ी पर पथराव किया और उन्हें जबरन अपनी एसयूवी में खींचकर ले गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, घोगरे ने पुलिस से संपर्क किया और दावा किया कि उनका अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह स्वेच्छा से व्यापार के सिलसिले में गए थे। गड़बड़ी की आशंका होने पर पुलिस ने तलाशी जारी रखी। बाद में घोगरे घायल अवस्था में मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि अपहरणकर्ताओं ने बंदूक की नोक पर उनसे यह झूठा दावा करवाया था कि वह सुरक्षित हैं। जीवन घोगरे ने इस पूरे हमले की साजिश का आरोप लोहा विधानसभा सीट से अजीत पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) के विधायक प्रतापराव चिखलीकर पर लगाया है। घोगरे का दावा है कि लंबे समय से चले आ रहे वित्तीय लेन-देन और राजनीतिक रंजिश के कारण उन पर हमला कराया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को इन नेता से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं।

मामले में इन आरोपों को खारिज करते हुए विधायक प्रतापराव चिखलीकर ने इसे एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा मेरा इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। मैं पिछले तीन दिनों से चुनाव ड्यूटी और मतगणना कार्यों में व्यस्त था और फिलहाल मालेगांव मेले में हूं। मुझे इस बारे में मीडिया के जरिए पता चला। मुझे पूरा भरोसा है कि पुलिस जांच से सच्चाई सामने आएगी।

हावड़ा में बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या को लेकर बवाल, भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

कोलकाता। हावड़ा में बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भाजपा प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प हो गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने कहा कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में बुधवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए, जब बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। जानकारी के मुताबिक, भाजपा कार्यकर्ता हावड़ा ब्रिज की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए और बैरिकेड हटाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान हालात बिगड़ गए और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए कार्रवाई करनी पड़ी। झड़प में धक्का-मुक्की भी हुई। हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा हम किसी को भी प्रदर्शन के नाम पर आम लोगों की आवाजाही बाधित करने की इजाजत नहीं देंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि 18 दिसंबर को बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के बालुका इलाके में 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और बाद में उसके शव को जला दिया गया। आरोप है कि यह घटना कथित ईशनिंदा के बाद हुई। इस घटना को लेकर भारत में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है, खासकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित हमलों को लेकर।

शांति समझौते की कवायदों के बीच फंसा पेंच

कीव। अमेरिका और यूक्रेन ने यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए 20 बिंदुओं की शांति योजना पर सहमति बना ली है। हालांकि, पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों पर नियंत्रण और जापोरिजिया परमाणु संयंत्र को लेकर मतभेद बने हुए हैं। यह प्रस्ताव रूस को सौंप दिया गया है और अब मॉस्को के जवाब पर आगे की शांति प्रक्रिया निर्भर करेगी।

करीब चार साल से जारी यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने की दिशा में एक अहम कूटनीतिक पहल सामने आई है। अमेरिका और यूक्रेन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति के करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यूक्रेन के पूर्वी इलाकों पर नियंत्रण और जापोरिजिया परमाणु बिजली संयंत्र को लेकर मतभेद अब भी बने हुए हैं। जेयह मसौदा हाल के दिनों में फ्लोरिडा में हुई लंबी बातचीत के बाद तैयार हुआ है। इस योजना को रूस के सामने रखा गया है और मॉस्को से जवाब की उम्मीद की जा रही है।

जेलेंस्की ने बताया कि प्रस्तावित योजना में सुरक्षा, आर्थिक पुनर्निर्माण और राजनीतिक स्थिरता से जुड़े कई बिंदु शामिल हैं। इसमें युद्धविराम, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी और यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ा करने के उपायों पर सहमति बनी है। अमेरिका और यूक्रेन का मानना है कि इन कदमों से लंबे समय से जूझ रहे संघर्ष को निर्णायक मोड़ मिल सकता है।

यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र, जहां लंबे समय से संघर्ष चल रहा है, वहां क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर कोई अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। ज़ेलेंस्की ने साफ किया कि यूक्रेन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

यूरोप के सबसे बड़े इस परमाणु संयंत्र की सुरक्षा और संचालन को लेकर अभी समाधान नहीं निकल पाया है। यूक्रेन चाहता है कि यह संयंत्र पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय निगरानी में रहे, ताकि किसी भी तरह का परमाणु खतरा न पैदा हो।

जेलेंस्की ने कहा कि अब गेंद रूस के पाले में है। अमेरिका ने यह प्रस्ताव रूसी वार्ताकारों को सौंप दिया है और जल्द ही प्रतिक्रिया आने की उम्मीद है। यदि रूस सकारात्मक रुख दिखाता है तो शांति वार्ता को आगे बढ़ाया जा सकता है।

टोरंटो में भारतवंशी महिला की हत्या

टोरंटो। टोरंटो में भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसे घरेलू हिंसा से जुड़ा अपराध बताया है और आरोपी अब्दुल गफूरी के खिलाफ कनाडा-व्यापी वारंट जारी किया गया है।

कनाडा के टोरंटो शहर से भारतीय समुदाय को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां भारतीय मूल की 30 वर्षीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में 32 वर्षीय अब्दुल गफूरी को मुख्य आरोपी बताया है, जिसके खिलाफ पूरे कनाडा में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

टोरंटो पुलिस के अनुसार, हिमांशी खुराना का शव स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिंगटन स्ट्रीट वेस्ट के पास स्थित एक आवास के अंदर से बरामद किया गया। शुरुआती जांच में इस घटना को घरेलू या करीबी संबंधों से जुड़ी हिंसा का मामला माना जा रहा है।

नौकरी से निकालो, वरना दफ्तर में आग लगा देंगे

ढाका। बांग्लादेश में लोकतंत्र की जड़ों को उखाड़ने के लिए कट्टरपंथी मीडिया संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। हाल के दिनों में कई मीडिया संस्थानों के कार्यालयों में आग लगा दी गई और कई पत्रकारों पर हमले हुए। अब एक और चैनल की वरिष्ठ पत्रकार नाजनीन मुन्नी को भी धमकी दी गई है।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में कट्टरपंथी बेलगाम हैं और पूरे देश में अराजकता और हिंसा का माहौल है। कट्टरपंथी बांग्लादेश के लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हैं और इसके लिए वे स्वतंत्र मीडिया संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। जो भी मीडिया संस्थान या पत्रकार बांग्लादेश के मौजूदा हालात और कट्टरपंथियों के खिलाफ बात करता है, उसे निशाना बनाया जा रहा है। अब कट्टरपंथियों के निशाने पर आईं हैं बांग्लादेश की वरिष्ठ पत्रकार नाजनीन मुन्नी। कट्टरपंथियों ने ग्लोबल टीवी को धमकी दी है कि अगर उन्होंने 48 घंटे के भीतर नाजनीन मुन्नी को नौकरी से नहीं निकाला तो वे ग्लोबल टीवी के दफ्तर में भी आग लगा देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीती 21 दिसंबर को कई युवाओं का एक समूह ढाका स्थित ग्लोबल टीवी के दफ्तर पहुंचा था। इन लोगों ने चैनल के एमडी अहमद हुसैन से मुलाकात की और मांग की कि चैनल की न्यूज हेड नाजनीन मुन्नी को तुरंत नौकरी से निकाला जाए। युवाओं के इस समूह ने खुद को एंटी डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट के सदस्य बताया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन लोगों ने धमकी दी कि अगर मुन्नी को नौकरी से नहीं निकाला गया तो वे चैनल के ऑफिस को आग लगा देंगे, जिस तरह से प्रोथोम अलो और द डेली स्टार के कार्यालयों में लगाई गई थी। गौरतलब है कि छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और कट्टरपंथियों ने प्रोथोम अलो और द डेली स्टार के कार्यालयों में समेत कई इमारतों में आग लगा दी थी। छात्रों का दावा है कि नाजनीन मुन्नी शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की समर्थक हैं। हालांकि मुन्नी ने इन दावों का खंडन किया है।

जिस वक्त चैनल को धमकी दी जा रही थी, उस वक्त नाजनीन मुन्नी ऑफिस में नहीं थीं। बाद में नाजनीन मुन्नी ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चैनल को धमकी मिलने की पुष्टि की। मुन्नी ने कहा कि यह धमकी उसी पैटर्न का हिस्सा है, जिसके तहत पत्रकारों को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जमुना टीवी की संपादक रुखसाना अंजुमन निकोल को भी धमकी दी गई है।

वहीं एंटी डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट के अध्यक्ष रिफत राशिद ने कहा है कि उनके संगठन के सदस्य बिना मंजूरी के चैनल को धमकाने पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि संगठन इसका समर्थन नहीं करता है। साथ ही धमकी देने वाले सदस्यों को कथित तौर पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन पत्रकारों को डराने-धमकाने का समर्थन नहीं करता है।

क्रिसमस से पहले यूक्रेन पर रूस का बड़ा हवाई हमला

कीव। रूस के बड़े हवाई हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने युद्ध खत्म करने के लिए मॉस्को पर अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय दबाव की मांग की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन कभी भी शांति में बाधा नहीं रहा है।

रूस द्वारा किए गए अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मॉस्को के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अतिरिक्त दबाव बनाने की अपील की है। उन्होंने साफ कहा कि रूस को कूटनीतिक प्रयासों को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जा सकती और युद्ध समाप्त करने की जिम्मेदारी अब पूरी तरह मॉस्को पर है। सोमवार रात रूस ने यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। इस दौरान 650 से ज्यादा ड्रोन और 30 से अधिक मिसाइलें यूक्रेन के कम से कम 13 क्षेत्रों में दागी गईं।

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार

बॉर्डर

अमेरिका में ट्रक चला रहे थे, जिन्हें हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के बाद गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका की बॉर्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

वॉशिंगटन। अमेरिका में बॉर्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे 30 भारतीयों को पकड़ा है। पकड़े गए लोग अमेरिका में ट्रक चला रहे थे, जिन्हें हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के बाद गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका की बॉर्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे। बॉर्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बॉर्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पॉइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवंबर से 12 दिसंबर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे। अप्रवासन एजेंसी का ट्रक चालकों के खिलाफ ये अभियान कई घातक दुर्घटनाओं के बाद सामने आया है, जिसमें अवैध रूप से रह रहे लोगों ने सड़क दुर्घटनाएं कीं, जिनमें कई लोगों की मौत हुई।

कस्टम एजेंसी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अप्रवासन कानून को लागू करना, अमेरिकी राजमार्गों को सुरक्षित करना और कमर्शियल परिवहन क्षेत्र में नियामक मानकों को बनाए रखना था। अधिकारियों ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों को कभी भी ये ट्रक नहीं चलाने चाहिए थे, और जिन राज्यों ने उन्हें कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस जारी किए हैं, वे हाल ही में हमने दुखद रूप से देखी गई घातक दुर्घटनाओं के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन और अन्य एजेंसियों में हमारे सहयोगी भागीदारों के साथ मिलकर, एल सेंट्रो सेक्टर यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि अमेरिकी जनता की सुरक्षा हमारे प्रयासों में सबसे आगे रहे।

हाल के महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीय ट्रक चलाते समय खतरनाक और घातक दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं।

चुनाव रद्द कराने के लिए तुमने उसे मारा

उस्मान हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

ढाका। बांग्लादेश के छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या पर सियासत गरमा गई है। मृतक के भाई ने अंतरिम यूनुस सरकार पर चुनाव को पटरी से उतारने के लिए हत्या कराने का बड़ा आरोप लगाया है।

बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनीति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इनकार कर दिया था।

ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो।

रेलवे के बाउंड्रीवाल बनाये जाने से 50 घरों का आवागमन हुआ ठप

ग्रामीणों को सांसद ने दिया आश्वासन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद)। स्थानीय रेलवे स्टेशन से लगभग एक किमी दूर स्थित रामदासपुर गांव के लोगों का बाउंड्रीवाल बनने से आवागमन ठप हो गया है। ग्रामीणों ने रेल विभाग तथा मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज से अंडरपास की मांग किया। उनकी मांग पर मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज बुधवार को मौके पर पहुंच कर आश्वाशन दिया। उक्त गांव प्रयागराज तथा वाराणसी जाने वाली रेलवे लाइन के मध्य में स्थित है। गांव के लोग रेलवे लाइन पार करके आते जाते है। इस गांव में 50 घर है। जिनकी आबादी 600 सौ से अधिक है। इसके अलावा मड़ैया, शंकरपुर गांव के भी काफी लोग बाजार आते जाते है। स्कूल के बच्चे स्कूल जाते है। उनको आने जाने के लिए कोई सड़क नही है। वे लोग लाइन पार करके आते जाते है। इस समय ट्रेनो के संचालन में सुरक्षा की दृष्टि से रेल विभाग लाइन के किनारे बाउंड्रीवाल बनवा रहा है। बाउंड्रीवाल बन जाने से ऊक्त गांव के लोगों का आना जाना काफी कठिन हो जाएगा। इसी बात को लेकर गांव के लोग काफी परेशान है। दो दिन पहले ग्रामीणों ने एक विज्ञप्ति भी विभागीय अधिकारियों को भेजा था। गांव के लोगों ने कहा कि हमारे बच्चे तक स्कूल जाने के लिए काफी लंबी दूरी तय करेंगे। गांव के लोगों ने कहा विभाग एक रेलवे अंडर पास बनवा दे। जिससे गांव के ही नही बल्कि अन्य लोगो को भी आने जाने में सहूलियत होगी। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी होने पर सांसद प्रिया सरोज गांव में पहुंच गई। उन्होंने डीआरएम व रेलवे के अन्य अधिकारियों से बात करके गांव वालों के लिए रेलवे अंडरपास बनवाने की मांग किया। सांसद सरोज ने बताया कि गांव के लोगों को सटाकर बाउंड्रीवाल बनवाया जा रहा है। यह सुरक्षा की दृष्टि से तो ठीक है। परंतु गांव के लोगों के लिए अंडरपास बहुत जरूरी है। मैंने डीआरएम से बात करके गांव के लोगों की समस्या को बताते हुए अंडरपास बनवाने को कहा है। एक दो दिन बाद दिल्ली पहुंचने के बाद रेल मंत्री से गांव के लोगों के लिये अंडरपास की मांग करूंगी।

भाजपा सरकार में किसानों की उपेक्षा हो रही है: हवलदार

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। किसानों, गरीबों, मजदूरों के मसीहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की 123 वीं जयंती गोमाडीह लालगंज आजमगढ़ में धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लालगंज सांसद दरोगा प्रसाद सरोज ने कहा कि चौधरी साहब ने जमीदारी समाप्त किया, चकबंदी चलाकर गरीबों के लिए आबादी की व्यवस्था किया नहीं तो जमीदार खेतों में निकलने नहीं देते थे। जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के लिए तमाम ऐतिहासिक कार्य किया जिससे लोगों को हक व अधिकार मिला आज भाजपा सरकार में किसानों की उपेक्षा हो रही है खेती घाटे का सौदा हो गई है। आंदोलन करने पर किसानों पर लाठियां चार्ज हो रही हैं उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अवकाश प्राप्त सैनिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उनकी स्मृति में गरीबों को कंबल वितरण किया गया। भोजपुरी गायकों को आयोजक हरिप्रसाद दुबे ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने किया संचालन जिला महासचिव हरी प्रसाद दुबे ने किया। कार्यक्रम के आयोजक हरिप्रसाद दुबे ने सब के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, अजीत कुमार राव, शाहिद प्रधान, लईक अहमद, राज नारायन यादव, डॉ हरिराम सिंह यादव,विनीत राय, ओम प्रकाश राय, शरद यादव, अशोक चौहान, राम बदन कनौजिया, राजेश यादव, राजेश सरोज, इं.लालचंद यादव, कमलेश यादव गायक, इं. अभिषेक यादव,गुड्डी देवी आदि समाजवादी पार्टी के नेता पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अज्ञात बदमाशों ने काट डाली युवक की जीभ, हड़कंप

प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के जेवनियां पुलिस चौकी अंतर्गत कुंवरपट्टी गांव स्थित गोशाला में गोवंश देखने गए एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। उसकी जीभ भी काट डाली। अस्पताल में युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार कुंवरपट्टी गांव के राम मुनेर मिश्रा ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि भाई जीवनराम उर्फ रमा रविवार रात को गोवंशों को देखने गोशाला गया था, जहां अज्ञात बदमाशों ने हमला कर घायल करने के साथ उसकी जीभ भी काट डाली। उसे बेहोशी की अवस्था में छोड़कर बदमाश भाग गए। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने घर पर सूचना दी कि जीवनराम गंभीर रूप से घायल, बेहोशी की अवस्था में पड़े हैं। स्वजन आनन-फानन में इलाज के लिए शहर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जीवन राम की हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित के भाई ने मेजा पुलिस को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है।

जिलाधिकारी ने वनवासी परिवारों को किया कंबल वितरण

अवधनामा संवाददाता

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल

जिलाधिकारी ने वनवासी लोगों से किया संवाद

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विकास खंड रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर बनवासी परिवारों को कंबल वितरित किया गया। ब्लाक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह के सौजन्य से विकास खण्ड रामपुर परिसर में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कम्बल वितरित करते हुए कहा कि बताया कि ठंड से बचाव के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में गरीब असहायो को आपदा विभाग के माध्यम से कम्बल वितरण किया तो जाता ही है लेकिन कई समाजसेवी, प्रमुखगण इस कार्य में अपना योगदान देते हैं तो और अधिक असहायो को मदद मिल जाती है। जिलाधिकारी ने ब्लाक प्रमुख की सराहना करते हुए कहा कि ठंड से बचाव हेतु गरीब और वंचित लोगों में कंबल वितरण का कार्यक्रम विगत कई वर्षो से किया जा रहा है, इसी क्रम में आज विकासखंड रामपुर में भी वनवासी लोगों को कंबल वितरित किया गया है उन्होंने इस दौरान सक्षम लोगों और समाजसेवियों से अपील किया कि इस नेक कार्य में आवश्यक सहयोग करें तथा ठंड के दृष्टिगत गरीब लोगों में कंबलवितरित करे। इस दौरान जिलाधिकारी ने वनवासी लोगों से संवाद करते हुए उनके समस्याओं को सुना। साथ ही सुशासन सप्ताह के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया तथा लोगों की समस्याओं का निस्तारण भी किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मड़ियाहूँ, खण्ड विकास अधिकारी अभिनव सहित ग्रामीणजन और अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शव के अवशेषों को ढूंढने के लिये पुलिस नदी में कराती रही तलाश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद)। स्थानीय पुलिस ने बुधवार की सुबह कुशल गोताखोर और नाविकों की सहायता लेते हुए आरोपी की निशानदेही पर कुल चार जगहों पर गोमती नदी के बीचों बीच जाल डालकर मृतक श्यामबहादुर और उनकी पत्नी का बबिता का शव के अवशेष को ढूढंती रही। इस दौराना आरोपी बेटा भी पुलिस के साथ नाव पर रहा।

अहमदपुर गांव के इकलौते इंजीनियर बेटे अम्बेश कुमार ने पिता श्यामबहादुर और माता बबिता देवी की बीते 8 दिसंबर को सिलबट्टे से कूचकर हत्या कर दी थी। आरोपी बेटे ने माता पिता के शवों को आरी से काटकर शव के टुकड़ो और अवशेष 7 बोरियो में भरकर कार से गोमती नदी के बेलांव घाट पहुंचा। उसने बारी बारी से सभी बोरियो नदी में अलग अलग जगहों पर फेंक दिया था। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी इन्जीनियर बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इधर पुलिस विवेचना करती रही। बुधवार को पुलिस ने आरोपी के 8 घंटे के लिये पुलिस रिमांड पर लेते हुए उसकी निसानदेही पर सुबह के 9 बजे से ही बेलांव घाट और उसके दोनों तरफ मोथहां पम्प कैनाल, बीबीपुर घाट तथा उसके दूसरी तरफ राजेपुर घाट तक नदी के बीचों बीच जाल डालकर माता के शव और पिता के शव के अवशेष को ढूढंती रही।

थाना प्रभारी श्री प्रकाश शुक्ला ने बताया कि खोजबीन में कुल 15 की संख्या में गोताखोर और कुशल नाविकों की टीम लगायी गयी है। मोथहां पम्प कैनाल से लेकर बीबीपुर, बेलांव तथा राजेपुर सहित चार घाटों पर जाल व कटिया डालकर खोजबीन की जा रही है।

जनता जनार्दन के हृदय में विशिष्ट स्थान रखते थे देवी प्रसाद सिंह: राज्यसभा सांसद

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (महराजगंज) क्षेत्र के फूल्लन देवी इंटर कॉलेज कोल्हुआ के प्रांगण में बुधवार के दिन स्मृति शेष देवी प्रसाद सिंह प्रधान की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कंबल एवं पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जहां विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा देवी प्रसाद सिंह सभी जनता जनार्दन के दिल में राज करते थे एवं गरीबों का विशेष ख्याल रखते थे वीरान बगिया को विद्यालय की स्थापना कर छात्र-छात्राओं की हरियाली से भरकर दिवंगत हुए लेकिन उनका असमय जाना बहुत खल रहा है वही परिवार के लोगों द्वारा जिनमें सुशील सिंह टिंकू, चंदन सिंह, पंकज सिंह को बधाई देते हुए बखान किया कि आज कंबल वितरण कार्यक्रम करके प्रधान जी की आत्मा को आप लोग शांति पहुंचा रहे हैं और उनका जो सपना था उसे पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं उनके द्वारा किए गए विशिष्ट कार्य को आज भी लोग याद करते हैं। मंच से उद्बोधन करते हुए विद्यालय के विकास की बात भी राज्य राज्यसभा सांसद ने कहीं वहीं सभी आए हुए अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने विचार रखें सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुंबई से चलकर आए गायक अमर रघुवंशी ने सब को झूमने पर मजबूर कर दिया विद्यालय के छात्र-छात्राएं अमर रघुवंशी की गायकी से बहुत प्रभावित हुए। जहां लोगों ने खूब सराहा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुमित सिंह ने की मंच का कुशल संचालन शुभम काशी द्वारा किया गया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति विनय सिंह, रितिका दुबे, अंबरीश सिंह भोला, विवेक सिंह राजा, अखिल मिश्रा, डॉक्टर विवेक अहमदाबाद, शैलेश ठाकुर मुंबई, अनुप सिंह सोमवंशी, यादवेंद्र प्रताप सिंह लव कुश भाजपा नेता, सिद्धार्थ सिंह मंडल अध्यक्ष, राय अभय सिंह, शरद मिश्रा, राहुल राष्ट्रवादी, अठठू निगम तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

डीएम के मनमाने रवैए से नाराज अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन

आजमगढ़। जिलाधिकारी के मनमाने रवैए से नाराज़ अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेक्ट की सड़को पर उतर किया प्रदर्शन, बृहद आंदोलन की दी चेतावनी। बता दे कि मंगलवार को दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद पाठक व मंत्री एडवोकेट रणधीर सिंह के नेतृत्व में बैठक कर अधिवक्ता दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेक्ट चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि जिले में चल रही ऑनलाइन समस्याओं को जल्द निस्तारित कर नम्बर वन का तमका हासिल करने के लिए डीएम ने मौखिक रूप से अपने पेशकार को कालबाधित, तजवीजसानी, अपील, निगरानी लेने से मना कर रखा है। जो पूरी तरह से वादकारियों के मौलिक अधिकारों और संविधान के प्रदत्त अधिकारों का हनन है। यदि जिले का मुखिया ही कानून व्यवस्थाओं का उल्लंघन करेगा तो राजस्व की निचली अदालतों से न्याय की अपेक्षा नहीं की जा सकती। यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो वादकारियों के हित में हम अधिवक्ताओ का आंदोलन इसी तरह से जारी रहेगा।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर काव्य संध्या आयोजित

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में आज पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर डा. भाष्कर शर्मा के संयोजकत्व में एक राष्ट्रीय काव्य संध्या आयोजित की गई जिसमें देश के ख्याति लब्ध कवियों कमलेश मौर्य मृदु, शिव कुमार व्यास, अशोक अग्निपथी, राघवेंद्र मिश्र, प्रणय सोनी मिश्र, विकास बौखल आदि ने भावपूर्ण काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन में लखनऊ उत्तर के विधायक डाक्टर नीरज बोरा तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सदस्य विधान परिषद सलिल बिश्नोई विशेष रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई ने सभी कवियों का अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

'शब्दों में सांस लेती स्त्रियां' किताब की रही मांग

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) पुस्तक मेला में इंडिगो पब्लिकेशन स्टॉल नंबर 16 पर डॉ.सीमा जैन की पुस्तकों को भी लोग बढ़ चढ़कर खरीद रहे हैं। जैसे कि उनकी पुस्तकों में सबसे ज्यादा चर्चित किताबें हैं।'शब्दों में सांस लेती स्त्रियां', 'खामोश रंगों की आवाज', 'बनारस एक अनुभूति' और भी साहित्य किताबें उपलब्ध हैं डॉ.सीमा जैन ने बताया कि पुस्तक मेला लगने से पुस्तक प्रेमियों को काफी हद तक अच्छी-अच्छी किताबें इस मेले से उपलब्ध हो रही है। कटरा स्थित द पाम्स रिसोर्ट रॉयल गार्डन में ÷विजन 2047 विकसित भारत-विकसित प्रदेश÷ की थीम पर आधारित पुस्तक मेले के सातवें दिन पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद पाठकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजक और सह संयोजक ने बताया कि मेले में साहित्य, विज्ञान, धर्म-कर्म, बाल साहित्य, आमकथाए, प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी की पुस्तके, इतिहास तथा विभित्र भाषाओं और राज्यों की साहित्यिक कृतिया उपलब्ध है।

ईसा मसीह के जन्म दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

आजमगढ़। हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ईसा मसीह के जन्म दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म दिवस को मूर्त रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही साथ बच्चों के द्वारा क्रिसमस के त्योहार पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर सांता क्लॉज द्वारा बच्चों को उपहार वितरीत किया गया जिससे बच्चे अति उत्साहित हो गये। संस्था के संस्थापक प्रबन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस का त्योहार आपसी सौहार्द का त्योहार है। उन्होंने कहा कि हमें ईसा मसीह के आदर्शो पर चलना चाहिए जिससे हमारा सर्वांगीण विकास होगा। सर्वोदय पब्लिक स्कूल के उपप्रधानाचार्य संजय कुमार विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस का त्योहार एकजुटता का त्योहार है। हमें ईशा मसीह के आदर्शों के अनुसार सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और सभी लोगों के हित के विषय में अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर समस्त अध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

शोक सभा का आयोजन

आजमगढ़। जिले के मुबारकपुर रोडवेज स्थित शिवा क्लीनिक पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें संघ जिलाध्यक्ष धृष्टद्युम्न प्रजापति ने बताया कि बीते दो महीनों में संघ के जिला उपाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति के घर में लगातार तीन मौतें हुई। जिसमें प्रथम मृत्य उनकी भाभी शकुंतला देवी, दूसरी बड़े भाई शिवनचन प्रजापति और तीसरी उनके पिता रामधारी प्रजापति की मृत्यु हुई। लगातार इन तीन घटनाओं के चलते पूरा परिवार आहत है। शोकसभा में पहुंचे राजदेपुर मठ के मठाधीश शिवसागर महाराज, जिला अध्यक्ष धृष्टद्युम्न प्रजापति, जिला महामंत्री सुधीर सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शुभम राय, जिला उपाध्यक्ष आनन्द चौरसिया, रुदल प्रजापति, जयराम प्रजापति ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्माओं के चित्र पर पुष्पांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस सभा में अशोक चौरसिया ब्रह्मचारी, जयराम यादव, आशुतोष सिंह, राघवेंद्र निषाद, बृजेश, सनोज, अरविंद, सोनू, आनन्द वर्मा, बालकृष्ण, बांकेलाल आदि शामिल हुए।

बसपा के पूर्व कोऑर्डिनेटर फर 40 लाख हड़पने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। झूंसी थाने में विधायक प्रत्याशी रामतोलन यादव ने बसपा के पूर्व कोऑर्डिनेटर टिकेश गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राम तोलन यादव का आरोप है कि टिकेश गौतम ने उनसे लाखों रुपए हड़प लिए, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। उनकी शिकायत के आधार पर झूंसी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झूंसी थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव के रहने वाले राम तोलन यादव बसपा के टिकट पर फूलपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। राम तोलन यादव ने कहा है साल 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान टिकेश गौतम प्रयागराज के बसपा कोऑर्डिनेटर थे। पार्टी से जुड़े होने के कारण दोनों के बीच विश्वास था। इसी भरोसे में तुलापुर गांव स्थित उनकी जमीन से जुड़ा एक रजिस्टर्ड इकरारनामा कराया गया। बाद में जमीन का बैनामा टिकेश गौतम के पक्ष में करा दिया गया। बैनामे की रकम के लिए दिया गया चेक बाउंस हो गया।

इसके बाद भुगतान के नाम पर पांच लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए और करीब डेढ़ लाख रुपए नकद स्टांप व कोर्ट फीस के लिए लिए गए। राम तोलन के अनुसार जमीन की प्लॉटिंग कर बेचने और पूरी रकम लौटाने का भरोसा दिया गया, लेकिन पैसा वापस नहीं किया गया। राम तोलन यादव ने यह भी आरोप लगाया कि टिकेश गौतम ने अपने अधूरे मकान के निर्माण का हवाला देकर अलग-अलग किश्तों में करीब 33 लाख 70 हजार रुपये के चेक उनसे ले लिए।

श्रीराम कथा एवं अष्टोत्तरशत् रुद्राभिषेक का आयोजन 24 से

शहर में आज निकाली जाएगी 251 कलशों के साथ कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। शहर के पंजाबी कॉलोनी स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में श्रीराम कथा समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा एवं अष्टोत्तरशत् रुद्राभिषेक का आयोजन 24 दिसंबर होगा। श्री हनुमान जी महाराज के आयोजकत्व में श्रीराम कथा का शुभारंभ शहर के माहेश्वरी धर्मशाला से आज बुधवार 24 दिसंबर को 251 कलशों के साथ कलश यात्रा शहर में भव्य रूप से निकलेगी। अयोध्या के कथा व्यास भार्गव मुनीष महाराज श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। माहेश्वरी धर्मशाला में अवध विहारी पांडेय अयोध्या जी व संजीव मिश्रा वैद्य जी ने आयोजन समिति की बैठक में श्रीराम कथा की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शिव के द्वादश ज्योतिलिंग की वेदियां यहां विराजमान करने का कार्य अंतिम रूप बुधवार की शाम तक दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगरा मंडल में पहली बार अष्टोतरशत् रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। जिसमें भगवान शिव के द्वादश ज्योतिलिंग की वेदना होंगी। रोजद्वादश परिवार बैठकर अभिषेक करेंगे। 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक भगवान शिव के द्वादश ज्योर्तिलिंग का रुद्राभिषेक होगा। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा होगी। 3 जनवरी को हवन और प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कथा में हजारों लोग रोजाना कथा का रसपान करने आएंगे। जिसको मद्देनजर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में कौशलेंद्र दीक्षित, राम खिलाड़ी यादव, के के गुप्ता, कलश यात्रा संयोजक राधा रानी दुबे बुआ जी, अमित राय, मनीष तापड़िया, दीपक गुप्ता, अजय दुबे अंजू , आकाश तिवारी,भगवत नारायण अवस्थी, संजय गुप्ता, चिराग मित्तल, रवीश मित्तल, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

उपकरण पाकर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे

जनपद स्तरीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में 231 बच्चे लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र के समस्त विकास खंडों के दिव्यांग बच्चों हेतु आज जनपद स्तरीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन बी0आर0सी0 जसरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेरणा गौतम एवं विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय द्वारा डाला गया। इस अवसर पर 231 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, कैलिपर्स, सीपी चेयर, रोलेटर एवं बैसाखी आदि सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण वितरण में एलिम्को कानपुर की टीम, विशेष रूप से रामानंद कुमार, समाजसेवी श्री रमाशंकर प्रजापति का सहयोग उल्लेखनीय रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेरणा गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक पहुँचे, यही हमारा संकल्प है। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। एसडीएम बारा द्वारा भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक दिव्यांग बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी दृष्टि से सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। आवश्यकता है उनके अभिभावकों को जागरूक करने की। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी, जसरा अखिलेश वर्मा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय सूजौना के सहायक अध्यापक भारतेंदु त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवस बी0आर0सी0 स्टाफ एवं जनपद के सभी स्पेशल एजुकेटर्स का विशेष सहयोग रहा।

गरीबों असहायों की सेवा करना हमारा पारिवारिक संकल्प: आशीष

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। नेत्र मंदिर हर्रा की चुंगी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल व सुधीर कुमार अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व दीप प्रज्ज्वलन कर आशीष गोयल द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का मुख्य अतिथि डा अनुराग राय ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमें काफी तादाद में लोगों ने अपनी आंखों का जांच करवाया। इस बाबत आशीष गोयल ने कहा कि गरीबों व असहाय की मदद करने का संकल्प हम लोगों ने लिया है, हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि इस संकल्प के दृष्टिगत हम कर्तव्य को पूरा करते रहेगा उन्होंने बताया यह अस्पताल हमेशा गरीबों के इलाज के लिए जाना जाता है। वरिष्ठ डा एस के मिश्रा और डा पूनम डा तेज बहादुर चौहान फिजियोथैरेपी डा मोहम्मद अनीस अंसारी फिजियोथैरेपी द्वारा मरीजों को घुटने का दर्द कमर के दर्द जैसे अन्य बीमारियों का एक्सरसाइज बताया गया डा एसके मिश्रा ने बताया आंखों की जांच साल भर में एक बार जरूर करवाना चाहिए क्योंकि आंख एक ऐसी चीज है जिसके बिना यह संसार सुना हो जाता है इसलिए समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर प्रवीण सिंह दिना सिंह राघवेंद्र मिश्रा लड्डू माया सिंह प्रेम प्रकाश यादव दानिश शबाना सहित शहर के सामाजिक व्यक्ति मौजूद है।

कार्यालय नगर निगम शाहजहाँपुर

पत्राँक :- 814/नि0वि0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांकः- 24.12.2025

सामान्य (मैनुअल) निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर में राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत 35 निर्माण कार्यो हेतु मैनुअल निविदा प्रणाली के माध्यम से कार्यो की मुहरबंद निविदायें दिनांक-17.01.2026 को दोपहर 03:00 बजे आमंत्रित की जाती हैं जो तद्दिनांक सायं 4:00 बजे सक्षम अधिकारी/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निकाय के रिकार्ड कक्ष से प्रकाशन तिथि से दिनांक-16.01.2026 तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। टेंडर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिदादी (कर्नाटक) में किया नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड 2025 का आयोजन

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 17 से 19 दिसंबर 2025 तक कर्नाटक के बिदादी स्थित अपने संयंत्र (प्लांट) में नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड (एनएओ) के सफल आयोजन की घोषणा की। स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप, यह पहल ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल एएसडीसी और टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का एक संयुक्त प्रयास है। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के उन 188 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें भारत और यूएई के 970 स्कूलों के 1,36,000 से अधिक प्रतिभागियों में से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया था। एनएओ 2025 स्कूली छात्रों के लिए विश्व की सबसे बड़ी ऑटोमोटिव कौशल विकास पहलों में से एक है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विक्रम गुलाटी चेयरपर्सन, एएसडीसी और डॉ. बिश्वजीत साहा निदेशक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने किया। इस मंच ने छात्रों के लिए ऑटोमोटिव जगत की बारीकियों को समझने और सीखने का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है।

प्रतियोगिता

भारत और यूएई के 970 स्कूलों से आए 188 मेधावी छात्रों ने प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

इस आयोजन के दौरान आयोजित मास्टरक्लास और दो चरणों वाली प्रतियोगिताओं में रोबोटिक्स, वेल्डिंग सटीकता, तकनीकी समस्या निवारण और भविष्य के परिवहन जैसे विषयों पर छात्रों के कौशल का परीक्षण किया गया। साथ ही, उद्योग के अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

तीन दिनों तक चले इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे चैंपियंस की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

ओलंपियाड के शीर्ष विजेताः

कक्षा 6 से 8 वर्गः भोपाल मध्य प्रदेश के द ओरिएंटल स्कूल के अबीर वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गाजियाबाद के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के आराध्य प्रधान दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इंदौर के न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के दक्ष कुमावत ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कक्षा 9 से 10 वर्गः महाराष्ट्र के विजयम वर्ल्ड स्कूल के अचित सहाय ने शीर्ष पायदान पर रहकर परचम लहराया। चेन्नई के श्री चैतन्य स्कूल के अर्जुन अन्नामलाई ने दूसरा और जयपुर राजस्थान के कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल के महत्व जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 11 से 12 वर्गः चेन्नई पब्लिक स्कूल के निशांत सुधाकर ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। दुबई के अवर ओन हाई स्कूल के विधान हरपलानी दूसरे स्थान पर रहे और टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के पुनीत कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

इस आयोजन के दौरान 188 चयनित छात्रों के साथ आए लगभग 150 अभिभावकों और शिक्षकों को भी टोयोटा की विश्वस्तरीय कार्यप्रणाली का अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने अत्याधुनिक प्लांट और प्रसिद्ध टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का भ्रमण किया, उद्योग जगत के विशेषज्ञों से संवाद किया और टेस्ट ट्रैक पर टोयोटा वाहनों के परिचालन का आनंद लिया।

ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरपर्सन श्री विक्रम गुलाटी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड युवाओं की प्रतिभा को निखारने और जेन-जी को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक सार्थक भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

ग्रीनपैनल ने लॉन्च किया मजबूत फाइबरबोर्ड

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े वुड पैनल निर्माता ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने नए, बॉयलिंग वॉटरप्रूफ हाई डेंसिटी फाइबरबोर्ड (एचडीएफ)- ड्युरोबॉयल™ के लॉन्च की घोषणा की है, इसे ज्यादा नमी, गर्म पानी के संपर्क में रहने वाले और ज्यादा इस्तेमाल वाले इंटीरियर स्पेसेज़ के लिए डिज़ाइन किया गया है।लम्बा चलने वाला ड्युरोबॉयल भारत का सबसे मजबूत, सबसे टफ़ और सबसे हैवी एचडीएफ है, ऐसे में यह आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनरों एवं फर्नीचर निर्माताओं के लिए भरोसेमंद विकल्प है। इसकी मजबूत और कॉम्पैक्ट संरचना बेहतरीन स्थिरता एवं क्षमता को सुनिश्चित करती है, यहां तक कि मुश्किल वातावरण में भी इसका परफॉर्मेंस शानदार रहता है, जहां आम बोर्ड जल्दी खराब हो जाते हैं।स्मूद, फिनिश रेडी सरफेस- लेमिनेट्स, वेनीर्स, पीयू फिनिश एवं डिजिटल प्रिंटिंग के लिए उपयुक्त हैं। साथ ही, यह दीमक एवं कीटों से सुरक्षित रहता है, बेहतरीन मशीनेबिलिटी के चलते कटिंग, शेपिंग, राउटिंग एवं कार्विंग में आसान है। ऐसे में इंटीरियर डिज़ाइनों के लिए इसे आसानी से कस्टमाइज़ किया जा सकता है।इस लॉन्च पर बात करते हुए श्री शोभन मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा, ''ड्युरोबॉयल™ सिर्फ एक प्रोडक्ट का लॉन्च नहीं' बल्कि यह ग्रीनपैनल के इरादों को स्पष्ट करता है। यह आधुनिक निर्माण क्षमता एवं मटीरियर साइंस में हमारे निवेश तथा बेहतरीन परफोर्मेंस वाले फाइबरबोर्ड समाधान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो मुश्किल परिस्थितियों में भी मजबूती, क्षमता एवं विश्वसनीयता के नए बेंचमार्क स्थापित कर सकें।'

सोशल पूरे भारत में 'सोशल एनिमल्स' न्यू ईयर ईव सेलिब्रेशन होस्ट कर रहा है

एक ऐसी रात जो हर तरह के पार्टी के अंदाज़ का जश्न मनाती है, डांसफ्लोर से लेकर आखिरी गाने तक

नई दिल्ली। 31 दिसंबर 2025 को, शाम 7 बजे से, सोशल अपने पूरे भारत में मौजूद आउटलेट्स पर मेहमानों को सोशल एनिमल्स के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए आमंत्रित कर रहा है। यह अवधारणा इस सोच पर आधारित है कि कोई भी दो लोग एक ही तरह से पार्टी नहीं करते हैं। सहज भावनाओं से भरी रातों के जश्न के रूप में डिज़ाइन किया गया, सोशल एनिमल्स उन कई व्यक्तित्वों को एक साथ लाता है जो अंधेरा होने के बाद ज़िंदा हो जाती हैं जैसे डांसफ्लोर पर नियमित आने वाले, स्नैक्स ढूंढने वाले, ड्रिंक इकट्ठा करने वाले, सोशल बटरफ्लाई (सामाजिक तितली), शांत अवलोकनकर्ता, और हमेशा बस एक और गाना की उम्मीद रखने वाली टोली।

रात के लिए नियम या ढांचा तय करने के बजाय, यह अवधारणा मेहमानों को संगीत, मूड और अपनी लय का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे सोशल एनिमल्स एक ऐसा नया साल की शाम का अनुभव बनता है जो लोगों द्वारा बनाया जाता है, न कि निर्देशों द्वारा। बार में, सोशल एनिमल्स की अवधारणा इस बात से जारी रहती है कि लोग कैसे पीना पसंद करते हैं क्योंकि हर नए साल की शाम के व्यक्तित्व के लिए एक उपयुक्त पेय होता है।

दि लांगेस्ट लॉन्ग आइलैंड आइस्ड कॉफ़ी उन लोगों के लिए है जिन्हें अपनी ड्रिंक्स में कॉफी पसंद है।

बनारसी पटिआला उन मेहमानों के लिए है जो देसी तरीके से पार्टी करना पसंद करते हैं; बोल्ड, जोशीले और बिना किसी झिझक के। लंबे समय से सोशल के वफादार ग्राहकों को दि लांगेस्ट लॉन्ग आइलैंड आइस्ड टी में आराम मिलेगा, जो एक क्लासिक है और हर सेलिब्रेशन में हमेशा मौजूद रहता है, जबकि कमिक्रेज़ी उन समूहों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो एक साथ आते हैं और पूरी तरह से आनंद लेने का प्लान बनाते हैं।

इस चयन को पूरा करते हैं सोशल इमोशंस, जिन्हें उत्साह, पुरानी यादों की अनुभूति और उम्मीद के मिश्रण को दिखाने के लिए बनाया गया है जो नए साल की उलटी गिनती शुरू होने पर बनता है। इन पसंदीदा ड्रिंक्स के साथ, मेन्यू में कई तरह के अतिरिक्त कॉकटेल और पेय भी शामिल हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि रात में हर मूड और पार्टी के अंदाज़ के लिए कुछ न कुछ उपलब्ध हो।

नए साल की शाम के अनुभव को सोशल के दि ठण्ड सीजन मेनू से समर्थन मिलता है, जो गरमा गरम आरामदायक भोजन का एक सीमित अवधि चयन है जिसे लंबी शामों के लिए तैयार किया गया है। मेन्यू में स्वादिष्ट सर्दियों के व्यंजन और जाने-पहचाने पसंदीदा पकवान शामिल हैं, जिन्हें रात के उत्सव के साथ आसानी से जोड़ा जा सकता है। मेहमान मेल्टडाउन ऑफर का भी आनंद ले सकते हैं, जिसमें 4 जनवरी 2026 तक उत्सव अवधि के दौरान दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक चुनिंदा ड्रिंक्स पर कम कीमत मिलेगी।

खानपान, पेय और संगीत इस अनुभव का मुख्य हिस्सा हैं। सोशल एनिमल्स नए साल की शाम का जश्न ऊर्जा, आंदोलन और साथ बिताए गए पलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेश कर रहा है, जैसे ही साल बदलता है। इस न्यू ईयर पार्टी के टिकट ऑनलाइन डिस्ट्रिक्ट पर बुक कर सकते हैं।

एयर इंडिया रोम के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करेगी, इंडिगो दिल्ली-लंदन सेवा का भी होगा आगाज

नई दिल्ली। टाटा समूह की ओर से संचालित एयर इंडिया ने इटली के रोम शहर लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। वहीं, इंडिगो ने दिल्ली से लंदन के हीथ्रो के लिए अपनी सेवाएं शुरू करने का एलान किया है। इन फैसलों से यह तय है कि हवाई यात्रियों को अगले वर्ष भारत और यूरोप के बीच बेहतर कनेक्टिविटी मिलने वाली है। एयर इंडिया 2020 की शुरुआत तक दिल्ली से इटली की राजधानी के लिए अपनी उड़ान सेवाएं संचालित करती थी, पर कोविड-19 महामारी के मद्देनजर उन्हें निलंबित करना पड़ा।

इंडिगो पहले से ही मुंबई और लंदन हीथ्रो के बीच रोजाना सीधी उड़ानें संचालित करती है, और अब लंदन के लिए सप्ताह में 12 उड़ानें संचालित करेगी। एयर इंडिया ने घोषणा की है कि 25 मार्च, 2026 से एयर इंडिया दिल्ली और रोम (लियोनार्डो दा विंची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा- फियूमिसिनो) के बीच

सप्ताह में चार बार उड़ानें संचालित करेगी, जो लगभग छह वर्षों के बाद इतालवी राजधानी में एयरलाइन की वापसी और उसके बढ़ते यूरोपीय नेटवर्क के और विस्तार का प्रतीक है। कंपनी ने बताया कि रोम से आने-जाने वाली यह सेवा एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान द्वारा सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी, जिसमें बिजनेस क्लास में 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी क्लास में 238 सीटें होंगी।

एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुन अग्रवाल ने कहा, भारत को दुनिया के और अधिक हिस्सों से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। भारत और इटली संस्कृति, व्यापार और वाणिज्य में गहरी समानताएं साझा करते हैं, जो रोम को एयर इंडिया के विस्तारित नेटवर्क में एक स्वाभाविक जुड़ाव बनाता है। एयर इंडिया ने बताया कि रोम के जुड़ने से अब यूरोप में आठ और ब्रिटेन में तीन स्थानों पर उसकी सेवाएं उपलब्ध हैं।

अग्रवाल ने आगे कहा कि यह नॉन-स्टॉप सेवा न केवल दोनों राजधानियों के बीच सीधी कनेक्टिविटी को बढ़ाती है, बल्कि इटली से आने वाले यात्रियों को एयरलाइन के दिल्ली हब के माध्यम से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पूर्व एशिया के गंतव्यों के लिए अधिक विकल्प और निर्बाध आगे की यात्रा की सुविधा भी प्रदान करती है।

इस बीच, इंडिगो ने कहा कि वह 2 फरवरी से दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच सप्ताह में पांच बार नई सीधी उड़ानें शुरू करेगी, इनका संचालन लीज पर लिए गए वेट/डैम्प बोइंग 787 विमानों द्वारा किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि नए रूट पर सेवाएं इंडिगो स्ट्रेच और इकोनॉमी क्लास वाली ड्यूल-क्लास व्यवस्था में उपलब्ध होंगी।

रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने डिफेकेशन डिसऑर्डर पर लोगों को जागरूक किया

लखनऊ। रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ मे डिफेकेशन डिसऑर्डर (मल त्याग संबंधी बीमारियों) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिफेकेशन डिसऑर्डर एक ऐसी स्थिति होती है जिसका अक्सर निदान नहीं हो पाता है, लेकिन अब इसे दीर्घकालिक कब्ज होने के एक बड़े मूक कारण के रूप में पहचाना जा रहा है। इस समस्या पर बात करते हुए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ के कंसल्टेंट - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी डॉ. पियूष कुमार ठाकुर, ने कहा, ÷जब रूटीन दवाएं, फाइबर सप्लीमेंट्स और खानपान में बदलाव के बाद भी आराम नहीं मिलता तो कई मरीज़ निराश हो जाते हैं। ऐसे मामलों में अक्सर समस्या मल नहीं होती, बल्कि मल त्याग के दौरान श्रोणि तल की मांसपेशियों का खराब तालमेल होता है। डिससिनर्जिक डेफिकेशन एक कार्यात्मक समस्या है जिसे अगर खास तौर पर जांचा न जाए तो आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। एक बार जब बीमारी की सही पहचान हो जाती है, तो इलाज कहीं ज़्यादा लक्षित, प्रभावी और टिकाऊ हो जाता है। ऐसा होने से मरीज़ों को सामान्य मल त्याग करने में मदद मिलती है और उनकी जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार होता है।

रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों का कहना है कि कब्ज यानी अपच की बीमारी ख़राब डाइट, कम पानी पीने और शारीरिक गतिविधि की कमी की वजह से से होती है। हालांकि बहुत सारे मरीज़ अपनी जीवनशैली आदतों में बदलाव करने और दवाइयों के सेवन के बाद भी लक्षणों का अनुभव करते हैं। इस तरह के कई केसों में इसका आंतरिक मूल कारण डिससिनर्जिक डेफिकेशन (मलत्याग के दौरान आंत और पेल्विक मांशपेशियों का तालमेल न होना) होता है। यह एक ऐसी बीमारी होती है जिसमें मल त्याग के दौरान पेल्विक फ्लोर (श्रोणि तल) की मांसपेशियां ठीक से शिथिल नहीं होतीं, जिससे मल त्याग करना मुश्किल, अधूरा और कष्टदायक हो जाता है। इस बीमारी से ग्रसित मरीज अक्सर मल त्याग के दौरान बहुत ज़्यादा ज़ोर लगाने, पेट पूरी तरह साफ़ न होने का लगातार एहसास, टॉयलेट में ज़्यादा समय बिताने, और कुछ केसों में मल निकालने के लिए उंगलियों का इस्तेमाल करने की शिकायत करते हैं। नैदानिक साक्ष्यों के अनुसार, क्रोनिक कब्ज़ वाले लगभग 40 से 50त्न मरीज़ों को डिससिनर्जिक डेफिकेशन हो सकता है। इतनी ज़्यादा आम होने के बावजूद कम जागरूकता और मरीज़ों में पेट से जुड़ी समस्याओं पर बात करने में झिझक के कारण इस बीमारी का निदान नहीं हो पाता है। मल त्याग से जुड़ी समस्याओं का सही पता लगाने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल, लखनऊ एनोरेक्टल मैनोमेट्री का इस्तेमाल करता है। यह एक खास नैदानिक जांच है, जिसमें रेक्टल पुश प्रेशर को मापा जाता है और मल त्याग के दौरान गुदा की मांसपेशियां की शिथिलता की जांच की जाती है। यह टेस्ट यह पता करने में मदद करता है कि मल त्याग के दौरान श्रोणि तल की मांसपेशियां सही से काम कर रही हैं या नहीं। निदान के आधार पर मरीज़ों का इलाज बायोफीडबैक थेरेपी से किया जाता है। यह थेरेपी एक गैर चीरफाड़ वाला इलाज का तरीका है। यह मरीज़ों को वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देता है ताकि वे सीख सकें कि मल त्याग के दौरान अवरोधिनी गुदा (एनल स्फिंक्टर) और श्रोणि तल की मांसपेशियों को कैसे शिथिल करें। यह थेरेपी आंतों के स्वाभाविक तालमेल को ठीक करने में मदद करती है और लैक्सेटिव पर लंबे समय तक निर्भरता को कम करती है। इस जागरूकता पहल के माध्यम से रीजेंसी हॉस्पिटल, लखनऊ लंबे समय से कब्ज की समस्या से ग्रसित खासकर वे लोग जो लैक्सेटिव पर बहुत ज़्यादा निर्भर हैं या जिनका इलाज बार-बार फेल हो रहा है, उनको समय पर मेडिकल जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

जरूरतमंद बच्चों के साथ क्रिसमस कार्निवल पिकनिक का आयोजन

लखनऊ। क्रिसमस के मौके पर लखनऊ के आश्रयम फेज-1 में जरूरतमंद बच्चों के साथ एक क्रिसमस कार्निवल पिकनिक का आयोजन किया गया । जिसमें सार्थक फाउंडेशन और विशालाक्षी फाउंडेशन से जुड़े बच्चों के साथ-साथ साइट पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना था और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और यादगार अनुभव देना था। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजन के दौरान जरूरतमंद परिवारों को कंबल भी बांटे गए। वहीं बच्चों की पढ़ाई और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए उन्हें एलसीडी राइटिंग पैड दिए गए, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीख सकें और अपनी कल्पनाशक्ति को और बेहतर तरीके से विकसित कर सकें। इस मौके पर अग्रशील इंफ्राटेक की सीईओ प्रेक्षा सिंह ने कहा, हमारा मानना है कि विकास सिर्फ इमारतों और प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका असली मतलब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना है। खासकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें बेहतर भविष्य की उम्मीद देना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है, और ऐसे आयोजन हमें समुदाय से और भी मजबूत रूप से जोड़ते हैं। आयोजन के दौरान बच्चों के लिए खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, फोल्डिंग एक्टिविटी और सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिससे परिसर में रौनक और उल्लास का माहौल बना रहा। इसके साथ ही बच्चों को स्नैक्स भी वितरित किए गए।

बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने किया धमाकेदार सेल का ऐलानः सलमान खान के बर्थडे पर 50% की छूट

सलमान खान द्वारा स्थापित मशहूर फैशन और लाइफ़स्टाइल ब्रांड बीइंग ह्यूमन इस बार उनका जन्मदिन बिल्कुल सलमानस्टाइल में मना रहा है यानी पूरी एनर्जी, प्यार और ढेर सारी मस्ती के साथ। इस खुशी के मौके पर ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए एक स्पेशल बर्थडे सेल शुरू की है। यह सिर्फ कपड़ों की सेल नहीं है, बल्कि एक मजेदार कैंपेन भी है, जिसमें आपको बेहतरीन फैशन के साथ-साथ कई सरप्राइज़ और जश्न का माहौल देखने को मिलेगा।इस जश्न का मुख्य आकर्षण बीइंग ह्यूमन का नया और मज़ेदार कैंपेन केक फ़ेक, बर्थडे फ़ॉर रियल। यह कैंपेन बर्थडे मनाने के पुराने और बोरिंग तरीकों को बदल रहा है।इस अवसर पर बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आयान अग्निहोत्री ने कहा, सलमान मामू हमेशा लोगों के जीवन में खुशियाँ और प्रेरणा भरते हैं। हमारा नया कैंपेन केक फ़ेक, बर्थडे फ़ॉर रियल उन्हें समर्पित हमारा एक सम्मान है। हम चाहते थे कि दुनिया भर में मौजूद उनके प्रशंसक इस जश्न का हिस्सा बनें। इसी उद्देश्य के साथ हम स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर 50% की फ्लैट छूट लेकर आए हैं। यह उन सभी फैंस के प्रति हमारा आभार व्यक्त करने का तरीका है, जिन्होंने बीइंग ह्यूमन को इतना प्यार दिया है। फ़ैन्स और ख़रीदारों के लिए जश्न को और भी यादगार बनाने के लिए, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग सीमित समय के लिए सिर्फ़ बर्थडे पर मिलने वाले खास डिस्काउंट्स दे रही है इस सेल में आपके लिए सब कुछ है, चाहे वो मेंसवेअर हो, वुमेंसवेअर या फिर कूल एक्सेसरीज़। यहाँ रोज़ पहनने वाले कपड़ों से लेकर पार्टी के खास आउटफिट्स तक, हर चीज़ बहुत सोच-समझकर तैयार की गई है। ये कपड़े न सिर्फ दिखने में मॉडर्न हैं, बल्कि पहनने में भी बेहद आरामदायक हैं बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग बर्थडे सेल और एसकेबी बर्थडे सेलिब्रेशन, सीमित समय के लिए देशभर के ऑफ़लाइन स्टोर्स पर और एक्सक्लूसिव तौर पर बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग की ऑनलाइन साइट पर उपलब्ध रहेंगे।

लीगलएज ने बढ़ाया लखनऊ का मान, क्लैट 2026 में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

लीगलएज लखनऊ के 30 से अधिक छात्रों ने क्लैट में दर्ज की उल्लेखनीय सफलता

लखनऊ। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (हस्न्न्) में प्रवेश के लिए आयोजित क्लैट 2026 परीक्षा के परिणामों में लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और भरोसेमंद मार्गदर्शन को सिद्ध करते हुए लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। लीगलएज लखनऊ के कुल 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि शहर का नाम भी रोशन किया। शौर्य वर्धन त्रिवेदी ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 78, देवांश वर्मा ने एआईआर 192, कुशल राय श्रीवास्तव ने एआईआर 285, रिभव कृष्णा ने एआईआर 283, अर्नव ने एआईआर 431, गौरी मिश्रा ने एआईआर 461, अपूर्वश्री ने एआईआर 561, शौर्य प्रताप सिंह ने एआईआर 611, राघव निगम ने एआईआर 615, अरीजीत सिंह ने एआईआर 784 प्राप्त की। वहीं

श्रेणीवार रैंकिंग में अपूर्वश्री ने ओबीसी श्रेणी में एआईआर 39 और दिव्यांश यादव ने ओबीसी श्रेणी में एआईआर 187 हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इन सफलताओं के पीछे केवल रैंक नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरक कहानियाँ भी जुड़ी हैं। एआईआर 78 प्राप्त करने वाले शौर्यवर्धन त्रिवेदी ने पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद अपनी अलग पहचान बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने जुनून और निरंतर मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। इसी तरह दिव्यांश यादव ने आईआईटी-जेईई की तैयारी छोड़कर कानून के क्षेत्र को चुना। गोरखपुर से लखनऊ आकर किराये के कमरे में रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम किया और आज सफलता का स्वाद चखा। एक अत्यंत प्रेरणादायी उदाहरण अपूर्व श्री का भी है, जिन्होंने एंज़ायटी जैसी चुनौतियों से जूझते हुए नियमित काउंसलिंग, आत्मसंयम और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ क्लैट परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी सफलता मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और साहस की मिसाल है। इस खास मौके पर लीगलएज लखनऊ के निदेशक विशाल शर्मा ने कहा कि इस वर्ष लीगलएज के छात्रों ने एआईआर 1, एआईआर 2 और एआईआर 3 प्राप्त किए हैं तथा टॉप 10 में कुल 7 रैंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि किसी संयोग का परिणाम नहीं है। संस्थान अब तक 7 बार एआईआर 1 दे चुका है और पिछले पाँच वर्षों में 4 बार टॉप 3 रैंक (एआईआर 1, 2, 3) हासिल कर एक सशक्त रिकॉर्ड स्थापित कर चुका है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि लीगलएज टीम ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की अनुशासित तैयारी, संरचित शैक्षणिक मार्गदर्शन, सशक्त टेस्ट प्रैक्टिस प्रणाली और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को दिया। संस्थान ने कहा कि यह उपलब्धियाँ महीनों की निरंतर मेहनत, विश्वास और दबाव में भी आगे बढ़ते रहने के संकल्प का परिणाम हैं। संस्थान ने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और मेंटर्स को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ छात्रों को उनके सपनों की मंज़िल तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

टाटा एसेट मैनेजमेंट ने प्रस्तुत किया भारत का पहला मल्टीकैप कंज़म्प्शन इंडेक्स फंड

मुंबई। भारत की एक अग्रणी फंड कंपनी, टाटा एसेट मैनेजमेंट ने भारत का पहला मल्टी-कैप कंजम्पशन इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड निवेशकों को एक ही उत्पाद के माध्यम से लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंजम्पशन नामों में विविध निवेश की सुविधा प्रदान करता है।नया टाटा बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स फंड एक ओपन-एंडेड योजना है। इसे बीएसई मल्टीकैप कंजम्पशन 50:30:20 इंडेक्स को दोहराने और ट्रैक करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह फंड भारतीय अर्थव्यवस्था की उस कहानी में भाग लेने का अवसर देता है, जहाँ मध्यम वर्ग की बढ़ती आय, युवा आबादी और जीवन शैली में बदलाव के कारण उपभोक्ता खर्च लगातार बढ़ रहा है। फंड इसी आर्थिक विकास का लाभ उठाना चाहता है।

बैटरी स्मार्ट 100 मिलियन ईवी बैटरी स्वैप पार करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी

लखनऊ। भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तेज़ी से बढ़ती रफ्तार को दर्शाने वाली एक बड़ी उपलब्धि में, बैटरी स्मार्ट देश की पहली कंपनी बन गई है जिसने अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीनपहिया वाहनों के नेटवर्क पर 100 मिलियन बैटरी स्वैप पूरे कर लिए हैं। कंपनी की स्थापना के लगभग पांच साल के भीतर हासिल किया गया यह मुकाम, भारत में स्वच्छ, किफायती और सभी के लिए सुलभ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है। यह बैटरी स्मार्ट के पैन-इंडिया, टेक्नोलॉजी आधारित, विस्तार योग्य बैटरी-स्वैपिंग मॉडल के प्रति प्रतिबद्धता को भी दिखाता है, जो किफायत और मजबूत इकोसिस्टम साझेदारी पर आधारित है। आज के समय में, कंपनी के पास भारत के लगभग 70 प्रतिशत बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालन का अनुमान है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए,

बैटरी स्मार्ट के को-फाउंडर्स पुलकित खुराना और सिद्धार्थ सिक्का ने कहा 100 मिलियन बैटरी स्वैप का आंकड़ा पार करना सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि भारत में ईवी अपनाने की दिशा में एक बड़ा पड़ाव है। यह दिखाता है कि बैटरी स्वैपिंग कैसे बड़े स्तर पर स्वच्छ मोबिलिटी को सुलभ, किफायती और समावेशी बना सकती है। हर एक बैटरी स्वैप एक फैसले का प्रतीक है, जहां एक ड्राइवर ईंधन से चलने वाले वाहनों की बजाय स्वच्छ मोबिलिटी को चुनता है, चिंता के बजाय भरोसे को और लंबे इंतज़ार के घंटों की जगह बेहतर अपटाइम को प्राथमिकता देता है। यह उपलब्धि हमारे ड्राइवर समुदाय, बैटरी स्वैप स्टेशन पार्टनर्स, ओईएम सहयोगियों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं की है, जिन्होंने भारत में बैटरी स्वैपिंग को सफल बनाने में विश्वास दिखाया। बैटरी स्मार्ट के को-फाउंडर सिद्धार्थ सिक्का ने कहा ड्राइवर वेलफेयर फंड हमारे उस समुदाय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसने इस सफर को संभव बनाया।

सिवान को 19 रनों से पराजित कर प्रयागराज सेमीफाइनल में

स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथा दिन

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। पडरौना शहर के उदित नारायण पीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा स्व.कृष्णा साहा और स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष आयोजित ऑल इंडिया क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को ग्रुप-बी का पहला मैच प्रयागराज और सिवान के बीच खेला गया। इसमें प्रयागराज की टीम ने सिवान को 19 रनों से पराजित किया। प्रयागराज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल करने वाले अजय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

टॉस जीतकर प्रयागराज के कप्तान नितिन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में आये नितिन और गौरव पाठक ने तेज शुरुआत की। लेकिन, यह जोड़ी ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सकी और नितिन के रूप में प्रयागराज का पहला विकेट गिर गया। इसके बाद गौरव पाठक ने आतिशी पारी खेलते हुए तेजी से रन स्कोर में इजाफा किया। गौरव का विकेट गिरा तो गुलशन वर्मा और प्रियांशु ने पारी को संभाल लिया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में 19वें ओवर की गेंदबाजी के दौरान प्रयागराज की टीम 175 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। इसमें गौरव पाठक ने 19 गेंदों पर 40 रन, गुलशन वर्मा ने 21 गेंदों पर 26 रन, प्रियांशु ने 25 गेंदों में 25, नितिन ने 17 गेंदों में 18 और अजय ने 13 गेंदों में 18 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, सिवान की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जफर इमाम ने चार, अभिषेक ने तीन, फैसल ने दो और आदित्य ने एक विकेट हासिल किया। जवाब में उतरी सिवान टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। 63 रन के स्कोर पर सिवान के चार विकेट गिर गए। इसके बाद मध्यक्रम में खेलने आए अभिषेक आनंद और आदित्य आनंद ने पारी को संभाल लिया और तेजी से रन स्कोर पर इजाफा करना शुरू किया। इन दोनों के बीच अच्छी साझेदारी भी हुई और सिवान की टीम लक्ष्य के करीब तक पहुंच गई। लेकिन, जब अभिषेक आनंद का विकेट गिरा तो पूरी टीम दबाव में आ गई। निर्धारित 20 ओवर के खेल में नौ विकेट गंवाकर सिवान की टीम 156 रन के स्कोर पर सिमट गई। 19 रनों से प्रयागराज की टीम ने मैच को जीतकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। प्रयागराज की तरफ से अजय ने चार, नितिन और गौरव ने दो-दो, अंकित ने एक विकेट हासिल किया। चार विकेट लेकर 18 रनों का योगदान देने वाले प्रयागराज के अजय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर अफरोज राजू और अतुल राव रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व अरशद राज ने की। स्कोरिंग अभिषेक गैरी व डिजिटल स्कोरिंग जीतू ने किया।

इससे पूर्व मैच का शुभारंभ डॉ. राजीव मिश्र, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. प्रशांत टिबड़ेवाल और डॉ. जेपी गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान सतीश साहा, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, आजाद अली, वसीम खान, राजन जायसवाल, चंदन जायसवाल, समीर अग्रवाल, अजय साहा, लिंकन सिंह, अभय प्रताप सिंह, गोल्डी जायसवाल, पिंटू शाह, मुन्ना अली, गोविंद जायसवाल, राजीव मिश्रा, टुनटुन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जिले में आबकारी दुकानों के खोलने का अस्थाई परिवर्तन

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी अनुभाग-2, लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश के क्रम में क्रिसमस एवं नववर्ष के अवसर पर जनपद में संचालित समस्त आबकारी दुकानों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि क्रिसमस पर्व के अवसर पर 24 दिसम्बर एवं 25 दिसम्बर 2025 तथा नववर्ष के अवसर पर 30 दिसम्बर एवं 31 दिसम्बर 2025 को जनपद में संचालित सभी आबकारी दुकानों को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त तिथियों को छोड़कर शेष सामान्य दिनों में जनपद में आबकारी दुकानों का संचालन पूर्व निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

डॉ. लोकेश भारद्वाज का जिपमर, पुडुचेरी में चयन, सीमावर्ती क्षेत्र का नाम किया रोशन

गांव से राष्ट्रीय संस्थान तक का सफर, अस्थि रोग शल्य चिकित्सा में करेंगे परास्नातक

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। सीमावर्ती क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि गोपालगंज जनपद के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरहवा शुक्ल निवासी कुंजबिहारी दुबे के द्वितीय पुत्र डॉ. लोकेश भारद्वाज का चयन देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमर), पुडुचेरी में अस्थि रोग शल्य चिकित्सा (एम.एस. ऑर्थोपेडिक्स) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से उत्तर प्रदेशङ्कबिहार सीमा से सटे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

डॉ. लोकेश भारद्वाज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू की। इसके बाद उन्होंने कुशीनगर में अध्ययन किया तथा सैनिक स्कूल गोपालगंज से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत पटना से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनुशासन, निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी क्षेत्र या संसाधनों की मोहताज नहीं होती। अपनी सफलता पर डॉ. लोकेश ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे उनके परिवार का सहयोग और मार्गदर्शन अहम रहा है। उन्होंने विशेष रूप से अपने चाचा अजय दुबे का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन ने हर कठिन मोड़ पर उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

डॉ. लोकेश का कहना है कि जब लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो, तो सफलता स्वयं रास्ता बना लेती है। डॉ. लोकेश भारद्वाज ने उत्तर प्रदेशङ्कबिहार सीमा पर स्थित ब्रह्म बाबा दोना शुक्ल महाराज के प्रति भी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। उन्होंने इसे ईश्वर की कृपा और गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम बताया। डॉ. लोकेश की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि सीमावर्ती क्षेत्र के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है।

घर से नाराज होकर निकली महिला को पुलिस ने दो घंटे के अंदर ढूंढ निकाला

तिनफेडिया चौकी प्रभारी के द्वारा इस सराहनीय कार्य का खूब चर्चा हो रहा है

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। तरयासुजान थाने के पुलिस चौकी तिनफेडिया की सजगता और मानवीय सोच ने बीती देर रात एक बड़ी अनहोनी को होने से रोक दिया। चौकी प्रभारी शिवम द्विवेदी की त्वरित कार्रवाई और कर्तव्यनिष्ठा ने न सिर्फ एक महिला को सकुशल उसके परिवार तक पहुंचाया, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को भी और मजबूत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माल्हो ग्राम निवासी बादल पुत्र हरिलाल बीती रात करीब 09 बजे पुलिस चौकी तिनफेडिया पहुंचे और मौखिक सूचना दी कि घरेलू नोक झोंक के बाद उनकी पत्नी चंदा देवी दोपहर लगभग दो बजे बिना बताए घर से चली गई हैं। महिला अपने सात माह के मासूम बच्चे को घर पर छोड़ गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही थी। सूचना के बाद मामले की गंभीरता को समझते हुए चौकी प्रभारी शिवम द्विवेदी ने तत्काल दो पुलिस टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर तलाश शुरू कराई। लगभग दो तीन घंटे के सतत प्रयास के बाद पुलिस टीम ने महिला को सकुशल खोज निकाला। इसके बाद चौकी प्रभारी ने महिला को समझा-बुझाकर पारिवारिक जिम्मेदारियों और बच्चों के भविष्य का अहसास कराया तथा उसे सुरक्षित उसके पति और बच्चों के पास भेजा। पुलिस की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई से एक परिवार टूटने से बच गया। घटना की चर्चा रातोरात पूरे क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय लोगों ने चौकी प्रभारी शिवम द्विवेदी की कार्यशैली, संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि सजग और संवेदनशील पुलिस व्यवस्था समाज में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पेराई के साथ सबसे पहले भुगतान करने में रिकॉर्ड को बराकर रखा रामकोल चीनी मिल

अवधनामा संवाददाता

एक दिसंबर से 10 दिसंबर तक का भुगतान किसानों के खाते में भेजा

रामकोला, कुशीनगर। त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला ने 01 दिसंबर से 10 दिसंबर तक के गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। जनपद में सबसे पहले पेराई शुरू करने के साथ-साथ समयबद्ध भुगतान कर मिल ने अपने उत्कृष्ट रिकॉर्ड को बरकरार रखा है।

प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 01 दिसंबर से 10 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का कुल 23 करोड़ 30 लाख रुपये का भुगतान किसानों के खातों में अंतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान हित हमारे लिए सर्वोपरि है। हमारा प्रयास है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले और किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ताजा एवं साफ-सुथरा गन्ना ही मिल पर आपूर्ति करें, जिससे पेराई प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके।

साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि किसान भाई अपनी गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और आगामी वर्षों में उन्हें और अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे निर्धारित तौल से अधिक गन्ना लेकर न आएँ, ताकि गन्ना उतारने में विलंब न हो तथा बिचौलियों द्वारा औने-पौने दामों पर गन्ना बेचने की नौबत न आए। प्रेस वार्ता के दौरान कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय तथा गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

बर्खास्तगी का फरमान कागजों पर ही सिमटा, कुशीनगर में संविदाकर्मी बेधड़क ड्यूटी पर!

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। एएनएम भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरतने वाले संविदाकर्मियों को बर्खास्त करने का आदेश महज कागजी तमाशा बनकर रह गया है। हैरानी की बात यह है कि बर्खास्त घोषित सिद्धनाथ तिवारी और रितेश तिवारी आज भी सीएमओ कार्यालय में बेधड़क नौकरी कर रहे हैं। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद ये संविदाकर्मी बेखौफ होकर अपने पदों पर जमे हुए हैं। क्या यह प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना है या इनके रसूख का कमाल?

नियम तोड़े, अपात्रों को फायदा : संविदाकर्मी सिद्धनाथ तिवारी और रितेश तिवारी ने एएनएम भर्ती में नियमों को ताक पर रखकर अपात्र अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाया था। पात्र उम्मीदवारों की शिकायतों पर जांच के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने बर्खास्तगी के आदेश जारी किए। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता और कथित संरक्षण के चलते ये दोनों आज भी नियम-विरुद्ध तरीके से नौकरी कर रहे हैं। यह सिस्टम को कटघरे में खड़ा करने वाली घटना है।

एफआईआर से बर्खास्तगी तक का सफर : लापरवाही पर तत्कालीन डीएम ए.एस. लिंगम ने एसीएमओ डॉ. जेएन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सिद्धनाथ तिवारी और जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रितेश तिवारी के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। 26 जून 2022 को तत्कालीन सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। सीएमओ ने शासन को एसीएमओ के खिलाफ कार्रवाई का पत्र भेजा और दोनों संविदाकर्मियों की बर्खास्तगी की सिफारिश की।

सवाल उठता है- दोष सिद्ध होने के बाद भी बर्खास्त कर्मी नौकरी करते रहेंगे, तो ईमानदार कर्मचारियों और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय कैसे मिलेगा? जिम्मेदार अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं या कोई और खेल चल रहा है? यह मामला सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। क्या उच्च स्तरीय जांच होगी?

डीएम जांच में खुली पोल

साढ़े तीन वर्ष पूर्व संविदा एएनएम भर्ती में अभ्यर्थियों ने तत्कालीन जिलाधिकारी ए.एस. लिंगम से धांधली की शिकायत की। डीएम ने जांच कमेटी गठित कर सीएमओ को रिपोर्ट सौंपी। कमेटी ने पाया कि चयन प्रक्रिया में मानक दरकिनार कर अपात्रों का चयन हुआ। निजी लाभ के संकेत मिले। आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

हाटा में एफआरयू यूनिट स्थापित कराने की मांग विधायक मोहन वर्मा ने सदन में उठाई

अवधनामा संवाददाता

हाटा, कुशीनगर। विधायक मोहन वर्मा ने विधानसभा के चालू सत्र में क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण मांग रखी है। विधायक ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा में प्रथम संदर्भन इकाई स्थापित किए जाने की जोरदार वकालत की।

हादसों के मद्देनजर आपातकालीन सेवाओं की जरूरत : विधायक मोहन वर्मा ने सदन को अवगत कराया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है। राजमार्ग पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के कारण अक्सर गंभीर रूप से घायल मरीज और अन्य आपातकालीन स्थितियों वाले लोग प्राथमिक उपचार के लिए इसी केंद्र पर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सीएचसी हाटा में एफ.आर.यू. यूनिट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके अभाव में गंभीर मरीजों को सिजेरियन डिलीवरी, आकस्मिक सर्जरी और अन्य उच्च स्तरीय आपातकालीन सेवाओं के लिए जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ता है। समय पर उचित इलाज न मिलने से कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। विधायक ने नियम-301 के अंतर्गत सदन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि क्षेत्रीय जनमानस की भावनाओं और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल प्रभाव से प्रथम संदर्भन इकाई की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि एफ.आर.यू. बनने से न केवल हाटा बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। क्षेत्रीय जनता ने विधायक द्वारा सदन में इस बुनियादी मुद्दे को उठाने पर हर्ष व्यक्त किया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस हेतु डीएम ने जारी किया रोस्टर

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा (सम्पूर्ण समाधान दिवस) तहसील दिवस प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को प्रात 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक का रोस्टर माह जनवरी 2026 से जून 2026 तक का रोस्टर तैयार कर निर्गत किया गया है, जिसमे नियमानुसार जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/अपर अधिकारी (न्यायिक) द्वारा आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता की जायेगी तथा शेष तहसीलों में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस/सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उक्त के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 03 जनवरी 2026 को कसया में, 17 जनवरी को पडरौना में, 07 फरवरी को हाटा में, 21 फरवरी को तमकुहीराज में, 07 मार्च को खड्डा में, 21-मार्च को कप्तानगंज में, 04 अप्रैल को कसया में, 18 अप्रैल को पडरौना में, 02 मई को हाटा में, 16 मई को तमकुहीराज में, 06 जून को खड्डा में तथा 20 जून 2026 को कप्तानगंज में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 03 जनवरी 2026 को कप्तानगंज में, 17 जनवरी को खड्डा में, 07 फरवरी को तमकुहीराज में, 21 फरवरी को हाटा में, 07 मार्च को पडरौना में, 21 मार्च को कसया में, 04 अप्रैल को कप्तानगंज में, 18 अप्रैल खड्डा में, 02 मई को तमकुहीराज में, 16 मई को हाटा में, 06 जून को पडरौना में, तथा 20 जून 2026 को कसया में आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी (वि/रा) की अध्यक्षता में 03 जनवरी 2026 को खड्डा में, 17 जनवरी को तमकुहीराज में, 07 फरवरी को कप्तानगंज में, 21 फरवरी को कसया में, 07 मार्च को हाटा में, 21 मार्च को पडरौना में, 04 अप्रैल को खड्डा में, 18 अप्रैल तमकुहीराज में, 02 मई को कप्तानगंज में, 16 मई को कसया में, 06 जून को हाटा में, तथा 20-जून 2026 को पडरौना में आयोजित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में 03 जनवरी 2026 को पडरौना में, 17 जनवरी को हाटा में, 07 फरवरी को कसया में, 21 फरवरी को तमकुहीराज में, 07-मार्च को तमकुहीराज में, 21 मार्च को खड्डा में, 04 अप्रैल को पडरौना में, 18 अप्रैल पडरौना को हाटा में, 02 मई को कसया में, 16- मई को कप्तानगंज में, 06 जून को तमकुहीराज में तथा 20 जून 2026 को खड्डा में आयोजित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तहसील दिवस की तिथि को यदि कोई सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उस तिथि का तहसील दिवस अगले कार्य दिवस में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त रोस्टर के अनुसार समस्त जनपदीय अधिकारीगण समय से निर्दिष्ट तहसील के तहसील दिवस मे उपस्थित होकर जन सुनवाई तथा शिकायतो का निस्तारण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करेंगें।

पुल पुलियों पर निर्माण पर 78 करोड खर्च हुए, गोमती पर पीपे के पुलों पर आवागमन शुरू

संजीव भारती, अमेठी। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड में चालू वित्तीय वर्ष में यातायात सुगम करने के लिए पुल, पुलिया, लघु सेतु के निर्माण की एक दर्जन कार्ययोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। आधा दर्जन स्थानों पर पीपे के पुल बनाए गए हैं।चार पीपे के पुलों पर आवागमन शुरू हो गया है। सिंहपुर -तिलोई मार्ग पर किमी-11पर क्षतिग्रस्त पुलिया पर मरम्मत और चौड़ीकरण पर 14.5लाख रु खर्च किए गए हैं। शाहमऊ-,डोडलपुर सम्पर्क मार्ग के किमी तीन पर भी क्षतिग्रस्त और संकरी पुलिया पर चौड़ीकरण का काम प्रगति पर है।

इस कार्य पर 15.34लाख रु खर्च किए गए हैं। दक्खिन गांव -पाली उरेरमऊ मार्ग पर स्थित सुबेहा रजवाहा पर 6मी लम्बाई के लघु सेतु का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य पर1.15करोड रु खर्च किए जायेगें। मूंगताल ड्रेन पर लघु सेतु के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।बाजार सुकुल में गोमती नदी के किसनी घाट पर पीपे के पुल का निर्माण पूरा हो चुका है। जगदीशपुर विकास खंड के अन्तर्गत ग्रामसभा अवतारा में गोमती नदी के कुडवा घाट पर पीपे के पुल का निर्माण पूरा हो चुका है। पूरे हिंदू सम्पर्क मार्ग के किमी एक और सवितापुर सम्पर्क मार्ग पर , छः मीटर लम्बाई के दो लघु सेतु स्वीकृत हुए हैं।

शीतलहर के दृष्टिगत एसडीएम ने गो आश्रय स्थल मंगरौरा का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

केयरटेकरों को वितरित किए कंबल

अमेठी/मुसाफिरखाना। बुधवार को शीत लहर के दृष्टिगत जनपद में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने गोआश्रय स्थल मंगरौरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने गौशाला में शीतलहर से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निराश्रित गोवंश के लिए चारे, पेयजल, साफ-सफाई, ठहराव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में तैनात केयरटेकरों को शीतलहर से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। उन्होंने केयरटेकरों से गोवंश की नियमित देखरेख, समय पर चारा-पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

विद्यालय में 1 दिसंबर से मनाए जाने वाले सड़क सुरक्षा माह की समस्त कार्यवाही ससमय कराना सुनिश्चित करें : संजय सिंह

बृजेश कुमार शुक्ल

बस्ती। जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं दुर्घटनाओं से मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु एक जनवरी से 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। इसके क्रम में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 धारा निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दिया जाय एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जाय तथा समस्त विद्यालय/महाविद्यालय परिसर में प्रवेश के समय रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से बिना लाइसेंस एवं बिना हेल्मेट के शिक्षकों/ विद्यार्थियों/ अभिभावक की जांच करते हुए उनको नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।

प्रत्येक विद्यालय में इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाए और रोड सेफ्टी संबंधित निर्माण कार्य पूरा कर क्विज, भाषण, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध तथा वादविवाद एवं ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में यातायात नियमों और रोड सेफ्टी के बारे में जागरूकता लायी जाये ताकि वे अपने आस-पास के समाज को दुर्घटनामुक्त रखने में सहायक सिद्ध हो सके। 3-माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में सामग्री समावेशित है, इसे विशेष रूप से बच्चों को पढ़ाया जाए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। कई विद्यालयों में स्काउट गाइड एवं एनसीसी के छात्र/छात्राएं है उन्हें एक्सीडेण्ट होने पर फर्स्ट रिस्पॉस, हेल्मेट अनिवार्य रूप से पहनने और गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया जाए। एससीईआरटी द्वारा कव चनामक माड्यूल बनाया गया है, जिसमें सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गयी है। सभी शिक्षकों को ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षित किया जए।

प्रत्येक जनपद में सड़क सुरक्षा माह के सफल आयोजन हेतु डीआईओएस को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वह जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग से समन्वय कर सभी राजकीय, एडेड, नॉन एडेड विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन करायेंगे और कृत कार्यवाही की आख्या फोटोग्राफ सहित निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को उपलब्ध करायेंगे। सड़क सुरक्षा माह के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह समस्त प्रबन्धक / प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या /राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त / संस्कृत माध्यमिक वि0/वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय / संस्कृत महाविद्यालय /सीबीएसई बोर्ड/आईसीएसई बोर्ड / हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट को निर्देशित किया है कि विद्यालय में कार्यवाही ससमय कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक रोड सेफ्टी क्लब का गठन नही किया गया है तत्काल प्रत्येक दशा में गठन करते हुए एवं रोड सेफ्टी क्लब के अन्तर्गत नियमित समीक्षा सूचना निर्धारित प्रारूप पर एवं फोटोग्राफ्स अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध करायी जाय।

पूर्व विधायक रानी गरिमा सिंह ने अपने पुत्र और बहू के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। पूर्व विधायक रानी गरिमा सिंह ने अपने पुत्र अनन्त विक्रम सिंह और बहू शाम्भवी सिंह के साथ मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने अमेठी की राजनीतिक स्थिति और यहां की नागरिक समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी की दृढ़ इच्छाशक्ति से उत्तर प्रदेश आज विकास, कानून-व्यवस्था और सुशासन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। अब भाजपा की नीतियों और नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रतिनिधिमंडल ने अमेठी में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण एवं युवा अवसरों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँच रही हैं और अमेठी इसका सशक्त उदाहरण बनने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने अमेठी के विकास को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है और किसी भी क्षेत्र के साथ अन्याय या भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि अमेठी को भी अग्रणी विकासशील जनपदों की श्रेणी में लाने के लिए सरकार कदम उठाएगी। यह भेंट स्पष्ट संदेश देती है कि अमेठी अब खोखले वादों की राजनीति से बाहर निकलकर भाजपा के विकासऔर सुशासन के मॉडल के साथ मजबूती से खड़ा है।

परिवहन विभाग ने किया सात वाहनों का चालान

अवधनामा संवाददाता

बस्ती । जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा शीत ऋतु में कोहरे के दृष्टिगत दृश्यता कम होने के कारण आम जनमानस की सुरक्षा एवं जनहानि को रोकने के उद्देश्य से परियोजना निदेशक, एन0एच0ए0आई0/परिवहन विभाग/ यातायात विभाग/लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि कोहरा प्रभावित कोरीडोर तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाये, एम्बुलेंस, क्रेन एवं फायर टेण्डर की व्यवस्था उचित स्थानों पर सुनिश्चित की जाये। मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट लाईट तथा एण्टी फाग लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

मार्गों पर लेन मार्किंग, रिफ्लेक्टर-डेलीनेटर, कैट आई इत्यादि तथा समुचित रेट्रो रिफ्लेक्टिव साइनेज लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। सड़क के किनारे खड़े वाहनों, खराब हो गये वाहनों को तत्काल हटाये जाने हेतु प्रभावी पेट्रोलिंग की जाये तथा क्रेन के माध्यम से निर्धारित सुरक्षित स्थल पर खड़ा कराया जाये। रोड ओनिंग एजेंसी सड़कों पर पेंट, लेन मार्किंग, रिफ्लेक्टर और साइनेज लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय। ट्रैक्टर ट्रालियों में शत-प्रतिशत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जायें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग करते हुए वाहन चालकों को कोहरे के सम्बन्ध में चेतावनी दी जाये।

उक्त निर्देश के क्रम में परिवहन विभाग के सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) फरीदउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर अवैध पार्किंग/गन्ना लदा ओवरहाईट ट्रक के विरूद्ध 07 वाहनों पर चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही हाईवे के किनारे स्थित यूरिया पंप मालिकों को निर्देशित किया गया कि अपने यूरिया टैंक एवं उससे सम्बन्धित उपकरणों को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से तत्काल हटा लिया जाये। माह दिसम्बर में दिनॉक 23.12.2025 तक ओवरलोड में 29 वाहन, बिना रिफ्लेक्टर लगे 58 वाहनों, गन्ना लदे/ओवरहाईट में 67 वाहनों एवं अवैध पार्किंग में 91 वाहनों के विरूद्ध चालान/निरूद्ध की कार्यवाही की गई जिससे प्रशमन शुल्क रू0 5.75 लाख की वसूली की गई।

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी/अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सआदत इन्टर कालेज नानपारा में विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उप जिलाधिकारी नानपारा/उपाध्यक्ष मोनालिसा जौहरी, तहसीलदार/प्रबन्धक रविकान्त द्विवेदी, प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार मिश्र, समिति के सदस्य आनन्द कुमार अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।

बैठक के दौरान विद्यालय प्रबन्ध समिति के 02 रिक्त सदस्य पद पर सत्य प्रकाश गुप्ता एव नरेश चन्द्र अग्रवाल के चयन, विद्यालय के अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, इतिहास एवं अंग्रेज़ी प्रवक्ता पदों पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति तथा सहकारी बैंक नानपारा में जमा विद्यालय की धनराशि का आहरण कराये जाने पर विचार-विमर्श किया। डीएम ने कहा कि जो सदस्य विद्यालय के विकास में अग्रणी भूमिका निभाना चाहते हैं उन्हें साधारण सभा का सदस्य बनाया जाय।

डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे पुरातन छात्र जो विद्यालय के विकास के लिए आकांक्षी हो उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर सम्मानित किया जाय तथा उन्हीं के हाथों कायाकल्प के कार्यों का लोकार्पण भी कराया जाय। विद्यालय की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी नानपरा को निर्देश दिया गया कि पैमाइश कराकर विद्यालय की भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाय साथ ही विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार कराया जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।

आंगनवाड़ी प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। बुधवार को अखण्डनगर और कादीपुर बीआरसी पर तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हो गया। अखण्डनगर में यह प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी राम बहादुर और कादीपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के निर्देश पर समेकित शिक्षा के तत्वावधान में सोमवार से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अखण्डनगर से 45 तथा कादीपुर से 42 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रवीण कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार, दिनेश कुमार वर्मा एवं संदीप कुमार ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनके शैक्षिक एवं सामाजिक विकास, प्रारंभिक हस्तक्षेप, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कार्यकत्रियों को बताया कि प्रारंभिक स्तर पर सही देखभाल और सहयोग से दिव्यांग बच्चों के विकास में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। साथ ही समावेशी शिक्षा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने प्रतिभागियों से प्राप्त जानकारी को अपने-अपने केंद्रों पर व्यवहार में लाने की अपील की और कार्यक्रम को उपयोगी व सार्थक बताया।

मतदाता सूची में किसी प्रकार की कोई त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ समस्त मतव (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) और एईआरओ के साथ बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एकत्र किए गए डाटा की सिरसागंज के तहसील सभागार कक्ष में समीक्षा की जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की कोई त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठसव द्वारा एकत्र किए गए डाटा की शत प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की जाए कार्य की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तीन दिवस के अंदर क्रॉस चेकिंग करने का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी सहित समस्त ईआरओ और एईआरओ उपस्थित रहे।

सांडी 77 मौरंग खंड बना प्रशासन के गले की फांस

■ खनन करे तो मुसीबत, न करे तो मुसीबत

अवधनामा संवाददाता

बांदा। जनपद के सांडी क्षेत्र स्थित मौरंग खंड संख्या-77 इन दिनों प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। एक ओर खनन शुरू करने पर पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन और जनआक्रोश का खतरा है, तो दूसरी ओर खनन न होने से राजस्व हानि और पट्टाधारकों की नाराज़गी—दोनों ही परिस्थितियों में प्रशासन दबाव में है।

मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) तक पहुंचने के बाद खंड संचालकों के हाथ-पांव फूल गए हैं। पर्यावरणीय स्वीकृतियों, नदी क्षेत्र में संभावित क्षति और नियमों के पालन को लेकर उठे सवालों ने खनन गतिविधियों पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इस पूरे प्रकरण को लेकर समाजसेवी आशीष सागर और ऊषा निषाद ने माननीय न्यायालय सहित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में भी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। शिकायत स्वीकार होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है और खनन से जुड़े दस्तावेजों व अनुमतियों की गहन जांच की चर्चा है।

इधर, ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन से नदी तटों का कटाव, कृषि भूमि को नुकसान और जलस्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी महोदया से लिखित शिकायत कर खनन पर रोक लगाने, नियमों की सख्त जांच कराने और ग्रामीण हितों की रक्षा की मांग की है।

प्रशासन फिलहाल दोहरे दबाव में फंसा नजर आ रहा है—एक तरफ पर्यावरण संरक्षण और न्यायिक प्रक्रिया का पालन, तो दूसरी ओर राजस्व और पट्टाधारकों की अपेक्षाएं। अब सभी की निगाहें NGT में चल रही सुनवाई और जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कुढ़ी के विद्यार्थियों ने किया वन दर्शन

■ विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छ जल बचाने और पानी को गंदा न करने का संकल्प

■ विद्यार्थियों ने कहा कि पर्यावरण मित्र बनकर वे अपने गांव और नगर को बनाएंगे प्रदूषण मुक्त

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कुढ़ी खैरगढ़ के विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर पर्यावरण मित्र वन दर्शन के लिए प्रस्थान किया। प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र द्वारा विद्यार्थियों को केचुआ खाद, नाड़ेप खाद एवं किचिन वेस्ट से खाद बनाने तथा नीमास्त्र,ब्रहमास्त्र,अमृत जल इत्यादि प्राकृतिक कीटनाशक के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को कचरा प्रबन्धन के माध्यम से गीले कचरे से खाद बनाना व सूखे कचरे को रिसाइकिल हेतु भंगार वाले को

बेचने के बारे में बताया गया। जैविक खेती,जैविक सब्जी, मिश्रित वन के लाभ भी विद्यार्थियों को बताए गए। बागानों में लगे मौसमी, आंवला व नीबू के फलों को उन्हें दिखाया गया तथा जैविक पद्धति से तैयार करने के बारे में जानकारी दी गई। नर्सरी में उन्हें नये पौधे तैयार करने की विधि बताई गई। विद्यार्थियों को पानी गंदा न करनें, स्वच्छ जल बचाने, पॉलीथिन निषेध, कचरा प्रबन्धन के बारे में वृहद जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार की उपस्थिति में शिकोहाबाद मेला महोत्सव में सभी विद्यार्थियों को झूला झुलाकर व अन्य खेलों के आनंद के साथ एक्सपोजर विजिट का समापन किया गया। वन दर्शन कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य आनंद बाबू एवं शिक्षकों में जगवीर सिंह, विशाल यादव, अदिति, अंकित कुमार उपस्थित रहे।

एफ्पीओ किसानों की आय बढ़ाने हेतु बेहतर रणनीति तैयार करें: जिलाधिकारी

फिरोजाबाद। एफ्पीओ की जिला स्तरीय अनुसरण समिति की बैठक कलेक्ट सभागार में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त एफ्पीओ किसानों की आय बढ़ाने के लिए बेहतर रणनीति तैयार करें तथा बेहतर इनपुट एवं उत्पादन प्रबंधन के साथ कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों की आई बढ़ाने में आगे आए। उन्होंने एल डी एम को निर्देशित किया एफ पी ओ को आसान ऋण उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने बताया कि जनपद में सात नए एफ पी ओ का गठन किया जाना है। भारत सरकार द्वारा चयनित संस्था फेयर ट्रेड बास्केट इंडिया लिमिटेड द्वारा फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, नारखी, एका, अराव, जसराना, मदनपुर में ये एफ पी ओ गठित किए जाएंगे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। पूरी पारदर्शिता के साथ एफपी ओ का गठन किया जाए। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समस्त एफपी ओ यूपी शक्ति पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करा दें जिससे उनकी ग्रेडिंग हो सके।

"सांसद खेल महोत्सव 2025" के दूसरे दिन खो-खो, एथलेटिक्स, तीरन्दाजी खेलों की रही धूम

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। इन्दिरा गांधी स्पोर्ट स्टेडियम में ''सांसद खेल महोत्सव 2025'' के दूसरे दिन मटेरा, बलहा, चित्तौरा, नानपारा, महसी से खो-खो, एथलेटिक्स, तीरन्दाजी खेल में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उक्त खेलो में लगभग 375 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डॉ आनन्द कुमार गोंड माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र-56 बहराइच द्वारा बालक बालिकाओं की 100मी0 दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर, खो-खो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं तीरन्दाजी में तीर धनुष चलाकर खेल का शुभारम्भ किया गया। स्टेडियम प्रांगणन में उपस्थित होकर खिलाड़ियों ने मैच का आनन्द लिया गया। विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक सदर बहराइच के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल जी, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि करणवीर सिंह जी, मानवेन्द्र प्रताप सिंह मन्नू, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अजय गुप्ता, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आलोक सिंह, आखिलेश चौधरी,

देवेश शुक्ला एवं शैलेश मिश्रा, मीडिया बन्धु आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। ''सांसद खेल महोत्सव में 100मी. बालक वर्ग में प्रथम शिवम महसी, द्वितीय किस्मत अली महसी, तृतीय विष्णु नानपारा 200मी. प्रथम अभिषेक महसी, द्वितीय पीयूष बहराइच, तृतीय विष्णु नानपारा, 400मी. प्रथम सर्वेश महसी, द्वितीय अभिषेक, तृतीय पीयूष पाल बहराइच, लम्बीकूद प्रथम विष्णु नानपारा, द्वितीय अनस बलहा, तृतीय कृष्णा बहराइच, 100मी0 बालिका वर्ग में प्रथम सावित्री नानपारा, द्वितीय माही, तृतीय अर्चना, 200 मी. में सावित्री, द्वितीय सौम्या, तृतीय विजय लक्ष्मी, 400 मी. प्रथम मोहिनी, द्वितीय माही, तृतीय मोनिका ने स्थान प्राप्त किया। खो-खो बालक वर्ग में नानपारा बनाम बलहा के मध्य खेला गया जिसमें नानपारा 10-05 से विजयी रही। खो-खो बालिका वर्ग में नानपारा बनाम बलहा के मध्य खेला गया जिसमें बलहा 1-0 से विजयी रही। उपरोक्त समस्त खेलो का समापन, पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभागियों को प्रसस्ति पत्र देकर कराया जायेगां दिनांक 25 दिसम्बर 2025 को कराया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में अनुपमा धानुक उप क्रीड़ाधिकारी, राकेश पासवान, विनोद कुमार, मो0 आरिफ, रोहित सिंह आदि सहयोग प्रदान किये। कार्यक्रम में मंच का संचालन अमित पाण्डेय सहायक अध्यापक व संतोष सिंह कवि द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग, नगर पालिका, चिकित्सा विभाग एवं पुलिस विभाग, द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। समापन अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा आये हुये समस्त अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का

जाम की समस्या से निजात के लिए एनएचएआई के चेयरमैन को भेजा रिमाइंडर पत्र

सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता) नगर के अमहट चौराहे पर लगातार हो रही जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने पुनः भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन को रिमाइंडर पत्र भेजा है। दरअसल सुल्तानपुर का अमहट चौराहा शहर का प्रमुख प्रवेश बिंदु है। लखनऊ हो या रायबरेली, इसी चौराहे से आप शहर में प्रवेश करते हैं। लेकिन बढ़ते यातायात दबाव के चलते इस चौराहे पर आए दिन क्षेत्रवासियों और राहगीरों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। लोगों की समस्या को देखते हुए विनोद सिंह ने बीते 9 मई को यहां फ्लाई ओवर और सर्विस लेन बनवाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र भेजा था, इसी कड़ी में उन्होंने बीते 12 दिसंबर को पुनः पत्र भेजा है, ताकि जल्द से जल्द फ्लाइओवर और सर्विस लेन बन जाए और लोगों के आवागमन में सहूलियत मिल सके।

वांछित अपराधी गिरफ्तार

कादीपुर/सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता) कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशानुसार आज 24 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शिवम पुत्र मिठाई लाल, निवासी बीरीहाजीपुर, थाना कादीपुर को शहीद बाबा मजार से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कादीपुर पर मु0अ0सं0 0584/2025, धारा137(2)/352/351 (3) /64 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान संपन्न

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। नव भारतीय नारी विकास समिति द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से चलाया जा रहा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर उपस्थित रहे। उन्होंने बाल विवाह के सामाजिक, मानसिक और कानूनी दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर डॉ. जफर आलम ने बाल श्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कम उम्र में काम करने को मजबूर बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनके सपने अधूरे रह जाते हैं और उनका संपूर्ण विकास रुक जाता है। उन्होंने

समाज से अपील की कि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित वातावरण देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का संचालन मुख्तार आलम ने किया। उन्होंने बाल विवाह से होने वाले नुकसानों पर जोर देते हुए कहा कि बाल विवाह से बच्चों के सपने टूट जाते हैं, शिक्षा छूट जाती है, स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और विशेष रूप से बालिकाओं को कम उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ उठाना पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफजागरूक रहने तथा इसे रोकने की शपथ दिलाई गई। अंत में स्कूल डायरेक्टर मनोज कुमार ने इस प्रोग्राम की प्रशंसा करते हुए कर हां की यह सराहनीय प्रयास है इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से बाल विवाह में अवश्य कमी आएगी उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ के साथ दिलीप कुमार शर्मा समरीन शाहनवाज आदि उपस्थित रहे।

30 तक ली जाएंगी दावे आपत्ति

■ पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगे बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

अवधनामा संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। पंचायत चुनाव 2026 की अनन्तिम मतदाता सूची के मंगलवार को आलेख्य प्रकाशन के बाद बीडीओ नीलिमा गुप्ता ने बुधवार को ब्लॉक सभागार में सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग में बीडीओ ने बताया कि सभी बीएलओ को जिन मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज नहीं है उसने लिए आधार कार्ड के साथ फॉर्म 02 भरवाया जाएगा। जिनके नाम में त्रुटि है उन्हें सही नाम के लिए दस्तावेज के साथ फॉर्म 03 भरना होगा। जिन मतदाताओं का नाम सूची में गलत अंकित है उन्हें काटने के लिए फॉर्म 04 भरना होगा। जो भी मतदाताओं द्वारा दावे व आपत्ति है वह 30 दिसंबर तक ही ली जाएगी। 30 दिसंबर के बाद कोई भी फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जो भी नाम बढ़ाने के दावे व आपत्तियां प्राप्त होंगी उनका 31 दिसंबर से 06 जनवरी तक निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों पर बैठकर दावे व आपत्ति प्राप्त करेंगे। ट्रेनिंग में विकास खंड के 100 बीएलओ व 15 सुपर वाइजर शामिल रहे। इस मौके पर एडीओ पंचायत संतोष पाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से सआदत इण्टर कालेज में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तहसीलदार नानपारा रविकान्त द्विवेदी व नायब तहसीलदार बलहा के साथ उपस्थित 30 ग्रामवासियों को कम्बल का वितरण किया। एसडीएम ने कहा कि कोई भी ज़रूरतमन्द व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो । उन्होंने तहसील प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि शीतलहर के दौरान निरंतर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें समय से सहायता उपलब्ध करायी जाय।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 15.01.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	01352025 दिनांक 23.12.2025
2	निविदा संख्या	26 3984 025-26
3	कार्य का नाम	DEN-V/LKO के AY और AYC स्टे (प्रकलन सं. 255 ADEN-AYC के SSE-W-AYC सेक्शन में र सर्विस बिल्डिंग में मरम्मत का काम।
4	अनुमानित लागत	रु. 1,47,00,748.11
5	धरोहर राशि	रु. 2,23,500.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	01.01.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.01.2026 को 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3984/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तहसीलदार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। मामला जिले के तहसील कादीपुर के अंतर्गत ग्राम हींगुनगौरा से जुड़ा हुआ है। जहां की रहने वाली विधवा शांति देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी स्व. दयाशंकर सिंह के नाम राजस्व अभिलेख में गाटा संख्या 224 रकबा - 3 -12-14 , तीन बिगहा बारह बिश्वा चौदहा धुर भूमि राजस्व अभिलेख में अंकित दर्ज रहा, जो उनकी पुस्तैनी कृषि भूमि है जिस पर शान्ति देवी अपना खेती बाड़ी कर भरण-पोषण करती थी। वहीं शान्ति देवी के गांव के जालसाज किस्म के सरजू प्रसाद सिंह पुत्र कांशी नरेश सिंह, ब्रह्मदेव मौर्या,व धर्मराज मौर्या, पुत्र गण रामकुमार मौर्या, ने मिलकर फर्जी तरीके से उक्त अशिक्षित व असहाय शांति देवी से सादे कागज पर लोन दिलाने के बहाने अंगूठा निशान लगवा कर उक्त भूमि का बैनामा 1977 में कर लिया था उक्त बनाने को खारिज (मंसूख) करने का दावा शांति देवी द्वारा मुंसिफ उत्तरी सुल्तानपुर की अदालत में योजित किया गया। जिस पर बैनामे को उक्त न्यायालय द्वारा निरस्त करते हुए शांति देवी के पक्ष में वाद निर्णीत 1979 में किया गया। तत्पश्चात प्रथम अपीलीय न्यायालय में विपक्षी गणों ने उक्त डिग्री के विरुद्ध वाद योजित किया जिसे अपीलीय न्यायालय जनपद सुल्तानपुर में विपक्षी गणो के पक्ष में1984 किया था। और जब इस बारे में जानकारी हुई तो दूसरी अपील मुकदमा संख्या 538/1984 शांति देवी बनाम सरजू प्रसाद सिंह आदि माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में योजित की गई दोनों पक्षों को सुनकर माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने 21 मार्च 1985 को आदेश पारित करते हुए विपक्षी गणों को शांति देवी के उक्त भूमि पर कब्जे में दखल देने से रोका दिया तथा प्रथम अपील न्यायलय सुल्तानपुर के आदेश की क्रियान्वयन व प्रभाव को भी स्थगित कर दिया जिसे तत्कालीन नायब तहसीलदार दियारा ने 1986 में विपक्षी गणों की दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र को कार्यवाही को स्थगित करते हुए दाखिल दफ्तर कर दिया उक्त बैनामा उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के आदेश के क्रम में आज भी खारिज है।

कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा के वित्तीय अधिकार प्रतिबंधित

■ 77.79 लाख से ऊपर वित्तीय भुगतान को लेकर कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद के खंड विकास अधिकारी /कार्यक्रम अधिकारी भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल पर जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत के बाद संयुक्त आयुक्त मनरेगा ग्राम विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने बड़ी कार्रवाई की है।

कार्यवाही के दौरान कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के वित्तीय अधिकार प्रतिबंध कर मनरेगा योजना भुगतान संबंधी कार्यवाही किए जाने हेतु किसी अन्य को कार्यक्रम अधिकारी भावल खेड़ा नामित करने के निर्देश दिए हैं आपको बता दें सितंबर 2025 में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 100 करोड रुपए सामग्री मद में प्राप्त धनराशि का उपयोग पूर्व वित्तीय वर्षों की लंबित भुगतान के लिए किया गया था साथ ही सख्त निर्देश दिए गए थे

कि इस धनराशि से केवल वित्तीय वर्ष 2023 -24 का लंबित भुगतान किया जाएगा कार्यक्रम अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा द्वारा प्राप्त 100 करोड़ धनराशि में 86.46 लाख भुगतान किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशों की अवहेलना करते हुए 77.79 लाख का भुगतान वर्ष 2023 -24 की जगह वर्ष 2024- 25 व वर्ष 2025-26 का कर दिया गया जबकि इस धनराशि का प्रयोग वर्ष 2023 -24 के बकाया भुगतान में करना था इसी को लेकर कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा पत्र जारी कर कार्रवाई की मांग की गई थी जिसके फल स्वरुप नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा पर की गई है अनुशासनहीनता के चलते कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी भवनखेड़ा के वित्तीय अधिकार प्रतिबंधित करते हुए राज्य स्तर से खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा का डोंगल डिलीट कर दिया गया है फिलहाल इस कार्यवाही के बाद कई सवाल उठ रहे हैं जिसकी खबर आप डिटेल में अगले अंक में पढ़ेंगे इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला अधिकारी शाहजहांपुर एवं डीसी मनरेगा शाहजहांपुर से फोन संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 4039/8 काम/ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2025-26 दिनांक : 16.12.2025

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में ''ए एवं बी'' श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार निर्माण कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में)	निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
विधानसभा-मटेरा।						
1	बहराइच	जलालपुर-चौगोई-धनकुट्टी-माधवपुर- रघुनाथपुर-नवाबगंज-इमलिया-निम्निहारा (अ0जि0मा0) के किमी0-9 (235) एव 10 (619) में आबादी भाग में विशेष मरम्मत का कार्य।	80.44	6.02	2715.00	02 माह
2	बहराइच	केवलपुर सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। विभागीय हाटमिक्स प्लान्ट द्वारा।	74.96	5.75	2715.00	02 माह
3	बहराइच	रामनगर गुलरिहा सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	85.74	6.29	2715.00	02 माह
4	बहराइच	फुलटेकरा सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। विभागीय हाटमिक्स प्लान्ट द्वारा।	107.00	7.35	2715.00	02 माह

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 26-12-2025 से 06-01-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन इसी साइट पर सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 06-01-2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल बिड दिनांक 06-01-2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 06-01-2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इ. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
बहराइच

UPID-242930 Dated-23-12-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इ. अजय भास्कर)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,
बहराइच

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

यूनुस सरकार का पुतला दहन

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों तथा दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर बुधवार को जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश की यूनुस सरकार का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुड़े आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडे ने कहा कि बांग्लादेश में सुनियोजित तरीके से हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति, हिंदुओं के घरों, दुकानों, संस्थानों, पूजा स्थलों और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न केवल मानवता के विरुद्ध है, बल्कि वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप कर वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश को आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन आज उसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

जिला मंत्री अवधेश शर्मा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित ने कहा कि अब हिंदू समाज को अपने अस्तित्व और धर्म की रक्षा के लिए संगठित और जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज से एकजुट होकर अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सह जिला मंत्री अजय हिगवासिया एवं सरस्वती शरण द्विवेदी ने जाति-पात के भेदभाव से ऊपर उठकर हिंदू समाज को एकजुट होने की अपील की। प्रदर्शन में भुवनेश शुक्ला, सुशील सोनी, सुनील त्रिपाठी, कौशलेंद्र, बजरंग दल प्रमुख सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की महिलाएं तथा हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन वातावरण अत्यंत आक्रोशपूर्ण रहा। हिंदू एकता जिंदाबाद और अत्याचार बंद करो जैसे नारों से क्षेत्र गूंजता रहा।

खेलों से निखरेगा सोनभद्र, गुरुवार से विधायक खेल महाकुंभ का आगाज

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित हाईडिल मैदान में गुरुवार से विधायक खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस खेल महाकुंभ में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। विधायक खेल महाकुंभ में न केवल जनपद सोनभद्र की टीमें प्रतिभाग करेंगी, बल्कि प्रदेश स्तर की कई टीमें भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस विधायक खेल महाकुंभ की प्रशंसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी की जा चुकी है, जिससे आयोजन को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आयोजकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय खिलाड़ी एवं आयोजनकर्ता तैयारियों और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि विधायक खेल महाकुंभ युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास होता है।

नुमाइश पंडाल में कुल हिन्द मुशायरा दो जनवरी को

तैयारियां ज़ोरों पर, देश के नामचीन शायर करेंगे शिरकत

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नुमाइश पंडाल में ऐतिहासिक आल इंडिया मुशायरे का आयोजन आगामी 2 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को रात 8 बजे किया गया है। मुशायरे की कामयाबी के लिए तैयारियां जोरशोर से चल रहीं हैं। मुशायरे के मंच पर इस बार देश के नामचीन शायर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी आल इंडिया मुशायरे के संयोजक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद फुरकान अहमद व सह संयोजक पूर्व शहर अध्यक्ष सपा नफीसुल हसन अंसारी ने आयोजित बैठक में देते हुए बताया। उन्होंने बताया कि मुशायरे के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव होंगे और अध्यक्षता शायर माजिद देवबंदी व संचालन शायर नदीम फर्रुख करेंगे। उन्होंने बताया कि आल इंडिया मुशायरे में देश के नामचीन शायर अंजुम रहबर, मंजर भोपाली, माजिद देवबंदी, जौहर कानपुरी, शबीना अदीब, नदीम फर्रुख, खुर्शीद हैदर, अमीर इमाम, हिमांशी बाबरा, जहाज देवबंदी, हाशिम फीरोजाबादी, डॉ.नदीम शाद, राहुल शर्मा, बिलाल सहारनपुरी, ओम जी, शहबाज लखनवी, अली बाराबंकवी, आयशा खुशनसीब शिरकत करेंगी। उन्होंने जनपद वासियों व मुशायरा प्रेमियों से आल इंडिया मुशायरे में शामिल होकर बेहतरीन शायरी का आनन्द लेने की अपील की है। बैठक में इंतखाब आलम रौनक इटावी, नदीम अहमद, मोहम्मद असलम अंसारी, निहाल खान, शावेज़ नक़वी, फरहान शकील, ताबिश खान, रफत उल्ला खान, शाहिद हुसैन लल्ला, शफी अहमद बालक, टिंकू भाई, कामरान खान, अब्दुल रफीक, आरिफ सिद्दीकी नूर, अफजाल खां, रिहान खान, हसन राइन, सैयद मोहहमद नूर, सरफराज हुसैन, मुजफ्फर अली, खालिद हुसैन, मास्टर मोहम्मद सुल्तान, इसरार मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

हमीरपुर। (अवधनामा संवाददाता) पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, उपस्थिति, प्रशिक्षण सामग्री एवं उपलब्ध संसाधनों की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान रिक्रूट आरक्षियों से शस्त्र खोलने एवं जोड़ने का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने तथा समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समयबद्धता एवं जनसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के समय समस्त आईटीआई, पीटीआई व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रामलीला में सीताहरण, मेघनाथ वध व रावण वध का भावपूर्ण मंचन

सरीला (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र के चंडौत गांव में चल रही रामलीला के अंतिम दिन मंगलवार-बुधवार की रात सीताहरण, मेघनाथ वध एवं रावण वध की लीलाओं का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि सूर्पनखा के अपमान के बाद रावण साधु का वेश धारण कर पंचवटी पहुंचता है और छलपूर्वक माता सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले जाता है। मार्ग में जटायु द्वारा रावण को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वीरगति को प्राप्त हो गया। सीता के करुण विलाप ने दर्शकों को भावुक कर दिया। रावण की भूमिका जितेंद्र शुक्ला, राम की भूमिका करन तिवारी, सीता की भूमिका राजा भईया व लक्ष्मण की भूमिका मनीष तिवारी ने निभाई। बड़ी संख्या में ग्रामीण व कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर प्रेस वार्ता

मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता) अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर 25 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रस्तावित आंदोलन के संबंध में मौदहा ब्लॉक सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि क्षेत्र आज भी पानी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यह आंदोलन शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक होगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन में बुंदेलखंड के सभी जिलों से लोग भाग लेंगे और जब तक अलग राज्य का दर्जा नहीं मिलता, संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर महेंद्र वर्मा, सौरभ तिवारी, एडवोकेट अरविंद गुप्ता, शाहबाज अली, आशिफ शकील सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

बाइक-ट्रक की टक्कर में महिला की मौत, दो गंभीर घायल

मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता) बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर कोहरे के कारण बाइक और ट्रक की टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में किशोरी (60) पत्नी महावीर निवासी कुरारा की मृत्यु हो गई। घायल महावीर (65) व चंद्रपाल को सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर यातायात सुचारू कराया।

आरएसएस का सौ वर्ष हम हिन्दुओं के गौरव का उत्सव : दिनेश सिंह

सोनभद्र। हिंदू समाज मना रहा उत्सव की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सौ वर्ष। विकासखंड नगवां के खलियारी मंडल अंतर्गत किसान निर्मल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को सकल हिंदू समाज के द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि यह समय हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है जिसका परिणाम भी दिखाई दे रहा है कि हम अपने गौरवशाली इतिहास को स्थापित करने में सफल होते नजर आ रहे हैं।हर तरफ सनातन की जय जयकार हो रही है मां भारती धानी चुनरिया में रंगती हुई अपने हिंदू संस्कृति के लिए पुनः विश्व के मानस पटल पर अमिट रेखा खींच अलौकिक क्षण को जी रही है। हां यह सत्य है कि हम कभी विस्तारवादी नहीं रहे किंतु आज वह समय आ गया है कि हमें विस्तारवादी भी होना होगा और ईट का जवाब पत्थर से देते हुए हमारी संस्कृति पर बुरी नजर डालने वालों को सबक सिखाना होगा।

सारंगपुर को हराकर इकदिल बना विजेता

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा प्रदर्शनी महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमी फाइनल मुकाबले में सारंगपुर ने महेवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में सुदिति को हराकर एकदिल ने फाइनल में प्रवेश किया फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में पहला सेट सारंगपुरा ने 23-25 से जीता दूसरा सेट फिर एकदिल ने 25-22 से जीता तीसरा सेट भी 25-13 से एकदिल ने जीता, एकदिल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विजेता रहा। समापन के मुख्य अतिथि संजय कुमार दुबे(पप्पन)पूर्वअध्यक्ष सिविल वार एसोशियेशन रहे। प्रतियोगिता के संयोजक घनश्याम किशोर बाजपेई ने उनका शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों से उनका परिचय प्राप्त किया इसी क्रम में सहसंयोजक आलोक राज वाजपेई ने सभी अथितियों का बैच लगाकर वा माला पहनाकर स्वागत किया। निर्णायक की भूमिका अजय पाल, अमित कुमार और वेद प्रकाश ने निभाई और अंत में मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को आशीष वचन दिए और संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अटल जी की प्रतिमा से हमें प्रेरणा मिलेगी: स्वतंत्र देव

वहाज अली खान (निहाल)

इटावा। भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री जी की प्रतिमा का अनावरण एवं अटल पथ का लोकार्पण बुधवार को मंत्री जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ.प्र.स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी की प्रतिमा हमें उनकी याद दिलाएगी एवं इस पथ से हमें प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अटल जी का सिर्फ नाम ही अटल नहीं बल्कि उनके विचार भी अटल थे। अटल जी ने ग्राम सड़क योजना जैसे अनेक कार्य किए। देश के गौरव अटल जी युद्ध के मैदान में स्वयं अकेले डटे रहे। अटल जी देश की अनमोल धरोहर हैं। अटल जी बड़े ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके पांच मूलमंत्र थे। उन्होंने कहा कि अटल जी आज इस मिट्टी व देश की आत्मा में बसते हैं एवं वह ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनकी वाणी में कविता थी। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क नहीं बल्कि ये वह मार्ग है जो हमें सुशासन, सम्मान के पथ पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल जी ने कहा था कि अंधेरा घना है लेकिन सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा, उन्होंने कमल खिलाया और अपनी सरकार बनाई। उन्होंने अटल जी के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि सर पर बर्फ, मुंह में शक्कर, सीने में आग हो और पैर में चप्पल। राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, धर्मवीर प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी बाजपेई जी एक खुले सर्वोपरि विचार के व्यक्ति थे, उन्होंने जो भी कार्य किए देश और समाज के लिए किए। उन्होंने कहा कि अटल जी ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश पर न्योछावर कर दिया। उन्होंने अटल जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र पहले है सरकार नहीं। सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने अटल जी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि व्यक्ति को सशक्त बनाने का मतलब है राष्ट्र को सशक्त बनाना और शसक्तीकरण सबसे अच्छी तरह से तीव्र आर्थिक विकास के साथ तीव्र सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से किया जाता है।

उक्त अवसर पर पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, जिला प्रभारी कमलावती, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

वृहद चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/डाला। अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में कोटा पंचायत के तेलगुड़वा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वृहद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ पर महिला रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग और हड्डी रोग के कुल 335 लोगों की जांच कर दवा का वितरण किया गया, इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के साइट सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार, डॉक्टर अरुण चौबे, डाक्टर एकता,डाक्टर आकाश, डाक्टर कमलेश, बसंत, सुरेश यादव, विरेंद्र राव,गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

क्राइस्ट द किंग चर्च में प्रभु यीशु के जन्मदिन की तैयारियां पूरी

अवधनामा ब्यूरो

सजी धजी चर्च में प्रभु यीशु के जन्म के सजीव चित्रण की मनोहारी झाकियां सभी को करेंगी आकर्षित

इटावा। ईसाई धर्म के प्रमुख त्यौहार क्रिसमस को लेकर शहर की क्राइस्ट द किंग चर्च में बुधवार को जोरों पर तैयारी चलती रही। बुधवार की रात से चर्च में कैरोल सिंगिंग के साथ क्रिसमस के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे जो गुरुवार तक चलेंगे। क्रिसमस उत्सव को लेकर चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रभु यीशु के जन्म की झांकियां भी सजाई गई हैं। सेंटमेरी इन्टर कालेज के मैनेजर फादर बिंसन, एविन सर व लिंडो सर की देख रेख में पिछले कई दिनों से क्राइस्ट द किंग चर्च में क्रिसमस पर्व की तैयारियां चल रही थीं। चर्च को जहां रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है, वहीं प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित कई मनोहारी झांकियां भी सजाई गयी हैं। क्राइस्ट द किंग चर्च में चल रहीं तैयारियों की जानकारी देते हुए मैनेजर फादर बिंसन ने बताया कि 24 दिसंबर की रात को 7.30 बजे से कैरोल सिंगिंग के साथ क्रिसमस के कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, इसके बाद बिशप थॉमस पडियाथ, फादर बिंसन, फादर शीजू व फादर बिबिन के द्वारा विशेष प्रार्थना कराई जाएगी और प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाया जाएगा। पल्ली पुरोहित फादर बिंसन की देखरेख में पूजा के सभी कार्यक्रम होंगे और रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्म होगा। चर्च परिसर में ही बालक यीशु को लेकर जुलूस निकाला जाएगा और इसके बाद बालक यीशु की प्रतिमा को चरनी में स्थापित किया जाएगा। जनपद की एक मात्र क्राइस्ट द किंग चर्च में ईसाई समाज के लोगों में क्रिसमस को लेकर काफी उत्साह है। उनके द्वारा 1 दिसंबर से 25 दिनों का व्रत शुरू कर दिया गया था और घरों में पूजा अर्चना भी शुरू हो गई थी, लोग क्रिसमस त्यौहार को लेकर अपने घरों को सजाने संवारने में जुटे हुए हैं। सभी के द्वारा घरों पर कंडील भी लगायी गयी हैं। बुधवार की रात रोमन कैथोलिक समुदाय के लोग प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाएंगे जबकि 25 दिसंबर को सुबह सीएनआई समुदाय के द्वारा यीशु का जन्मदिन मनाया जाएगा। प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज व मैनेजर फादर बिंसन ने सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि क्रिसमस पर्व को लेकर चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जन्म की झाकियां सजाई गयी हैं तथा चर्च व आसपास के क्षेत्र को भी बिजली की रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस पर्व पर सजी धजी क्राइस्ट द किंग चर्च में लगी प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित दिल को छू लेने वाली मनोहारी झांकियों को देखने का शहर वासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेनुसागर का 45वां वार्षिकोत्सव समारोह भरत से भारत की भावनात्मक एवं सांस्कृतिक थीम पर पैराडाइज प्रेक्षागृह रेनुसागर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा, आधुनिकता और विकास यात्रा को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायी उत्सव बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह,विशिष्ट अतिथि एच आर हेड आशीष पांडेय, संचालन हेड मनीष जैन, मेंटीनेंस हेड जगदीश पात्रा एवं आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर आदित्य वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्राचीन ‘भरत’ से आधुनिक ‘भारत’ तक की गौरवशाली यात्रा को नृत्य, नाटक, और दृश्यावली के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया। वही विद्यार्थियों द्वारा शिव तांडव बन्दना, क्रिसमस नृत्य, पिता विषय पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति को अभिभावकों ने खूब सराहा।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी, बैठक में उन्होंने कहा कि विण्ढमगंज-अनपरा मार्ग पर रेडियम लाईट लगायी जाये और ट्रामा सेन्टर की सूचना से सम्बन्धित साईनेंज बोर्ड लगाया जाये, जिससे कि किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति आसानी से ट्रामा सेन्टर तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के हित में चलाये जा रहे वाहनों का प्रापर फिटनेस सुनिश्चित किया जाये और उन वाहनों पर निर्धारित संख्या से अधिक छात्र-छात्राओं को न ले जाय जाये, अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को ले जाते हुए कोई वाहन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर उपसा द्वारा एम्बुलेंस, क्रेन आदि की संख्या बढ़ायी जाये, कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों की चेकिंग की जाये, जिन वाहनों के बाडी के ढाचे में परिवर्तन पाया जाये, ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जाये। चार पहिया वाहन व ट्रक, हाईवा आदि वाहनों के तेज रफ्तार की निगरानी की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले गाड़ियों का चालान की कार्यवाही की जाये और उन ड्राइवरों के वाहन लाईसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने पर दुर्घटना की अधिक संभावना बनी रहती है, उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में घायल व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जिस पर ईलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो, वहीं पर घायल व्यक्ति को ले जाया जाये, जिससे कि समय रहते घायल व्यक्ति को बेहतर ईलाज मिल सके और उसका जीवन सुरक्षित हो सके। इसके लिए बेहतर कार्ययोजना स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनायी जाये। बैठक में उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि गाड़ियों का फिटनेस की जॉच समय-समय पर की जाये और ड्राइवरों के ऑखों की जॉच हेतु कैम्प लगवाया जाये। इस मौके पर चारू द्विवेदी सीओ, राजेश्वर यादव एआरटीओ, शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

दो दिवसीय मिलेट्स किसान मेला महोत्सव आयोजन

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना (न्यूट्रीसीरियल घटक) के अन्तर्गत दो दिवसीय मिलेट्स किसान मेला महोत्सव आयोजन सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र, निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया गया। दिनांक 24.12.2025 को आयोजित मिलेट्स किसान मेला महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माघवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, विधायक, सवायजपुर एवं विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह बब्बन जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा अधिकारी एवं किसानों के साथ अवलोकन किया गया। विधायक द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए और सभी की सेहत को सुधारने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। किसान भाई उसका लाभ उठाकर अपनी आमदनी दोगुना कर रहे है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजने का काम कर रही है। उन्होने कार्यक्रम में आये किसानों को अपनी डायट में श्रीअन्न को शामिल करने का अनुरोध किया गया तथा उसके महत्व को बताया गया। कृषि विभाग हरदोई द्वारा इसके प्रचार-प्रसार के लिए सरहनीय कार्य किया जा रहा है तथा कहा कि आशा करता हूँ कि लोगो की डाइट में भविष्य में श्रीअन्न (मिलेट्स) सम्मिलित हो सकेगा साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रम से उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के कई एफ0पी0ओ0 द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों का स्टाल लगाकर किसानों के मध्य इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर पा रहे है, जिससे किसानों को भी एफ0पी0ओ0 उत्पादों की जानकारी प्राप्त हो रही है तथा उन्हें भी इसके प्रेरणा मिल रही है। अजीत सिंह बब्बन जिलाध्यक्ष, मजपा ने कहा कि कषि विभाग, गन्ना विभाग, उधान विभाग, पशुपालन विभाग, एवं मत्स्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाये। अजय कृष्णा, संयुक्त कृषि निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाये। उन्होने किसानों से अपील की कि किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्यक करा ले, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त होता रहे। सतीश कुमार, उप कृषि निदेशक, हरदोई ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ की जानकारी प्रदान की। उक्त के साथ ही सभी किसानो को फॉर्मर रजिस्ट्री के महात्व के बारे में बताते हुये कृषि विभाग या जनसेवा केन्द्र के माध्यम से फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिये आग्रह किया। उन्होने किसानों से अपील की किसान भाई अन्न (मिलेट्स) फसलों (ज्वार, बाजरा, कोदो, रागी, सावां आदि) को जरूर उगाये। अन्न (मिलेट्स) की खेती मृदा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। इसकी खेती में सिंचाई एवं उर्वरक की कम आवश्यकता पड़ती है। गौ आधारित खेती के लिए अन्न (मिलेट्स) की फसलों की खेती बहुत ही उपयुक्त है। उन्होने बताया कि किसान भाई अपने खेत के कुछ हिस्से में रागी, सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा, आदि फसलों का समावेश जरूर करे। मिलेट्स फसलों में कम पानी, कम खाद उर्वरक, एवं कम कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है, जिससे खेती की लागत में कमी एवं आमदनी अधिक होती है तथा खेत की उत्पादन क्षमता बढ़ जाती है। इन्द्रजीत यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, हरदोई द्वारा किसानों को रबी फसलो में खरपतवार नियन्त्रण एवं कीट रोग की पहचान और उनके आई0पी0एम0 विधि से नियन्त्रण के सम्बन्ध विस्तृत जानकारी प्रदान की। डा0 निधि राठौर, भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को भूमि संरक्षण एवं खेत-तालाब की योजना के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी।

पीएम आज करेंगे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

■ किले में तब्दील हुई राजधानी
■ समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे जिसकी तैयारी स्वास्थ्य , सुरक्षा , नगर विकास सभी विभाग तयारी में जुटे हैं कल होने वाले इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के आगमन को देखते है सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किये हैं राजधानी को क़िले में तब्दील कर दिया गया है आज से ही लखनऊ के हर तरफ फॉर्स की तैनाती हो गयी। उम्मीद जताई जा रही है इसमें लगभग दो लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है परिवहन विभाग ने बसों की विशेष व्यवस्था भी की है। पीएम यहां पर लगी तीन विभूतियों अटल बिहारी वापजेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीन दयाल उपाध्याय की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण भी करेंगे। इन विभूतियों के संस्मरणों को संजोने के लिए बने म्यूजियम का लोकार्पण भी होगा। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री करीब दो बजे आयोजन स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। लोकार्पण के लिए आयोजन स्थल के साथ पूरे शहर को सजाया व संवारा गया है। आयोजन स्थल को भव्य बनाने के लिए कई प्रदेशों से बेहतरीन फूल वाले पौधे मंगाए गए हैं।

प्रेरणा स्थल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमाएं लगी हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल 65 एकड़ में फैला है और इसके निर्माण पर 232 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसका निर्माण दिसंबर 2022 में शुरू हुआ था। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने किया है जिन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण किया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार माटू राम ने पूरा किया है। तीनों विभूतियों की प्रतिमाओं के निर्माण पर 21 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।प्रधानमंत्री सबसे पहले राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं का अनावरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीयता की भावना के संचार के लिए तिरंगा गुब्बारे छोड़े जाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र नायकों को समर्पित म्यूजियम को लोकार्पण करेंगे। वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित गैलरियों को देखेंगे। पहली गैलरी में डिजिटल सिस्टम के जरिये राष्ट्र नायकों का संक्षिप्त जीवन परिचय दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री म्यूजियम परिसर में ही बनाए गए भारत माता, जनसंघ के प्रतीक चिह्न दीपक और सुदर्शन चक्र गैलरी में जाएंगे। राष्ट्र नायकों जुड़ी हुई वस्तुओं को देखने के लिए प्रथम तल पर बनी गैलरी में भी जाएंगे। म्यूजियम से बाहर निकल कर प्रधानमंत्री प्रेरणा स्थल पर बने मंच से कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास के पूरे इलाके पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। हर जगह चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा के लिए 18 पुलिस उपायुक्त, 26 अपर पुलिस उपायुक्त, 80 सहायक पुलिस आयुक्त, 189 इंस्पेक्टर, 1367 दरोगा, 214 महिला दरोगा, 4312 सिपाही, 997 महिला सिपाही, 18 कंपनी पीएसी, 4 कंपनी आरएएफ, 8 बम निरोधक दस्ता, एनएसजी की दो टीमें, एटीएस की एक टीम, एंटी ड्रोन की दो टीमें, एक एंटी माइन टीम, 14 एंटी सबोटाज टीम तैनात की गई है। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी की जा रही है। क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। पुलिस की चार टीमों को रिजर्व में रखा गया है।

शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से केजीएमयू, पीजीआई और लोकबंधु अस्पताल को सेफ हाउस बनाया गया है। लोकबंधु की टीम एयरपोर्ट पर मुस्तैद रहेगी। इसके अलावा एंबुलेंस, प्रधानमंत्री के ब्लड ग्रुप के लाइव डोनर की भी पुख्ता व्यवस्था कर रखी गई है।

डॉ. अनवारुल्लाह को वैज्ञानिक और शोधकर्ता सूची में शामिल किये जाने पर बधाई

लखनऊ। आयशा अफजाल एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी ने कॉलेज ऑफ इंडस्ट्रियल एप्लिकेशंस बेश के फैकल्टी सदस्य डॉ. अनवारुल्लाह खान को विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली दो प्रतिशत वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं की सूची में शामिल किये जाने पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। डॉ. अनवारुल्लाह खान चौक के अब्दुल अजीज रोड निवासी हैं, जिन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. अनवारुल्लाह खान की यह उपलब्धि न केवल कॉलेज ऑफ इंडस्ट्रियल एप्लिकेशंस सोसाइटी बल्कि देश के और प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। विख्यात स्टैनफोर्ड विवि और प्रसिद्ध शोध संस्था एल्सेवियर के संयुक्त डाटा के आधार पर शोधकर्ताओं के वैज्ञानिक योगदान, शोध प्रभाव और अकादमिक निरंतरता को मानकों पर रख यह प्रतिष्ठित सूची हर वर्ष जारी की जाती है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की ओर से इमरान प्रतापगढ़ी ने पेश की चादर

अवधनामा ब्यूरो

अजमेर/लखनऊ। ख्वाजा गरीब नवाज़ के 814वें उर्स के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ओर से सुल्तान-ए-हिंद गरीब नवाज़ की दरगाह पर चादर पेश की गई। बताते चलें कि राजधानी दिल्ली से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी यह पारंपरिक चादर लेकर राजस्थान पहुंचे। कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने सबसे पहले चादर पेश कर मुल्क की खुशहाली,अमनो अमान, भाई चारे की दुआ मांगी और जियारत के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजा से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जायरीन के नाम भेजे संदेश को पढ़ा। अपने संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि इंतहाई अकीदत और एहतराम के साथ मैं ख्वाजा गरीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर के 814वें उर्स मुबारक मौके पर अपनी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जानिब से ख्वाजा की बारगाह में चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकिस्मत पा रहा हूं। ख्याल रहे कि पुरखुलूस जज़्बात और अकीदत के साथ सुल्तान उल हिंद के आस्ताना मुबारक पर चादर चढ़ाई जाती है चादर चढ़ाने का यह हसीन मौका हमारे वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब, कौमी एकता, आपसी भाईचारे, प्यार और मोहब्बत, अदब और रवादारी की अलामत है। इससे पूरी दुनिया में यही पैगाम जाता है कि हिंदुस्तान में कौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़े इंतहाई गहरी हैं। अजमेर में इस विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर उर्स मुबारक के मौके पर सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ चादर पेश करने को उनके साथ PCC अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, CLP टीकाराम जूली सहित विधायकगण और कॉग्रेस के हज़ारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। चादर पेश करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भेजा हुआ संदेश पढ़कर सुनाया और देश में

रौजए फातमैन के मुतवल्ली को हटाया गया

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने सआदतगंज के रुस्तम नगर स्थित रौजए फातमैन में बीते दिनों हुई सीरियल की शूटिंग को लेकर रौजए फातमैन के मुतवल्ली को पद से हटा दिया है। बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिजवी ने बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने रौजए फातमैन में शूटिंग को लेकर रौजए फातमैन की प्रबंध समिति के सचिव अली जामिन जैदी के जवाब से संतुष्ट न होते हुए उनके पद से कार्यमुक्त कर दिया है। इसी के साथ एम.जेड. हैदर को उनके स्थान पर सचिव नियुक्त करते हुए अगली कमेटी के गठन तक काम करने के लिए अधिकृत किया है। जीशान रिजवी ने बताया कि रौजए फातमैन की प्रबंध समिति का कार्यकाल 30 मार्च 2025 को समाप्त हो चुका है लेकिन मुतवल्ली की नियुक्ति न होने की वजह से पूर्व की प्रबंध कमेटी ही रौजे का काम देख रही है।

इमाम अली नकी की शहादत पर मदेहगंज में मजलिस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हजरत इमाम अली नकी (अ.स) की शहादत की याद में शबीह रौजाए सामरा गार वाली कर्बला मदेहगंज में एक मजलिस का आयोजन किया गया। तिलावते कुरआने पाक से शुरू हुई मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम अली नकी (अ.स.) दानशीलता और स्वाभिमान में मशहूर थे और यतीमो के पालन पोषण और फक़ीरों की सहायता में प्रसिद्ध थे। मजलिस के बाद नौहाख्वान मिर्जा अब्बास अली दानिश और सरवर दबीरी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इस मौक़े पर इमाम के ताबूत की जियारत भी कराई गई। इसके बाद अलविदाई मजलिस को मौलानाअम्बर आब्दी ने खिताब करते हुए इमाम की शहादत का जिक्र किया तो अजादारों की आंखें अश्कबार हो गई। मजलिस का आयोजन बज्मे मव्वादत ने किया था। इसी तरह अब्बासिया मस्जिद हसन में आयोजित मजलिस को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने खिताब किया। रौजा ए जन्नतुल बकी सुप्पा बुलाकीअड्डा में मौलाना मिर्जा राशिद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया।

पुलिस को झूठी सूचना देना पड़ा भारी

■ छह पहुंचे सलाखों के पीछे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री पोर्टल जमीन की कब्जेदारी और पुलिस को लूट होने की सूचना देने वाले शातिर खुद ही अपने बूने जाल में फंस गए। गोसाईगंज पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद झूठी कहानी गढ़ने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह लोग एक-दो बार नहीं कईयो बार जमीन पर कब्जा और लूट की खबर देख पुलिस को गुमराह किया साथ ही व्यस्त खाकी वर्दी वालों का समय भी बर्बाद किया। फिल्म हेराफेरी की तरह आरोपियों ने खूब पुलिस को छकाया, लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि कानून के शिकंजे से कोई बच नहीं सकता। इंस्पेक्टर गोसाईगंज डीके सिंह की टीम ने झूठी सूचना देने वालों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। बताते चलें कि गोसाईगंज क्षेत्र स्थित देहरामऊ गांव निवासी राधेलाल, उपरोक्त निवासी विपत्ति, बीरमपुर गांव निवासी विपिन, गोसाईगंज क्षेत्र स्थित बीरमपुर गांव निवासी गोविंद, उपरोक्त निवासी शंभु व गोसाईगंज क्षेत्र के सुरियामऊ गांव निवासी राजकुमार ने झूठी कहानी गढ़कर खूब पुलिस को छकाया। कभी मुख्यमंत्री पोर्टल (जनसुनवाई) तो कभी पुलिस को लूट पाट होने की खबर दी। इस सूचना पर पुलिस हरकत में आकर मौके पर पहुंचती तो सूचना देने वाले भाग निकलते थे। मानो गोसाईगंज पुलिस कई दिनों तक इनकी झूठी कहानी के पीछे-पीछे दौड़ती रही, कहावत नहीं बल्कि हकीकत है अपराधी अपराध करता है, लेकिन मौका-ए-वारदात पर कुछ न कुछ सबूत जरूर छोड़ जाता है।

इंस्पेक्टर गोसाईगंज डीके सिंह के मुताबिक मामले की गहनता से छानबीन की गई तो सच सामने आ गया। उन्होंने बताया कि दो लोगों द्वारा बार-बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर गलत सूचना दर्ज कराया जा रहा था। पुलिस ने जांच-पड़ताल की तो पता चला कि दुकान पर दाल खरीदने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद एक-दूसरे को फंसाने की साज़िश रचा।

इंस्पेक्टर के मुताबिक 24 दिसंबर 2025 को आरोपी आरोपी विपिन सूचना देकर बताया कि उसके मित्र गोविंद व शंभु ने लूटपाट की है। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि तीनों आरोपी एक ही गांव के निवासी हैं और शराब के नशे में धूत होकर पुलिस को झूठी सूचना दी।

एक आरोपी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर जमीन की कब्जेदारी को लेकर सूचना दर्ज करा दिया। मामला मुख्यमंत्री पोर्टल का होने पर पुलिस सक्रिय हुई और गहनता से छानबीन की तो पता चला सबकुछ झूठ है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी आरोपियों ने शातिराना दिमाग लगाया, लेकिन पुलिस की जांच-पड़ताल के बाद सभी झूठे आरोपी पहुंच गए सलाखों के पीछे।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन, लखनऊ में शिक्षा सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, पति समेत तीन पर केस दर्ज

लखनऊ। राजधानी के काकोरी क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता सोनी देवी ने अपने पति नीरज दीक्षित, सास तारा दीक्षित और देवर निलेश दीक्षित के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी शादी फरवरी 2022 में शाहजहाँपुर निवासी नीरज दीक्षित के साथ हुई थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने कम दहेज का ताना देकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। तहरीर के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा पीड़िता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पीड़िता का स्त्री धन छीन लिया और मायके से 1,00,000 रुपये और लाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पुलिस ने सुलह-समझौते का प्रयास किया, लेकिन मीडिएशन की प्रक्रिया विफल रहने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

जन औषधि केंद्र की तरह खुलेंगे पशु औषधि विक्रय केंद्र

■ हर ब्लॉक में एक पशु औषधि विक्रय केंद्र खोलने की योजना

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पशुओं के इलाज को भी सस्ता करने लिए सरकार की योजना के तहत अब जनऔषधि केंद्र की तरह ही पशु औषघि विक्रय केंद्र की स्थापना की तैयारी में है। प्रदेश में पशुओं के इलाज के लिए यूं तो सरकारी पशु चिकित्सालय भी हैं। यहां पशुओं का मुफ्त इलाज होता है, लेकिन निजी क्षेत्र में इलाज करवाना काफी महंगा है। निजी वेटनरी स्टोर पर दवाएं काफी महंगी मिलती हैं। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने जन औषधि केंद्रों की तरह पशु औषधि केंद्रविकय केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए नियम और शर्ते भी जारी कर दी हैं।। शुरुआत में हर ब्लॉक में एक पशु औषधि विक्रय केंद्र खोलने की योजना है। इसके लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं। केंद्र खोलने की लिए पूरी गाइडलाइन भी राज्य सरकारों को भेजी गई है। पशु औषधि विक्रय केंद्र सरकार की तय कंपनियों से सस्ती दर पर दवा खरीद सकेंगी। दवा की दर पर 20 प्रतिशत मुनाफा केंद्र संचालक ले सकेंगे। विक्रय केंद्र खोलने के लिए सरकार शुरुआत में 1.50 लाख रुपये का अनुदान देगी। आकांक्षी ब्लॉक, आकांक्षी जिलों, पूर्वोत्तर के हिमालयन क्षेत्रों में केंद्र खोलने के लिए लगने वाली लागत की प्रतिपूर्ति करेगी। आवेदन ऑनलाइन किए जा सकेंगे।

कांग्रेस पिछड़ों और दलितों के हक की लड़ाई में डटी रहेगी : सीपी राय

■ एस.सी. को 1446 और एसटी को मात्र 150 पद मिले

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस ने प्रदेश में हालिया लेखपाल भर्ती में आरक्षण नियमों के घोर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पिछड़ों और दलितों के हक की लड़ाई में डटी रहेगी। पार्टी के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने यूपी एसएसएससी की ओर से जारी 7994 पदों के विज्ञापन में ओबीसी को 27 प्रतिशत के बजाए मात्र 1441 पद लगभगत 18 प्रतिशत पद दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे करीब 717 ओबीसी पदों की हकमारी हुई है। डॉ. राय ने कहा कि एस.सी. को 1446 और एसटी को मात्र 150 पद मिले, जबकि सामान्य वर्ग को 4156 पद आवंटित किये गये। यह आरक्षण घोटाला भाजपा सरकार की पिछड़ा-दलित विरोधी नीतियों को उजागर करता है। इसी तरह उच्च शिक्षा में भी हालत बदतर है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी के 66.8 प्रतिशत एस.सी. के 54.4 प्रतिशत और एस.टी. के 58 प्रतिशत आरक्षित शिक्षक पद खाली पड़े हैं। प्रदेश के कॉलेजों और विवि में रोस्टर का पालन नहीं हो रहा और बैकलॉग पद जानबूझ कर खाली रखे जा रहे हैं। डॉ. राय ने कहा कि पहले की 69,000 सहायक शिक्षक भर्ती में भी ओबीसी को 27 प्रतिशत की जगह मात्र 3.86 प्रतिशत और एस.सी. को 21 प्रतिशत की जगह 16.6 प्रतिशत आरक्षण मिला, जिसमें 19,000 सीटों पर घोटाला साबित हुआ। डॉ. राय ने भाजपा को समर्थन देने वाले निषाद और राजभर समाज के नेता और जयंत चौधरी और भाजपा के पिछड़े वर्ग के मंत्री-विधायकों पर इस मामले में पूरी तरह खामोश रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग सत्ता के लालच में अपने समाज को धोखा दे रहे हैं। देश का पिछड़ा और दलित वर्ग इस विश्वासघात को नहीं भूलेगा और चुनाव में भाजपा और इन नेताओं से इस अन्याय का हिसाब लेगा। कांग्रेस दलित-पिछड़ों के हक की लड़ाई में डटी रहेगी।

एसआइआर में बचे दो दिन, आज भी होगा काम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया को पूरा कराने में दो दिन शेष बचे हैं हालाँकि चर्चा है की एक बार फिर इसकी तिथि आगे बधाई जा सकती है लेकिन अभी तक इसकी कहीं से पुष्टि नहीं है आयोग ने कल क्रिसमस के दिन भी इस प्रक्रिया को जारी रखने को कहा है। म जिलों में इसको लेकर विशेष कैंपों का आयोजन किया गया है। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात रखा गया है। साथ ही, तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बीएलए एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने और जमा करने के कार्य में जुटे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तक ने तमाम जनप्रतिनिधियों को इस कार्य में जुटने का आह्वान किया था। इसका असर होता दिख रहा है। हालांकि, अगर अब भी आपने अपना गणना फॉर्म जमा नहीं किया है तो आप 26 दिसंबर तक प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी व्यवस्था की गई है। अब तक हुए एसआईआर में बड़ी संख्या में मृत, डुप्लीकेट और विस्थापित वोटर मिले हैं। कैंट, मध्य और उत्तर क्षेत्र विधानसभा में इस तरह के सबसे ज्यादा वोटर पाए गए हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों मलिहाबाद, मोहनलालगंज और बख्शी का तालाब में यह आंकड़ा काफी बेहतर है सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर का कहना है कि दो दिन में प्रयास रहेगा कि जो लोग किसी वजह से फार्म नहीं भर पाए हैं वह बीएलओ से संपर्क करें। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के बड़े आकार और बड़ी मतदाता संख्या को देखते हुए एसआईआर फॉर्म भरने की तिथि में बदलाव किया था। पहले 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना फॉर्म भरकर जमा कराए जाने थे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुरोध पर पहले एक सप्ताह तिथि आगे बढ़ाई गई। इसके बाद चुनाव आयोग ने 26 जनवरी तक गणना फॉर्म जमा कराने की डेट तय कर दी। दरअसल, गणना फॉर्म जमा करने को लेकर बीएलओ पर अधिक दबाव और तनाव की रिपोर्ट्स सामने आ रही थी। चुनाव आयोग ने 31 दिसंबर को इसके आधार पर ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करने का निर्णय लिया है। राजधानी लखनऊ में सत्यापन के बाद अब तक मलिहाबाद 82.42 प्रतिशत के साथ पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर भी मोहनलालगंज विधानसभा है जहां 82.24 प्रतिशत मतदाताओं के फार्म का डिजिटाइजेशन हो गया है। बख्शी का तालाब विधानसभा में 77.80 प्रतिशत, लखनऊ पश्चिम में 69.58 और पूर्व में 62.12 प्रतिशत मतदाता सत्यापन पूरा कर लिया गया है। मतदाता सूची में सबसे बड़ी संख्या में विस्थापित वोटर पाए गए हैं जो सूची से बाहर होंगे। ऐसे वोटरों की संख्या अब करीब पौने छह लाख हो गई है। यदि कहीं पर कोई दिक्कत आ रही है तो हेल्प लाइन नंबर भी जारी किये गए हैं

बीआरसी पर करें संपर्क

0522-1950 हेल्पलाइन नंबर ,तहसील कार्यालय मलिहाबाद 0521-2211038,राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज हनीमैन-0522-2727919 गोल मार्केट एलडीए कालोनी कानपुर रोड- 0522-7960851 आटीआइ अलीगंज 0522-2339875
विकास भवन इदिरानगर - 0522-2355617 कार्यालय जिला पंचायत कैसरबाग-0522-2629876 कांशीराम ग्रीन इको गार्डेन 0522-2979743 तहसील कार्यालय मोहनलालगंज-0522-2979743

तीन दिवसीय राज्य युवा उत्सव का आज हुआ समापन

लखनऊ। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 03 दिवसीय राज्य युवा उत्सव का समापन कार्यक्रम दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ के ज्यूपिटर हॉल में किया गया। इस 03 दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों के जनपदों से आए हुए युवा प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता कर अपनी प्रतिभा, तकनीकी कौशल एवं नवोन्मेषी विचारों से परिपूर्ण कलाओं/प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष लगभग 600 युवाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं जीवन कौशल की विधाओं में प्रतिभाग किया गया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजयी युवाओं द्वारा दिनांक 08 जनवरी, 2026 से 12 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग किया जाएगा। राज्य युवा उत्सव के इस कार्यक्रम ने युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच सांझा करने का कार्य किया, जिसमें एक ओर उन्हें अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

क्रिसमस को लेकर रहेगा डायवर्जन

तीन बजे से हजरतगंज में नो एंट्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। क्रिसमस के मद्देनज़र कल बृहस्पतिवार को राजधानी के हज़रतगंज के महात्मा गाँधी मार्ग पर तीन बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक यातायात डाइवर्जन रहेगा। आपात स्थिति में लोग यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9454405155 पर भी फोन कर सकते हैं। हजरतगंज चौराहे से अल्का तिराहा और मेफेयर तिराहा, अल्का तिराहे से बैंक आफ इंडिया तिराहे तक सड़क पर वाहन की पार्किंग भी पूरी तरह से प्रतिबंधित होगी। कार्यक्रम में आने वाले वाहन सेंट फ्रांसिस स्कूल के अंदर और सड़क के किनारे एक लाइन में पार्क किए जाएंगे। मल्टीलेवल पार्किंग में भी वाहनों को पार्क किया जा सकता है। इन मार्गो पर रुट डाइवर्जन रहेगा सुभाष/परिवर्तन चौक चौराहे से सामान्य यातायात मेफेयर, अल्का होते हुये हजरतगंज चौराहे की ओर नहीं जाएगा। इसे अशोक लाट चौराहा, कैसरबाग, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा, चिरैयाझील से सिकन्दरबाग, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर भेजा जाएगा। के डी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहे से सामान्य यातायात हिन्दी संस्थान की ओर नहीं जाएगा। इसे स्टेट बैंक तिराहा, चिरैयाझील से सहारागंज, सिकन्दरबाग या संकल्प वाटिका ओवरब्रिज की तरफ से रवाना किया जाएगा। हिन्दी संस्थान से सामान्य यातायात मेफेयर की ओर नहीं आ सकेगा बल्कि यह चिरैयाझील से सहारागंज, सिकन्दरबाग या संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। मेफेयर तिराहे से सामान्य यातायात अल्का तिराहे की ओर नहीं आ सकेगा। इसे लालबाग चौराहा या बाल्मिकी तिराहा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा होकर भेजा जाएगा। अल्का तिराहे से सामान्य यातायात बैंक आफ इंडिया तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेफेयर तिराहा या बाल्मिकी तिराहा होकर भेजा जाएगा। बैंक आफ इंडिया तिराहा/लीला टाकीज तिराहे से सामान्य यातायात अल्का या कैथेड्रिल स्कूल की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह नवल किशोर रोड/लारेन्स टेरेन्स कालोनी होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। हजरतगंज चौराहे से अल्का, मेफेयर की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात सिकन्दरबाग या कैपिटल तिराहा होकर रवाना किया जाएगा। मेफेयर तिराहे से अल्का तिराहा/बैंक आफ इंडिया तिराहे से शाहनजफ रोड मजार चौराहा के बीच वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।